दैनिक
नव प्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 2 | देश विदेश 4 | अभिव्यक्ति 11 | कारोबार/खेल

बिलासपुर, बुधवार, 23 अप्रैल 2025 | शुक्ल पक्ष-नवमी, विक्रम संवत -2082 / वर्ष-11 अंक- 13 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए | रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित, www.navpradesh.com

औद्योगिक विकास की नई उड़ान: निवेशकों से मिलेंगे सीएम, कपड़ा और इस्पात उद्योग को मिलेगा प्रोत्साहन

■ मुंबई में आयोजित वस्त्र-इस्पात उद्योग एग्ज़िबिशन में शामिल होंगे सीएम

■ गोरेगांव स्थित बॉम्बे एग्जिबिशन सेंटर में भी होंगे शामिल

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय 23 और 24 अप्रैल को देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में आयोजित वस्त्र और इस्पात उद्योग के दो प्रतिष्ठित राष्ट्रीय आयोजनों में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री साय इन अवसरों पर राज्य की नई औद्योगिक नीति, निवेश की संभावनाएं और अधोसंरचना विकास के विजन को देशभर के उद्योगपतियों और नीति निर्माताओं के समक्ष प्रस्तुत करेंगे। यह आयोजन मुंबई के गोरेगांव स्थित बॉम्बे एग्ज़िबिशन सेंटर में होंगे।

टेक्सटाइल सेक्टर के निवेशकों से संवाद

मुख्यमंत्री साय 23 अप्रैल, बुधवार को CMAI Fab Show में भाग लेंगे। जिसे क्लोथिंग मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित किया गया है। यह शो देश के वस्त्र उद्योग से जुड़े दिग्गजों का प्रमुख प्लेटफॉर्म है। जहां उत्पाद, निर्यात और ब्रांडिंग से जुड़े प्रतिष्ठित प्रतिनिधि शामिल होते हैं। मुख्यमंत्री इस मंच से छत्तीसगढ़ की नई औद्योगिक नीति में वस्त्र उद्योग के लिए उपलब्ध विशेष सुविधाओं, प्रोत्साहनों और निवेश के अवसरों की जानकारी साझा करेंगे। इस दौरान कुछ प्रमुख कंपनियों के साथ निवेश समझौतों पर हस्ताक्षर की भी संभावना है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपस्थिति में होगा छत्तीसगढ़ का प्रस्तुतीकरण

मुख्यमंत्री साय 24 अप्रैल को इंडिया स्टील 2025 के उद्घाटन समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होंगे। इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़ेंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री साय छत्तीसगढ़ की नई औद्योगिक नीति के तहत इस्पात उद्योग के लिए विकसित अधोसंरचना, नवाचार और दीर्घकालिक योजनाओं पर प्रकाश डालेंगे। इस दिन छत्तीसगढ़ राउंड टेबल मीटिंग का आयोजन भी होगा। जिसमें मुख्यमंत्री संभावित निवेशकों के साथ सीधी बातचीत करेंगे। इस बैठक में औद्योगिक क्लस्टर्स, लॉजिस्टिक सपोर्ट, सिंगल विंडो क्लियरेंस सिस्टम और अनुकूल श्रमिक नीति जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा की जाएगी।

राज्य पवेलियन में झलकेगा नया छत्तीसगढ़

मुख्यमंत्री साय छत्तीसगढ़ स्टेट पवेलियन का भी भ्रमण करेंगे, जहां राज्य की औद्योगिक अधोसंरचना, नीतिगत प्रोत्साहन, और निवेश के बहुआयामी अवसरों की जानकारी मिलेगी। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

आज बेबाक

इसे ही कहते हैं कि उल्टा चोर कोतवाल को डांटे। बंगाल सुलग रहा है और उस पर पानी डालने की जगह पेट्रोल छिड़का जा रहा है। ऐसा कौन कर रहा है और क्यों कर रहा है यह किसी से छिपा नहीं है। बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी नीरो की तरह बंशी बजा रही है। ऊपर से वह इस हिंसा के लिए भाजपा और आरएसएस को जिम्मेदार ठहरा रही हैं। वे अरविंद केजरीवाल के नक्शे कदम पर चल रही है। अपनी सरकार की नाकामी का ठिकरा केन्द्र पर फोड़कर वे अपनी जिम्मेदारी से बच नहीं सकती। ये पब्लिक है सब जानती है।

फिल्म डॉयरेक्टर अनुराग कश्यप पर रायपुर में केस दर्ज

रायपुर/नवप्रदेश। फिल्म डायरेक्टर अनुराग कश्यप पर ब्राह्मण समुदाय के बारे में टिप्पणी को लेकर उनके खिलाफ रायपुर में शिकायत दर्ज की गई है। यह कार्रवाई पंडित नीलकंठ त्रिपाठी की शिकायत पर की गई है। बता दें कि इससे पहले इंदौर में भी इस मामले के विरोध में नारेबाजी हुई, और उनका पुतला इंदौर की खान नदी में जल समाधि में दे दिया गया था। मामला पूरी तरह से अनुराग कश्यप के कथित तौर पर ब्राह्मण समाज के लिए गलत भाषा का इस्तेमाल किए जाने पर टिका है। इस विवाद के बाद, ब्राह्मण समाज में रोष है। गाजियाबाद में महासभा की बैठक आयोजित की गई है, जिसमें कश्यप के खिलाफ एफआईआर की मांग की गई है। रामपुर में भी ब्राह्मण समाज ने उनके बयान की निंदा की और कानूनी कार्रवाई की मांग की।

बीजापुर मुठभेड़-तीन लाख का इनामी माओवादी ढेर

बीजापुर/नवप्रदेश। जिले के बेदरे थाना क्षेत्र के अंतर्गत केरपे-तोड़समपारा के जंगल में सुरक्षा बलों के साथ हुई मुठभेड़ में सोमवार को एक हार्डकोर माओवादी मारा गया। मारे गए माओवादी की पहचान गुण्डीपुरी आरपीसी के मिलिशिया प्लाटून कमांडर वेल्ला वाचम के रूप में हुई है, जिस पर तीन लाख रुपये का इनाम घोषित था। वह अम्बेली ब्लास्ट की घटना में भी शामिल था। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, बेदरे थाना और छसबल 7वीं वाहिनी ई कंपनी कैंप नुगुर का संयुक्त बल माओवादी विरोधी अभियान पर निकला था। शाम लगभग 5.30 बजे जब सुरक्षा बल केरपे और तोड़समपारा के मध्य जंगल में थे, तो घात लगाए माओवादियों ने उन पर अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी।

नासा, स्पेसएक्स ने अंतरिक्ष स्टेशन के लिए पुन: आपूर्ति मिशन शुरू किया

लॉस एंजिल्स (वार्ता)। नेशनल एरोनॉटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन और स्पेसएक्स ने सोमवार को अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन के लिए एक नया वाणिज्यिक पुनः आपूर्ति सेवा मिशन शुरू किया। स्पेसएक्स ड्रैगन अंतरिक्ष यान ने दक्षिण-पूर्वीअमेरिकी राज्य फ्लोरिडा में नासा के कैनेडी स्पेस सेंटर से पूर्वी समयानुसार सुबह 4:15 बजे उड़ान भरी।

शीर्ष 25 उम्मीदवारों में 11 महिलाएं और 14 पुरुष शामिल

यूपीएससी की परीक्षा में प्रदेश के चार अभ्यर्थियों ने लहराया परचम

बिलासपुर की पूर्वा का 65वां रैंक, मुंगेली के अर्पण, बस्तर की मानसी और अंबिकापुर के केशव का चयन

■ यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा 2024 का फाइनल रिजल्ट घोषित

नई दिल्ली/रायपुर/नवप्रदेश। यूपीएससी ने सिविल सेवा परीक्षा 2024 का फाइनल रिजल्ट घोषित कर दिया है। बिलासपुर की रहने वाली पूर्वा अग्रवाल को 65वां रैंक मिला है। मुंगेली के अर्पण चोपड़ा ने 313वां रैंक हासिल किया है। वहीं बस्तर के जगदलपुर की मानसी जैन ने 444वीं रैंक और अंबिकापुर के केशव गर्ग ने 496वीं रैंक हासिल किया है।

पूर्वा अग्रवाल को दो बार मिल चुकी सफलता

बिलासपुर की रहने वाली पूर्वा अग्रवाल ने इस बार 65वीं रैंक हासिल की। इससे पहले यूपीएससी/सीएसई 2023 में वे आईपीएस चयनित हुई थी, उन्हें छत्तीसगढ़ कैडर मिला था। तब उन्हें 2023 में 189वीं रैंक मिली थी. लगातार दो बार सफलता प्राप्त करना पूर्वा की मेहनत और समर्पण को दर्शाता है।

पूर्वा अग्रवाल

अर्पण चोपड़ा

मानसी जैन

केशव गर्ग

कांग्रेस पार्षद का भाई है अर्पण चोपड़ा

मुंगेली के अर्पण चोपड़ा ने पीएससी 2024 के फाइनल रिजल्ट में 313वां रैंक हासिल किया है। अर्पण चोपड़ा मुंगेली नगर पालिका के कांग्रेस पार्षद अभय चोपड़ा के भाई हैं। फिलहाल वो दिल्ली में रहकर पढ़ाई कर रहे हैं।

दूसरी बार में मानसी जैन को मिली सफलता

जगदलपुर के निर्मल विद्यालय से पड़ी मानसी जैन ने यूपीएससी क्रैक की है। उन्होंने 444वीं रैंक हासिल कर अपने जिले और पूरे छत्तीसगढ़ को गौरवान्वित किया है. 2014 में वे एमटेक ■ शेष पृष्ठ 6 पर

सिविल सेवा परीक्षा में शक्ति दुबे प्रथम और हर्षिता गोयल दूसरे स्थान पर

नई दिल्ली (वार्ता)। संघ लोक सेवा आयोग की सिविल सेवा परीक्षा में शक्ति दुबे ने प्रथम और हर्षिता गोयल ने दूसरा स्थान हासिल किया है। जबकि डोंगरे अर्चित पराग तीसरे स्थान पर रहे। आयोग ने मंगलवार को परीक्षा का परिणाम घोषित करते हुए बताया कि शीर्ष पांच उम्मीदवारों में से तीन महिलाएं और दो पुरूष हैं। परीक्षा में कुल 1009 उम्मीदवारों (725 पुरुष और 284 महिला) को विभिन्न सेवाओं में नियुक्ति के लिए आयोग द्वारा अनुशंसित किया गया है। इनमें से भारतीय प्रशासनिक सेवा के लिए 180, भारतीय विदेश सेवा के लिए 55, भारतीय पुलिस सेवा के लिए 147 , सेन्ट्रल सर्विस ग्रुप ए के लिए 605 और ग्रुप बी के लिए 142 उम्मीदवार चुने गये हैं। सिविल सेवा (प्रारंभिक) परीक्षा के लिए कुल 9,92,599 उम्मीदवारों ने आवेदन किया था, जिनमें से 5,83,213 उम्मीदवार ■ शेष पृष्ठ 6 पर

बायसरन में आतंकियों ने पर्यटकों पर किया हमला

एक पर्यटक की मौत, 20 घायल शाह बोले- बख्शे नहीं जाएंगे

■ पीएम ने गृहमंत्री को कश्मीर जाने के दिए निर्देश

नई दिल्ली(ए.)। जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए भीषण हमले में एक पर्यटक की मौत हो गई है। 12 लोग घायल बताए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से फोन पर बातचीत की और उनसे सभी उचित कदम उठाने को कहा है। इसके साथ प्रधानमंत्री ने गृह मंत्री से घटनास्थल का दौरा करने को भी कहा है। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले पर केंद्रीय गृह ■ शेष पृष्ठ 6 पर

आतंकियों ने धर्म पूछ-पूछकर मारी गोली

पहलगाम (ए.)। जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले के पहलगाम में मंगलवार को हुए आतंकी हमले में एक बेहद ही दिल दहला देना वाला वीडियो सामने आया है। वीडियो इतना भयावह है कि हम आपको दिखा नहीं सकते लेकिन जो बात वीडियो में कही गई है वो बता रहे हैं। एक महिला रोती हुई मदद मांग रही है वह वहां मौजूद किसी स्थानीय व्यक्ति से कह रही है कि आतंकी धर्म पूछ-पूछकर लोगों को गोली मार रहे थे।

ये मुस्लिम नहीं और मार दी गोली

मैं और मेरे पति यहां पर बैठकर भेल खा रहे थे। इस बीच आतंकी आते हैं और कहते हैं ये मुस्लिम नहीं लग रहे, इन्हें मार दो और मेरे पति को गोली मार दी।

अमित शाह ने बुलाई बैठक

मंगलवार दोपहर पहलगाम के बेसरण में आतंकियों ने पर्यटकों और स्थानीय लोगों पर अंधाधुंध फायरिंग की। इस हमले में कई लोगों की मौत हो गई और कम से कम 20 लोग घायल बताए जा रहे हैं। जिनमें पर्यटक और स्थानीय शामिल हैं। वहीं दूसरी ओर गृह मंत्री अमित शाह ने आपात बैठक बुलाई है। बैठक में कई शीर्ष अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं। बताया जा रहा है कि जम्मू-कश्मीर के डीजीपी वर्चुअली इस बैठक से जुड़े थे।

राजधानी ट्रैवल्स कर्मी की बदसलूकी

बिलासपुर से बीजापुर जा रहे यात्रियों को रायपुर में उतारा

बीजापुर /नवप्रदेश । राजधानी ट्रैवल्स की एक बस सेवा पर गंभीर आरोप लगे हैं। बिलासपुर से बीजापुर जा रहे यात्रियों, जिनमें तीन महिलाएं और एक सात वर्षीय बच्चा शामिल थे, को कथित तौर पर रायपुर में जबरदस्ती उतार दिया गया। यात्रियों के पास प्रति व्यक्ति 1150 रुपये का वैध टिकट मौजूद था।

विधायक विक्रम मंडावी ने परमिट निरस्त करने की मांग की

इस घटना पर क्षोभ व्यक्त करते हुए बीजापुर के विधायक विक्रम मंडावी ने राज्य परिवहन प्राधिकार के सचिव को पत्र लिखकर राजधानी ट्रैवल्स की इस बस सेवा का परमिट निरस्त करने की मांग की है। अपने पत्र में विधायक मंडावी ने कहा है कि यह अक्सर देखा जा रहा है कि बस सेवा से जुड़े एजेंट यात्रियों के साथ बदसलूकी करते हैं और शासन द्वारा निर्धारित किराए से कहीं अधिक वसूली करते हैं, जिससे यात्री परेशान होते हैं और मजबूरी में इन बसों में सफर करते हैं। उन्होंने इस घटना को यात्रियों और उनके परिवारों के लिए अत्यंत निराशाजनक बताया है।

संसद ही सर्वोपरि: उपराष्ट्रपति

न्यायपालिका बनाम कार्यपालिका की बहस के बीच उपराष्ट्रपति का बड़ा बयान

नई दिल्ली(ए.)। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने एक बार फिर न्यायपालिका बनाम कार्यपालिका बहस के बीच सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि संसद ही सर्वोपरि है। हर सांविधानिक पदाधिकारी द्वारा बोला गया प्रत्येक शब्द सर्वोच्च राष्ट्रीय हित से जुड़ा होता है। दिल्ली विवि में एक कार्यक्रम में न्यायिक अधिकारों के अतिक्रमण पर सुप्रीम कोर्ट को घेरा। उन्होंने कहा कि संविधान कैसा होगा, ये वही तय करेंगे जो चुनकर आए हैं। इसके ऊपर कोई नहीं होगा। संसद सर्वोपरि है। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट की दो टिप्पिणयों का हवाला दिया। इसमें गोरकनाथ मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने कहा था कि प्रस्तावना संविधान का हिस्सा नहीं है।

दो दिवसीय दौरे पर जेद्दा पहुंचे मोदी

पहलगाम हमले पर बोले-नापाक एजेंडा कभी सफल नहीं होगा

जेद्दा (ए.)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दोदिवसीय दौरे के तहत सऊदी अरब के जेद्दा पहुंच गए हैं। वहीं उनके जेद्दा पहुंचने पर एक स्थानीय शख्स ने उनके स्वागत में भारतीय गीत ऐ वतन, ऐ वतन... गाया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सऊदी अरब की दो दिवसीय राजकीय यात्रा के लिए जेद्दा पहुंचे, इस दौरान उनका स्वागत 21 तोपों की सलामी के साथ किया गया।

पीएम मोदी ने हमले की निंदा करते हुए दुख जताया है। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट में लिखा- मैं जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले की कड़ी निंदा करता हूं। जिन लोगों ने अपने प्रियजनों को खो दिया है, उनके प्रति मेरी संवेदनाएं। मैं प्रार्थना करता हूं कि घायल लोग जल्द से जल्द ठीक हो जाएं। प्रभावित लोगों को हर संभव सहायता प्रदान की जा रही है।

जघन्य कृत्य के पीछे हो भी हो बख्शा नहीं जाएगा :मोदी

पीएम मोदी ने आगे लिखा- इस जघन्य कृत्य के पीछे जो लोग हैं, उन्हें न्याय के कटघरे में लाया जाएगा...उन्हें बख्शा नहीं जाएगा! उनका नापाक एजेंडा कभी सफल नहीं होगा। आतंकवाद से लड़ने का हमारा संकल्प अडिग है और यह और भी मजबूत होगा।

गरमा-गरम

सियासत | *नेशनल हेराल्ड से भाजपा भी उतनी ही चिढ़ती है जितना अंग्रेज चिढ़ते थे : श्रीनेत*

वक्फ और नेशनल हेराल्ड को लेकर भाजपा-कांग्रेस में घमासान

राजनीति के लिए संविधान का उपयोग कर रही कांग्रेस: विजयवर्गीय

रायपुर/नवप्रदेश। मध्यप्रदेश के मंत्री कैलाश विजयवर्गीय छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर पहुंचे। इसी बीच अब उनका बयान सामने आया है। जिसमें उन्होंने कांग्रेस पर जमकर हमला बोला है। साथ ही कई विषयों को लेकर अपनी बात रखी है। मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने एक देश एक चुनाव के लिए जेपीसी की बैठक मामले में कहा- बार-बार चुनाव होते हैं तो देश के विकास में बहुत रुकावट आती है। एक साथ चुनाव होगा तो शासकीय धन की बचत होगी। मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहाः देश में ब्लैकमनी का चलन भी काम होगा। वफ्फ कानून को लेकर बीजेपी देशभर में अभियान चला रही है। मुस्लिम समझने लगे हैं वफ्फ कानून हमारे हित का है। कुछ लोग जमीन का व्यापार करते थे। बहुत सारे ■ शेष पृष्ठ 6 पर

बंगाल हिंसा पर बोले विजयवर्गीय

बंगाल हिंसा पर मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा- बंगाल में प्रायोजित दंगे हो रहे हैं। बंगाल को हिंदू विहीन करने का प्रयास है। ममता बनर्जी को देश की चिंता नहीं है। बांग्लादेशी घुसपैठियों को बंगाल में स्थान दिया जा रहा है। जिसकी गलत गतिविधियों में बांग्लादेशी शामिल होते हैं। इस मामले को लेकर केंद्र सरकार गंभीर है। चुनाव प्रणाली पर कांग्रेस और राहुल गांधी के बयान को लेकर कहा- जहां जीत होती है, वहां सवाल नहीं। जहां हारे वहां सवाल उठाना, कांग्रेस का दोहरा चरित्र है। जनता इसे समझ रही है। इसलिए कांग्रेस को हर जगह नकार रही है।

भाजपा पूरे देश में झूठ बोल रही है, हमें सच कहना होगा: सुप्रिया

रायपुर/नवप्रदेश। नेशनल हेराल्ड केस में अपने शीर्ष नेताओं सोनिया और राहुल गांधी पर चार्जशीट पेश होने के खिलाफ कांग्रेस पार्टी आज देशभर के कई बड़े शहरों में प्रेस कान्फ्रेंस कर रही है। इसी कड़ी में कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता और सोशल मीडिया विभाग की चेयरमैन सुप्रिया श्रीनेत रायपुर पहुंची हैं। सुप्रिया ने रायपुर स्थित राजीव भवन में मीडिया से चर्चा की। नेशनल हेराल्ड के मुद्दे पर उन्होंने भाजपा को आड़े हाथों लिया। साथ ही भाजपा के खिलाफ लड़ने वालों पर केस करने का भी आरोप लगाया है।

सुप्रिया श्रीनेत ने कहा- भाजपा पूरे देश में झूठ बोल रही है, हमें सच कहना होगा। नेशनल हेराल्ड के मुद्दे पर फर्जी चार्जशीट दायर की गई। ईडी को बच्चा- बच्चा इलेक्शन डिपार्टमेंट बता रहा है। 95प्रतिशत केस ईडीके कांग्रेस नेताओं के खिलाफ हैं। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

भाजपा के खिलाफ लड़ने वालों पर हो रहा केस

सुप्रिया श्रीनेत ने कहा- आंख में आंख डालकर भाजपा के खिलाफ लड़ रहे लोगों पर केस हो रहा है। ब्रिटिश हुकूमत भी नेशनल हेराल्ड से उतना ही चिढ़ती थी जितना भाजपा चिढ़ती है। 90 करोड़ का लोन बैंक खातों के माध्यम से दिया गया। कांग्रेस के लोन मामले में निर्वाचन आयोग ने सुनवाई की। आयोग ने पाया कि इसमें कुछ भी गलत नहीं है।

'विकसित भारत केवल सपना नहीं, एक साझा राष्ट्रीय मिशन है' : वित्त मंत्री सीतारमण

एक दशक में भारत सरकार ने किए संरचनात्मक सुधार

नई दिल्ली/सैन फ्रांसिस्को। 2047 तक भारत को विकसित बनाने की यात्रा केवल एक आकांक्षा या सपना नहीं है, बल्कि एक साझा राष्ट्रीय मिशन है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को। में एक कार्यक्रम के दौरान यह बात कही। इस दौरान उन्होंने कहा कि अगले दो दशक में सतत वृद्धि के लिए भारत की कोशिशें एक नए आदर्श पर टिकी है। यह साहसिक सुधारों, बढ़ी हुई घरेलू क्षमताओं और उभरते वैश्विक परिदृश्य के अनुकूल रणनीतिक संस्थागत सहयोग पर आधारित है।

स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी कैलिफोर्निया के हूवर इंस्टीट्यूशन में बोलते हुए वित्त मंत्री ने कहा कि पिछले दो केंद्रीय बजटों ने सभी क्षेत्रों में एक स्पष्ट नीति और एजेंडे के साथ बदलाव का आधार तैयार किया है। वित्त मंत्री के अनुसार, पिछले दशक में सरकार ने संरचनात्मक सुधार किए हैं। 20,000 से अधिक नियमों को युक्तिसंगत बनाया गया है। व्यापार से जुड़े कानूनों को अपराधमुक्त किया गया है और टकराव को कम करने के लिए सार्वजनिक सेवाओं का डिजिटलीकरण किया गया है।

वित्त मंत्री ने आगे कहा कि बुनियादी ढांचे के विकास पर महत्वपूर्ण जोर देने से पिछले 10 वर्षों में निवेशकों का विश्वास मजबूत हुआ है और विनिर्माण आधारित विकास के लिए मजबूत आधार तैयार हुआ। सीतारमण ने कहा कि 2017-18 और 2025-26 के बजट के बीच केंद्र सरकार के पूंजीगत व्यय में चार गुना से अधिक की वृद्धि से यह संभव हुआ। उन्होंने कहा, "विभिन्न राज्य सरकारों की ओर से व्यवसाय सुधार से जुड़ी कार्य योजना के क्रियान्वयन के हमारे अनुभव ने यह जाहिर किया है कि विनियमन में ढील औद्योगिक विकास के लिए एक शक्तिशाली उत्प्रेरक है।"

उन्होंने कहा, "जब हम विकसित भारत की नींव रख रहे हैं, तो हमें वर्तमान वास्तविकताओं को नजरअंदाज किए बिना दीर्घकालिक लक्ष्यों के प्रति प्रतिबद्ध रहना चाहिए। वैश्विक व्यवस्था बदल रही है। इससे चुनौतियां तो पैदा होती ही हैं, अवसर भी मिलते हैं। हमें चुनौतियों से निपटने के लिए तैयार रहना चाहिए और अवसरों का लाभ उठाना चाहिए।"

उन्होंने कहा कि 2047 तक 'विकसित भारत' बनने की भारत की यात्रा महज एक आकांक्षा नहीं है, बल्कि समावेशी, टिकाऊ और नवाचार आधारित विकास के विजन से प्रेरित एक साझा राष्ट्रीय मिशन है। उन्होंने कहा कि महामारी से हुए नुकसान और बैंकिंग संकट के बावजूद, "पिछले दशक में हमारी प्रगति, मजबूत वृहद आर्थिक बुनियादी बातों और स्थिर सुधारों पर आधारित है, जो हमें आगे की राह के लिए आत्मविश्वास और दिशा प्रदान करती है।" उन्होंने कहा कि इसके असर से भारत विश्व की दसवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था से पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है।

भारत को विकसित बनाने के लिए साहसिक सुधारों की जरूरत

वित्त मंत्री ने कहा कि आगे बढ़ते हुए, भारत की विकास गति को बनाए रखने के लिए साहसिक सुधारों और बदलते वैश्विक परिदृश्य के अनुरूप अनुकूलनीय रणनीतियों के नए दृष्टिकोण की जरूरत है। उन्होंने कहा, अगले दो दशकों में भारत की विकास गति को बनाए रखने के लिए साहसिक सुधारों, मजबूत घरेलू क्षमताओं, नई संस्थागत साझेदारियों और उभरते वैश्विक परिदृश्य के अनुकूल दृष्टिकोण की आवश्यकता है। भारत ने 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनने का लक्ष्य रखा है। इस साल देश ब्रिटिश शासन से अपनी स्वतंत्रता के 100वें वर्ष में प्रवेश करेगा।

भारतीय प्रवासियों ने 2018 और 2023 के बीच 72 यूनिकॉर्न बनाए

इंडियास्पोरा और बीसीजी की एक रिपोर्ट का हवाला देते हुए सीतारमण कहा कि पहली पीढ़ी के भारतीय प्रवासियों ने 2018 और 2023 के बीच 72 यूनिकॉर्न की स्थापना की और इन यूनिकॉर्न का मूल्यांकन कम से कम 195 अरब अमेरिकी डॉलर है। इनमें लगभग 55,000 लोगों को रोजगार मिला है। उन्होंने कहा कि भारत में 65 प्रतिशत से अधिक वैश्विक क्षमता केन्द्रों (जीसीसी) का मुख्यालय अमेरिका में है। ये जीसीसी अनुसंधान व विकास, प्रबंधन परामर्श और लेखा परीक्षा जैसे क्षेत्रों में उच्च मूल्यवर्धित, विशिष्ट सेवाएं प्रदान करते हैं।

"वित्त मंत्री ने कहा कि अमेरिका एक परिपक्व स्टार्ट-अप केंद्र है, जो 50-60 वर्षों में विकसित हुआ है, जबकि भारत की स्टार्ट-अप यात्रा अभी शुरुआती दौर में है। उन्होंने कहा, पिछले दशक के दौरान सरकार का ध्यान विनियामक और ढांचागत बाधाओं को दूर करके उद्यमशीलता के जोखिम उठाने की लागत को कम करने पर रहा है।" उन्होंने कहा कि भारत में किए गए कुछ कार्य उल्लेखनीय हैं और इसका एक उदाहरण डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना (डीपीआई) और इसकी सफलता है।

शनिवार को होगा पोप फ्रांसिस का अंतिम संस्कार

रोम। पोप फ्रांसिस का अंतिम संस्कार शनिवार को सुबह होगा। वेटिकन ने अंतिम संस्कार की तैयारी शुरू कर दी है। ताबूत में लेटे पोप फ्रांसिस की पहली तस्वीर सामने आई है। तस्वीर में पोप फ्रांसिस के पास वेटिकन राज्य सचिव प्रार्थना करते नजर आ रहे हैं। वेटिकन के मुताबिक पोप फ्रांसिस का अंतिम संस्कार शनिवार को सुबह 10 बजे किया जाएगा। यह प्रक्रिया कार्डिनल्स कॉलेज के डीन कराएंगे। वहीं कार्डिनल्स ने सेंट पीटर्स बेसिलिका में पोप फ्रांसिस के सार्वजनिक दर्शन बुधवार सुबह से शुरू करने का निर्णय लिया है।

जातिगत टिप्पणी के बाद अनुराग कश्यप का माफीनामा

मुंबई। फिल्म निर्माता-निर्देशन अनुराग कश्यप ने बीते दिनों एक जाति समुदाय पर आपत्तिजनक टिप्पणी की। उनकी इस टिप्पणी पर जमकर विवाद हो रहा है और अनुराग कश्यप की आलोचना हो रही है। अनुराग कश्यप को भी अब अपनी गलती का एहसास हो गया है, जिसके बाद उन्होंने माफी मांगी है। अनुराग कश्यप ने आज मंगलवार को सोशल मीडिया पर पोस्ट साझा कर लिखा है, 'मैं गुस्से में मर्यादा भूल गया'। अनुराग कश्यप ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से आज मंगलवार को एक पोस्ट शेयर किया है। इसमें उन्होंने लिखा है, 'मैं गुस्से में किसी को एक जवाब देने में अपनी मर्यादा भूल गया। और पूरे ब्राह्मण समाज को बुरा बोल डाला। वो समाज, जिसके तमाम लोग मेरी जिंदगी में रहे हैं, आज भी हैं और बहुत योगदान करते हैं। आज वो सब मुझसे आहत हैं। मेरा परिवार मुझसे आहत है। बहुत सारे बुद्धिजीवी, जिनकी मैं इज्जत करता हूं मेरे उस गुस्से में, मेरे बोलने के तरीके से आहत हैं। मैंने खुद ही ऐसी बात करके, अपनी ही बात को मुद्दे से भटका दिया'। अनुराग कश्यप ने आगे लिखा है, 'मैं तहे दिल से माफी मांगता हूं, इस समाज से जिनको मैं ये नहीं कहना चाह रहा था, लेकिन आवेश में किसी की घटिया टिप्पणी का जवाब देते हुए लिख दिया। मैं माफी मांगता हूं अपने उन तमाम सहयोगी दोस्तों से, अपने परिवार से और उस समाज से, अपने बोलने के तरीके के लिए, अभद्र भाषा के लिए। अब आगे से ऐसा न हो, मैं उस पर काम करूंगा। अपने गुस्से पर काम करूंगा। मुद्दे की बात अगर करनी हो तो सही शब्दों का इस्तेमाल करूंगा। आशा है आप मुझे माफकर देंगे'।

गुजरात में प्रशिक्षण विमान दुर्घटनाग्रस्त, पायलट की मौत

अहमदाबाद। गुजरात के अमरेली में प्रशिक्षण विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने की खबर है। पुलिस ने बताया कि हादसे में पायलट की मौत हो गई है। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि एक निजी विमानन अकादमी का प्रशिक्षण विमान मंगलवार दोपहर गुजरात के अमरेली जिले के एक रिहायशी इलाके में दुर्घटनाग्रस्त हो गया और उसमें आग लग गई। हादसे में एक प्रशिक्षु पायलट की मौत हो गई। बताया गया कि विमान एक पेड़ से टकराकर जमीन पर जा गिरा। अमरेली के पुलिस अधीक्षक संजय खराट ने बताया कि विमान दोपहर करीब 12:30 बजे अमरेली शहर के गिरिया रोड इलाके में एक रिहायशी इलाके में दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिससे प्रशिक्षु पायलट की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के कारण का अब तक पता नहीं चल सका है। उन्होंने बताया कि पायलट अकेले उड़ान भर रहा था। विमान ने अमरेली हवाई अड्डे से उड़ान भरी थी।

ताजमहल की सुरक्षा को लेकर सुप्रीम कोर्ट सख्त

नई दिल्ली। ताजमहल की सुरक्षा को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने बेहद सख्त रुख अपनाया है। यूनेस्को के विश्व धरोहर स्थल में शामिल ताजमहल पर प्रदूषण और औद्योगिक इकाइयों के प्रभाव को लेकर शीर्ष अदालत ने चिंता जताई है। सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रीय पर्यावरण इंजीनियरिंग रिसर्च इंस्टीट्यूट को कांच उद्योग के ताजमहल पर प्रभाव का आकलन करने के लिए कहा है। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुयान की पीठ ने एनईईआरआई को मूल्यांकन पूरा करने की समयसीमा बताते हुए एक हलफनामा दायर करने का निर्देश दिया।

नए वक्फ कानून को लेकर देश में जारी सियासी घमासान के बीच केंद्रीय मंत्री रिजिजू ने गिनाए फायदे

गरीब मुसलमानों को फायदा, लूट पर रोक जरूरी

नई दिल्ली। वक्फ कानून को लेकर केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि भारत में दुनिया की सबसे ज्यादा वक्फसंपत्तियां हैं, करीब 9.72 लाख, लेकिन इनका सही इस्तेमाल नहीं हो रहा। उन्होंने कहा कि इस कानून से अब गरीब मुसलमानों को फायदा पहुंचेगा। साथ ही वक्फ संपत्तियों के दुरुपयोग पर भी रोक लगेगी।

नए वक्फकानून को लेकर देश में जारी सियासी घमासान के बीच केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने मंगलवार को इसके फायदे पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि इस कानून का मकसद गरीब मुसलमानों को फायदा पहुंचाना और वक्फ संपत्तियों की लूट व दुरुपयोग को रोकना है।

देश के हर जमीन का हो सही इस्तेमाल

इसके साथ ही केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने जोर दिया कि देश की हर इंच जमीन का सही इस्तेमाल होना चाहिए और इसमें विवाद नहीं होना चाहिए। गौरतलब है कि वक्फ(संशोधन) विधेयक 3 और 4 अप्रैल को लोकसभा और राज्यसभा में पास हुआ था और 5 अप्रैल को राष्ट्रपति की मंजूरी मिलने के बाद यह कानून बन गया है। इसके बाद से ही विपक्ष और कुछ मुस्लिम लीग द्वारा इस कानून का पुरजोर विरोध किया जा रहा है।

रिजिजू ने आगे बताया कि इस विधेयक में जो बदलाव किए गए हैं, वो पुरानी रिपोर्ट्स जैसे सच्चर समिति और के. रहमान खान समिति की सिफारिशों के आधार पर किए गए हैं। इन रिपोर्ट्स में भी वक्फ संपत्तियों के पारदर्शी और जवाबदेह प्रबंधन की बात कही गई थी।

भारत में दुनिया की सबसे ज्यादा वक्फ संपत्तियां

केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने आगे कहा कि भारत में दुनिया की सबसे ज्यादा वक्फसंपत्तियां हैं, करीब 9.72 लाख, लेकिन इनका सही इस्तेमाल नहीं हो रहा। उन्होंने कहा कि कुछ ताकतवर लोग इन संपत्तियों का दुरुपयोग कर रहे हैं, जबकि इनका उपयोग मुस्लिम समुदाय के कल्याण के लिए होना चाहिए।

कानून के विरोध में दर्जनों याचिकाएं

वहीं मामले में बीते दिनों सुप्रीम कोर्ट में कुल मिलाकर दर्जन से ज्यादा याचिकाएं सुनवाई के लिए सूचीबद्ध की गई हैं। इनमें एसोसिएशन फॉर द प्रोटेक्शन ऑफसिविल राइट्स, अरशद मदनी, समस्त केरल जमीयतुल उलेमा, अंजुम कादरी, तैय्यब खान सलमानी, मोहम्मद शफी, मोहम्मद फजलुर्रहीम और राजद नेता मनोज झा जैसे नाम शामिल हैं। कुछ याचिकाएं अभी रजिस्ट्री में लंबित हैं और उन्हें भी जल्द ही सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया जाएगा।

हम भारत को विश्वस्तरीय डिफेंस उपकरण देना चाहते हैं : जेडी वेंस

जयपुर। अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस अपने परिवार संग चार दिवसीय जयपुर दौरे पर हैं। मंगलवार सुबह नौ बजे जयपुर का आमेर किला देखने पहुंचे। जहां पर विदेशी मेहमानों का अलग ही अंदाज में स्वागत किया गया। आमेर में वेंस फैमिली ने राजस्थानी संस्कृति की झलक देखी। इसके बाद उन्होंने आमेर महल, कांच से बने शीशमहल, पन्ना-मीना कुंड और अनोखी म्यूजियम का दौरा किया। राजधानी जयपुर के RIC में जेडी वेंस ने कहा, इंडिया में मेरी वाइफ उषा मुझसे बड़ी सेलिब्रिटी बन गई है। इंडिया वर्ल्ड क्लास लेबर का सोर्स है। मेरे ग्रांड पेरेंट्स ने मुझे पाल पोस कर बड़ा किया। उन्होंने मिडल टाउन के बारे में बताया, जयपुर बहुत बड़ा है, मैं छोटे कस्बे में बड़ा हुआ। उन्होंने कहा, यूएस एडमिनिस्ट्रेशन ट्रेड पार्टनरशिप करना चाहता है, जो बैलेंस्ड हो।

आलोचक प्रेसिडेंट ट्रंप की ट्रैरिफ पालिसी की आलोचना कर रहे हैं कि ट्रंप ने ट्रेड वॉर शुरू कर दिया है। यह सही नहीं है, जबकि उन्होंने बराबरी के ट्रेड का माहौल बनाया है। वेनिस ने कहा कि यूएस दुनिया में सबसे जुड़ा मिलिट्री एक्सरसाइज करता है। भारत डिफेंस में अमेरिका का सबसे नजदीक और भरोसेमंद पार्टनर है। अमेरिका भारत को विश्व स्तरीय डिफेंस उपकरण देना चाहता है। उन्होंने कहा कि हम फिफ्थ जनरेशन एफ-35 फाइटर प्लेन भारत को देना चाहते हैं। प्रेसिडेंट ट्रंप ने मुझसे कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हार्ड नेगोशिएटर हैं।

'वन नेशन-वन इलेक्शन' देश की जरूरत : दिलीप जायसवाल

पटना(आईएएनएस)। बिहार भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने 'वन नेशन-वन इलेक्शन' को देश की जरूरत बताया। समाचार एजेंसी आईएएनएस से बातचीत में उन्होंने कहा कि साल भर देश में कहीं न कहीं चुनाव होते रहते हैं। चुनाव की घोषणा के साथ ही आचार संहिता लागू हो जाती है, जिससे विकास कार्य रुक जाते हैं। दिलीप जायसवाल ने कहा कि इससे जनता के पैसे और देश की संपत्ति का नुकसान होता है। जायसवाल ने कहा कि अगर एक साथ चुनाव हों, तो देश का धन बचेगा, नेताओं का समय बचेगा और सरकार जनता की आकांक्षाओं पर स्थिरता से काम कर सकेगी। साथ ही विकास के कार्यों को भी गति मिलेगी। उन्होंने बताया कि आजादी के बाद 1967 तक लोकसभा और विधानसभाओं के चुनाव एक साथ होते थे। कांग्रेस के शासन में कई बार आपातकाल और अन्य कारणों से अलग-अलग राज्यों में अलग-अलग समय पर चुनाव होने लगे। जायसवाल ने इसे ÷कांग्रेस का पाप÷ करार देते हुए कहा कि देश की सबसे पुरानी पार्टी ने अलग-अलग राज्यों में राष्ट्रपति शासन लगाया। उन्होंने विश्वास जताया कि देश की 140 करोड़ जनता 'एक देश-एक चुनाव' के विचार का समर्थन करेगी। इस दिशा में अच्छी तैयारी चल रही है। जायसवाल ने कहा कि 24 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बिहार दौरे की जोरदार तैयारी चल रही है।

इसरो के स्पैडेक्स मिशन ने सैटेलाइट की दूसरी डॉकिंग सफलतापूर्वक पूरी की

नई दिल्ली(आईएएनएस)। केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने बताया कि इसरो के स्पैडेक्स मिशन ने सैटेलाइट की दूसरी डॉकिंग सफलतापूर्वक पूरी कर ली है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में केंद्रीय मंत्री ने कहा कि उन्हें यह बताते हुए खुशी हो रही है कि सैटेलाइट की दूसरी डॉकिंग सफलतापूर्वक पूरी हो गई है। उन्होंने आगे बताया, जैसा पहले बताया गया था, पीएसएलवी-सी60/स्पैडेक्स मिशन को 30 दिसंबर 2024 को सफलतापूर्वक लॉन्च किया गया था। इसके बाद सैटेलाइट को पहली बार 16 जनवरी 2025 की सुबह 06:20 बजे सफलतापूर्वक डॉक किया गया और 13 मार्च 2025 की सुबह 09:20 बजे सफलतापूर्वक अनडॉक किया गया। डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि आने वाले दो हफ्तों में कुछ नए प्रयोग किए जाने की योजना है। इस साल जनवरी में स्पैडेक्स मिशन के सैटेलाइट की सफल डॉकिंग के साथ भारत 'स्पेस डॉकिंग टेक्नोलॉजी' में महारत हासिल करने वाला दुनिया का चौथा देश बन गया। डॉकिंग टेक्नोलॉजी को लेकर भारत का नाम अमेरिका, रूस और चीन के बाद आता है। डॉकिंग टेक्नोलॉजी को स्वदेशी रूप से विकसित किया गया है। इसे 'भारतीय डॉकिंग सिस्टम' नाम दिया गया है। इसमें डॉकिंग मैकेनिज्म के जरिए स्पेसक्राफ्ट को एक-दूसरे से जोड़ा जाता है। इस दौरान दोनों एक-दूसरे से कम्युनिकेशन करते हैं और इसके लिए इंटर सैटेलाइट कम्युनिकेशन लिंक का इस्तेमाल किया जाता है। खास बात यह है कि दोनों सैटेलाइट में इनबिल्ट सेंसर्स होते हैं, जो डॉकिंग और अनडॉकिंग के दौरान तमाम अहम जानकारियों को रिकॉर्ड करते हैं और एक-दूसरे के साथ ही जमीन पर कमांड सेंटर में भी ट्रांसफर करते हैं। इससे मिशन के हर सेकंड पर नजर रखी जाती है।इसके अलावा, इसरो ने दो छोटे स्पेसक्राफ्ट द चेजर एसडीएक्स01 और द टारगेट एसडीएक्स02 के विलय की जानकारी दी।

हाईकोर्ट ने 'शरबत जिहाद' बयान पर जताई नाराजगी

कड़ा आदेश देने की चेतावनी

नई दिल्ली। बाबा रामदेव के शरबत जिहाद वाले बयान पर दिल्ली हाईकोर्ट ने जताई नाराजगी। न्यायमूर्ति अमित बंसल ने कड़ा आदेश जारी करने की चेतावनी देते हुए कहा इससे न्यायालय की अंतरात्मा को आघात पहुंचा है, इसका कोई औचित्य नहीं था। अदालत ने रामदेव का प्रतिनिधित्व कर रहे वकील से निर्देश प्राप्त कर अगली सुनवाई में मौजूद रहने का आदेश दिया है। योग गुरु बाबा रामदेव ने तीन अप्रैल को अपने शरबत ब्रांड का प्रचार करते हुए हमदर्द कंपनी के शरबत पर विवादित टिप्पणी की थी।

हमदर्द के वकील ने अदालत को बताया कि हाल ही में पतंजलि के गुलाब शरबत का प्रचार करते हुए रामदेव ने दावा किया था कि हमदर्द के रूह आफ्जा से अर्जित धन का उपयोग मदरसे और मस्जिद बनाने में किया गया। बाद में, रामदेव ने अपनी टिप्पणी का बचाव करते हुए कहा कि उन्होंने किसी ब्रांड या समुदाय का नाम नहीं लिया। हमदर्द का प्रतिनिधित्व करने वाले वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी ने कहा कि यह मामला अपमान से परे है और यह 'सांप्रदायिक विभाजन' पैदा करने का मामला है।

वरिष्ठ वकील ने कहा, 'यह नफरत फैलाने वाला भाषण है। उनका कहना है कि यह शरबत जिहाद है। उन्हें अपना काम जारी रखना चाहिए। वह हमें क्यों परेशान कर रहे हैं?' चूंकि रामदेव के लिए मामले पर बहस करने वाले वकील उपलब्ध नहीं थे, इसलिए अदालत कुछ समय बाद मामले पर फिर से विचार करेगी।

जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ में सड़क धंसने से मिंधल यात्रा प्रभावित

किश्तवाड़(आईएएनएस)। जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ में मिंधल यात्रा के दौरान सड़क धंसने और पत्थर गिरने की समस्या से श्रद्धालु परेशान हैं। नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता मूल राज राठौड़ ने समाचार एजेंसी आईएएनएस को बताया कि भारी विस्फोट और निर्माण कार्यों के कारण सड़क खराब हो रही है। प्रशासन और निर्माण कंपनी ने दो दिन में सड़क को ठीक करने का आश्वासन दिया है। मिंधल यात्रा के लिए श्रद्धालु 100 से 150 रुपए किराया देकर गाड़ियों से किश्तवाड़ पहुंच रहे हैं। लेकिन सड़क धंसने और ऊपर से पत्थर गिरने की वजह से उनकी यात्रा में बाधा आ रही है। पिछले साल भी यात्रा शुरू होने पर ऐसी ही समस्याएं सामने आई थीं। इस साल भी सड़क की स्थिति खराब होने से राजमार्ग प्रभावित हुआ है। उन्होंने कहा कि थोड़ी-सी सड़क धंसने से राजमार्ग पूरी तरह बंद नहीं होगा। राठौड़ ने प्रशासन की तारीफ करते हुए बताया कि तहसीलदार नाक्सनी और अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। प्रशासन ने दो दिन के अंदर सड़क को ठीक करने का वादा किया है। रात के समय भारी मशीनरी लगाकर मरम्मत का काम शुरू कर दिया गया। राठौड़ ने कहा कि सड़क धंसने का कारण निर्माण कंपनियों द्वारा किया जा रहा भारी विस्फोट है, जिससे सड़क कमजोर हो जाती है।

शिक्षक भर्ती विवाद ... चिलचिलाती धूप में 2,000 से अधिक प्रदर्शनकारी एसएससी मुख्यालय के बाहर जमा हुए

शिक्षकों का आंदोलन तेज, ममता बोलीं- काम पर लौटिए, वेतन की व्यवस्था करेंगे

कोलकाता। पश्चिम बंगाल में शिक्षक भर्ती विवाद अब और तेज हो गया है। सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद लगभग 26,000 शिक्षण और गैर-शिक्षण कर्मचारियों की नियुक्तियां रद्द कर दी गईं, जिसके बाद हजारों शिक्षक सड़क पर उतर आए हैं और वेस्ट बंगाल स्कूल सर्विस कमिशन मुख्यालय के बाहर लगातार विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। प्रदर्शनकारियों की मांग है कि आयोग यह स्पष्ट करे कि किसे मेरिट के आधार पर चुना गया और किसे घूस देकर नियुक्त किया गया।

ममता बनर्जी ने आगे कहा कि आप बस ये सोचिए कि आपकी नौकरी बनी हुई है और आपको समय पर वेतन मिलेगा। उन्होंने कहा कि हम आपके साथ हैं। कृपया अपने स्कूल वापस जाएं और पढ़ाई फिर से शुरू करें। मैं इस मुद्दे पर लगातार बात कर रही हूं। आपकी नौकरी फिलहाल सुरक्षित है। इसके साथ ही ममता बनर्जी ने यह भी घोषणा की कि वह मई के पहले सप्ताह में मुर्शिदाबाद के अशांत क्षेत्रों का दौरा करेंगी।

बढ़ते मामले को देखते हुए राज्य के शिक्षा मंत्री ने भी कहा कि योग्य और अयोग्य उम्मीदवारों की सूची जल्द ही जारी की जाएगी। उन्होंने कहा कि दो सप्ताह में यह सूची प्रकाशित कर दी जाएगी। ब्रत्य बसु ने आगे कहा कि प्रदर्शनकारियों से कहा कि हमें ऐसे कदम उठाने के लिए मजबूर न करें जो सुप्रीम कोर्ट में पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा दायर की जाने वाली समीक्षा याचिका को कमजोर कर दें।

गौरतलब है कि चिलचिलाती धूप में करीब 2,000 से अधिक प्रदर्शनकारी एसएससी मुख्यालय के बाहर जमा हो गए। उन्होंने आयोग के अध्यक्ष सिद्धार्थ मजूमदार को भी इमारत के अंदर रोक लिया। प्रदर्शनकारी योग्यता के आधार पर भर्ती किए गए उम्मीदवारों की सूची जारी करने की मांग कर रहे हैं, साथ ही उन आरोपों की जांच करने की भी मांग कर रहे हैं, जिनके तहत कुछ उम्मीदवारों ने कथित तौर पर रिश्वत देकर नौकरी पाई थी। कुछ शिक्षकों ने आरोप लगाया कि वे कई वर्षों से सेवा दे रहे हैं और अब उन्हें अचानक अयोग्य कहा जा रहा है, जिससे उनका भविष्य अंधकारमय हो गया है। साथ ही विरोध कर रहे शिक्षकों का ये भी कहना है कि जब तक उन्हें न्याय नहीं मिलेगा, तब तक वे अपना आंदोलन जारी रखेंगे।

ममता बनर्जी ने प्रदर्शनकारियों से की अपील

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को उन शिक्षकों से काम पर लौटने की अपील की। साथ ही भरोसा दिलाया कि राज्य सरकार उनके वेतन की रक्षा करेगी और उनकी नौकरी भी अभी सुरक्षित है। ममता बनर्जी ने मिदनापुर में एक सरकारी कार्यक्रम के दौरान कहा आपको ये सोचने की जरूरत नहीं कि कौन दागी है और कौन नहीं। इसकी जिम्मेदारी अदालत और सरकार की है।

तखतपुर गिरधौना के तालाब में डूबने से दो सगी बहनों सहित रिटायर्ड प्रिंसिपल की मौत

गांव के निस्तारी तालाब में हुई घटना, शोक में डूबा गांव, पुलिस जांच में जुटी

बिलासपुर/नवप्रदेश। तखतपुर क्षेत्र के ग्राम पंचायत गिरधौना में एक दर्दनाक हादसे में दो सगी बहनों की तालाब में डूबने से मौत हो गई। यह घटना गांव के चंडीपारा तालाब में हुई, जहां चांदनी जायसवाल 13 वर्ष और पार्वती जायसवाल 11 वर्ष जो ओमप्रकाश जायसवाल की बेटियां थीं, अपनी दादी के साथ सुबह करीब 8 बजे नहाने के लिए गई थीं।

सकरी पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, दादी तालाब किनारे कपड़े धोने के बाद घर लौट आई थीं, जबकि दोनों बहनें तालाब में नहा रही थीं। काफी देर तक जब वे घर नहीं लौटीं तो दादी उन्हें देखने दोबारा तालाब पहुंची। वहां उन्होंने देखा कि दोनों बच्चियों के कपड़े तालाब किनारे रखे हैं, लेकिन बच्चियां नजर नहीं आ रही थीं। अनहोनी की आशंका के चलते दादी ने तुरंत परिवार के अन्य सदस्यों और ग्रामीणों को सूचना दी। सभी ने मिलकर तालाब में खोजबीन शुरू की। कुछ ही देर बाद दोनों बच्चियों के शव तालाब में मिले। ग्रामीणों की सहायता से शवों को बाहर निकाला गया। घटना की सूचना मिलते ही सकरी पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों शवों का पंचनामा कर उन्हें पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और परिजनों तथा ग्रामीणों से पूछताछ जारी है। इस दुखद घटना से पूरे गांव में शोक की लहर फैल गई है।

तालाब में डूबने से रिटायर्ड प्रिंसिपल की मौत

सुबह साइकिल पर घूमने निकले रिटायर्ड प्राचार्य की तालाब में डूबने से मौत हो गई। इस दौरान जब वो अपने घर नहीं पहुंचे, तब परेशान परिजनों ने उनकी तलाश की। मोबाइल लोकेशन और सीसीटीवी वीडियो की मदद से पुलिस ने उनका लोकेशन ट्रेस किया, तब पता चला कि तालाब के पास उनके कपड़े पड़े हैं। दोपहर में जब तालाब में जाल डाला गया तो उनकी लाश मिली। घटना सरकंडा थाना क्षेत्र की है। अशोक नगर-खमतराई रोड स्थित शर्मा विहार कॉलोनी निवासी सुशील कुमार तिवारी 65 वर्ष रिटायर्ड प्राचार्य थे। रोज की तरह वो सुबह साढ़े 5.30 बजे घूमने के लिए साइकिल से निकले थे। सुबह 8.30 बजे तक जब वो घर नहीं पहुंचे तो पत्नी ने उनके मोबाइल पर कॉल किया। लेकिन, उनका मोबाइल बंद मिला, जिसके बाद उन्होंने आसपास के लोगों के साथ ही रायपुर में रहने वाले अपने बेटे को फोन किया। साथ ही पुलिस को घटना की जानकारी दी।

यूपीएससी-2024 में बिलासपुर की पूर्वा को 65वीं रैंक

बिलासपुर/नवप्रदेश। बिलासपुर की रहने वाली पूर्वा अग्रवाल को यूपीएससी की चयन सूची में जगह मिली है। उन्हें 65 वीं रैंक हासिल हुई है। पिछले साल 189 वीं रैंक के साथ पूर्वा का चयन आईपीएस के लिए हुआ था। इस बार रैंक के हिसाब से उनका चयन आईएएस के लिए तय माना जा रहा है। पूर्वा अग्रवाल के पिता एमएल अग्रवाल छत्तीसगढ़ टेक्निकल एजुकेशन में एडिशनल डायरेक्टर है और उनकी मां भी इंजीनियरिंग कॉलेज में प्रोफेसर हैं। पूर्व अग्रवाल ने रायपुर के डीएवी स्कूल से अपनी दसवीं और 12वीं कक्षा की पढ़ाई पूरी की है। दसवीं में उन्हें 10 सीजीपीए मिला था जबकि 12 वीं में 97.6 प्रतिशत अंक पूर्वा ने हासिल किए थे।

इकोनॉमिक्स एनालिस्ट नौकरी छोड़कर की तैयारी

दिल्ली के श्रीराम कॉलेज ऑफ कॉमर्स से इकोनॉमिक्स में ग्रेजुएशन करने के दौरान पूर्वा अग्रवाल ने सिंगापुर में इंटर्नशिप की। इस दौरान उन्होंने वहां बतौर इकोनॉमिक्स एनालिस्ट काम किया। इस दौरान उन्हें 30 लाख रुपए का सालाना पैकेज वाली नौकरी ऑफर हुई। पूर्व ने बताया कि उस दौरान उनके पास पैसों की कोई चाहत नहीं थी। उनके लिए जॉब से संतुष्टि बहुत जरूरी थी। उन्होंने सिविल सर्विसेज की तैयारी शुरू कर दी ताकि लोगों की जिंदगी में कुछ बदलाव ला सकें। अब उन्हें सफलता मिल गई है। पूर्व ने बताया कि कड़ी मेहनत से सफलता हासिल की। पिता एमएल अग्रवाल छत्तीसगढ़ टेक्निकल एजुकेशन में एडिशनल डायरेक्टर और उनकी मां इंजीनियरिंग कॉलेज में प्रोफेसर है।

पहले आईपीएस में चयनित हुई थी पूर्वा अग्रवाल

पूर्वा अग्रवाल यूपीएससी रिजल्ट 2023 में भी आईपीएस चयनित हुई थी। उन्हें छत्तीसगढ़ कैडर मिला, तब उन्हें 189वीं रैंक मिली थी। पूर्वा ने 2023 का रिजल्ट आने पर कहा था कि अपनी बहन और कई सीनियर्स को यूपीएससी की तैयारी करते देख उन्हें यह प्रेरणा मिली। पूर्वा अग्रवाल ने बताया कि स्कूली शिक्षा बिलासपुर से पूरी की। वह मूलतः रायगढ़ के खरसिया की रहने वाली हैं। उन्होंने मल्टीनेशनल कंपनी की नौकरी छोड़कर पीएससी की तैयारी की। पहले प्रयास में वे मेन्स क्लियर नहीं कर पाई थीं, लेकिन इसके बाद पढ़ाई के लिए उन्होंने स्पेशल प्लानिंग की और टाइम मैनेजमेंट किया।

मौके पर नहीं पटा पा रहे हैं चालान की राशि, ऑनलाइन भेजा जा रहा है चालान

तेज चलने वाले वाहन चालकों की खैर नहीं, नेशनल हाईवे में स्पीडो मीटर की तैनाती, अब तक 8 हजार प्रकरण दर्ज

बिलासपुर/नवप्रदेश। अब नेशनल हाइवे में तेज चलने वाले की खैर नहीं। पिछले वर्ष ही जिले से गुजरने वाले नेशनल हाईवे पर स्पीडोमीटर की तैनाती हुई है जिसके माध्यम से स्पीड से चलने वाले गाड़ियों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है।

मिली जानकारी के अनुसार वर्ष 2024 में 4094 और अप्रैल 2025 तक करीब 8 हजार वाहनों को 80 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से अधिक तेज चलने वाले वाहनों को स्पीडो मीटर ने पकड़ा है, जिसमें करीब 6 हजार वाहन चालकों को आईटीएमएस के माध्यम से जुर्माना के लिए ऑनलाइन चालान भेजा गया है। साथ ही ध्वनि प्रदूषण के 50 और ग्लास पारदर्शिता की 100 प्रकरण दर्ज किए गए हैं। शराब पीकर गाड़ी चलाने के सिर्फ तीन मामले दर्ज किए गए हैं। जिले में करीब 10 महीने पहले स्पीडो मीटर की तैनाती की गई है, ताकि निर्धारित 80 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से ऊपर चलने वाले वाहनों पर कार्रवाई की जा सके। पेण्ड्रीडीह चौक से पाराघाट टोल प्लाजा रतनपुर, कोरबा में स्थित टोल प्लाजा के आसपास स्पीडो मीटर की तैनाती की जाती है। हाईवे में स्पीड से चलने वाले वाहनों के ऊपर जितनी कार्रवाई की गई है वह स्पीडोमीटर द्वारा की गई है। हालांकि तत्काल चालन लोग नहीं भर पाते हैं इसलिए आईटीएमएस के माध्यम से चालान भेजा जाता है।

चौक-चौराहों में यातायात विभाग ने की कार्रवाई

पुराना बस स्टैंड सहित सभी चौक के चारों तरफ अनाधिकृत रूप से चौक के किनारे किनारे विभिन्न प्रकार के फुटकर व्यवसाय कर रोड को बाधित करने वाले व्यापारियों के विरुद्ध कार्यवाही की गई वहीं शनिचरी बाजार, गोल बाजार, सदर बाजार एवं बृहस्पति बाजार में मुख्य मार्ग में विक्रय सामग्री को बेतरतीब तरीके से फैलाकर आवागमन बाधित करने वाले दुकान संचालकों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की गई बृहस्पति बाजार में सब्जी विक्रेताओं के द्वारा पार्किंग स्थल को पूरी तरह से अतिक्रमित कर यातायात व्यवधान करने वाले सब्जी विक्रेताओं को भी प्रशासन द्वारा निर्धारित जगह पर प्रतिस्थापित किया गया।

दुकानदारों को नोटिस दिया गया है, हाइवे में स्पीडो मीटर की नजर

यातायात अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामगोपाल करियारे ने बताया कि विभाग की कार्रवाई जारी रहेगी। जो दुकान संचालक दुकान के बाहर सामान फैलाकर यातायात बाधित कर रहे हैं उन्हें नोटिस दिया गया है। नोटिस की अवहेलना करने पर इन दुकानों को ब्लैक लिस्टेड करने की कार्रवाई भी की जाएगी, जिससे भविष्य में दुकानदार को दुकान खोलने में भी समस्या होगी। बृहस्पतिबाजार के बाहर लगने वाले दुकानों को अंदर लगाने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं नेशनल हाइवे अब प्रति किलोमीटर 80 के ऊपर स्पीड से चलने वाले वाहन चालकों के खिलाफ स्पीडोमीटर के माध्यम से कार्रवाई की जा रही है।

विद्यार्थियों व प्राध्यापकों ने प्रकृति संरक्षण की ली शपथ, जागरुकता रैली निकाली

■ सीवीआरयू में विश्व पृथ्वी दिवस मनाया गया

बिलासपुर/नवप्रदेश। डॉ सीवी रमन विश्वविद्यालय में विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस आयोजन की थीम अवर पावर ,अवर प्लेनेट रखा गया था । इस अवसर पर एनसीसी, एनएसएस, साइंस, शिक्षा विभाग, फार्मेसी, विधि, भूगोल, सामाजिक विज्ञान, स्काउट गाइड, सहित सभी संकायों के विद्यार्थियों ने अंचल में जागरूकता रैली निकाली। कोटा और आसपास के क्षेत्र में रैली निकाल कर विद्यार्थियों ने प्रकृति के संरक्षण और पर्यावरण प्रदूषण रोकने का संदेश दिया। इस अवसर पर सभी ने प्रकृति संरक्षण की शपथ भी ली।विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर विद्यार्थियों ने पृथ्वी पर पड़ रहे दुष्प्रभाव और उसके संरक्षण की दिशा में किए जाने वाले कार्यों को ड्राइंग और पेंटिंग के माध्यम से भी सबके सामने रखा। विश्व पृथ्वी दिवस पर एनसीसी कैडेट्स के बीच ड्राइंग और पेंटिंग कंपटीशन भी आयोजित किया गया। इस संबंध में विश्वविद्यालय के कुल सचिव डॉ अरविंद तिवारी ने बताया कि पर्यावरण को लेकर विश्वविद्यालय बहुत ही संवेदनशील है ।यही कारण है कि हम साल भर पर्यावरण के संरक्षण संवर्धन की दिशा में काम करते रहते हैं। प्रतिवर्ष 1 हज़ार पौधे विश्वविद्यालय और अंचल में रोपित किए जाते हैं। इसके साथ-साथ उसके पोषण की भी जिम्मेदारी विश्वविद्यालय को विभागवार सौंपी जाती है । इसका परिणाम है कि विश्वविद्यालय में हरियाली है । इसके साथ-साथ अंचल में भी हरियाली है।

गोद ग्राम और वंचालू वनांचलों में जल की जांच: कुलपति

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर प्रदीप कुमार घोष ने बताया कि विश्वविद्यालय जल संरक्षण की दिशा में कार्य कर रहा है । विश्वविद्यालय के आसपास के गांव , गोद ग्राम ,वनांचलों में विद्यार्थियों और विभाग की टीम जाकर जल का की जांच करते हैं। लोगों को स्वच्छ जल मुहैया करने के लिए प्रयास भी करते हैं। तालाब में भी स्वच्छ जल हो इसके लिए सफाई अभियान एनसीसी एनएसएस के विद्यार्थियों द्वारा किया जाता है।

स्कूलों में गर्मी छुट्टी का ऐलान, 25 अप्रैल से ग्रीष्मकालीन अवकाश

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ स्कूल शिक्षा विभाग ने भीषण गर्मी और लू के कहर को देखते हुए स्कूलों में गर्मी की छुट्टियों का ऐलान कर दिया है। स्कूल शिक्षा विभाग ने प्रदेश में सभी सरकारी और निजी स्कूलों में आंशिक संशोधन करते हुए 25 अप्रैल से लेकर 15 जून 2025 तक ग्रीष्मकालीन अवकाश की घोषणा कर दी है. इसके पहले सभी स्कूलों में ग्रीष्मकालीन अवकाश 1 मई से 15 जून 2025 तक किए जाने की बात थी।

मंगल स्पंज एण्ड स्टील बिल्हा में अग्निशमन सेवा सप्ताह का आयोजन

बिलासपुर/नवप्रदेश। इस वर्ष का थीम था एकजुट हो, अग्नि सुरक्षित भारत को प्रज्जलित करें। 14 अप्रैल को अग्निशमन सेवा सप्ताह का उद्घाटन ए. के. त्रिपाठी, वरिष्ठ प्रबंधक (एचआर) द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया। इस अवसर पर ए. के. त्रिपाठी, रंजीत सिंह, प्रदीप निर्मलकर, रामेश्वर कौशिक, आजाद सिंह, एच. के. परिडा, गौतम झा, अजय घोरे आदि द्वारा प्रज्जवलन के स्त्रोतों को हटा दे आग लगने से रोकें का पोस्टर विमोचन किया गया। राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद मुंबई द्वारा प्रकाशित बैनर मुख्य द्वार एवं कार्यक्रम स्थल में लगाया गया एवं सभी कर्मचारियों को बैच लगाया गया। 21 अप्रैल को अग्निशमन सेवा सप्ताह का समापन समारोह मनाया गया। संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें ए.के.त्रिपाठी, वरिष्ठ प्रबंधक (एचआर) एवं एच. के. परिडा, प्रबंधक (एचआर) ने बताया कि आग, आग के प्रकार, आग लगने के कारण, आग को बुझाने के लिए विभिन्न अग्निशमक यंत्र, अग्नि शमक यंत्र चलाने के प्रशिक्षण, अग्नि से संयत्र को विभिन्न खतरों और अग्नि के विनाशकारी प्रभाव पर नियंत्रण के प्रयासों के बारे जानने की आवश्यकता है। हर साल आग लगने के कारण 25000 लोगों की मृत्यु हो जाती है और 2700 करोड़ रूपये मूल्य की संपत्ति का नुकसान होता है, हम सभी वर्ग के समाज, व्यवसाय, अद्यौगिक संस्थाओं से अग्नि सुरक्षा की आशा करते है एच. के. परिडा जी एच.आर.मनेजर औद्योगिक परिसर में जैसे कोयला के पास किसी भी ड्राईवर को सिगरेट पीने के बाद नही फेकना चाहिए।

सुशासन तिहार में मिली 60 हजार की आर्थिक मदद

बिलासपुर/नवप्रदेश। जिले की स्व सहायता समूह की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने के लिए सामुदायिक निवेश कोष के तहत ऋण राशि दी गई है। इस राशि से महिला समूहों द्वारा आजीविका गतिविधियों की शुरूआत की जाएगी। समूहों द्वारा बर्तन बैंक, टेन्ट व्यवसाय, दोना पत्तल निर्माण सहित विभिन्न गतिविधियां की जाएंगी। आम लोगों की समस्याओं के त्वरित निराकरण की पहल सुशासन तिहार के माध्यम से महिला समूहों द्वारा मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय से ऋण की मांग की गई थी। प्राप्त आवेदनों पर जिला पंचायत द्वारा त्वरित संज्ञान लेते हुए राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन की बिहान योजना के तहत समूहों को ऋण प्रदान किया गया।

जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल ने कहा कि सुशासन तिहार में प्राप्त आवेदनों के निराकरण की दिशा में तत्परता से कार्य किया जा रहा है। बिल्हा ब्लॉक के 4 महिला स्व सहायता समूहों को सुशासन तिहार में आवेदन करने पर आजीविका गतिविधियों के लिए त्वरित रूप से आर्थिक सहायता दी गई। महिला स्व सहायता समूहों ने आवेदन पर त्वरित निराकरण मिलने पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का आभार जताया। सुशासन तिहार के तहत बिल्हा ब्लॉक के तेलसरा गांव की 4 स्व सहायता समूहों ने आजीविका गतिविधियों के लिए ऋण राशि प्रदान किए जाने की मांग की थी, आवेदन पर त्वरित रूप से संज्ञान लेते हुए महिला समूहों को सामुदायिक निवेश कोष के तहत 60-60 हजार की राशि दी गई।

बर्तन बैंक शुरू करेंगी समूह की महिलाएं

10 क्विंटल महुआ लहान सहित 2 आरोपियों को चकरभाठा पुलिस ने किया गिरफ्तार

बिलासपुर/नवप्रदेश। वार्ड क्रमांक 09 वर्मा मोहल्ला भाठापारा चकरभाठा से 02 आरोपीयों को अवैध रूप से बिक्री करने हेतु रखे 132 लीटर महुआ शराब कीमती 27000 रूपये के साथ किया गया गिरफ्तार किया है। लगभग 1000 किलो महुआ लहान तथा रेडिमेट सुखा महुआ गुड़ के साथ मिला हुआ को बरामद कर नष्ट किया गया। पुलिस के अनुसार वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह द्वारा जिला बिलासपुर के समस्त थाना प्रभारियों को थाना क्षेत्र में अवैध रूप से शराब बिक्री करने वालों के विरूद्ध शख्त कार्यवाही करने के दिये गये निर्देश के पालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनुज कुमार एसीसीयू एवं नगर पुलिस अधीक्षक महोदय चकरभाठा रश्मित कौर चावला के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी चकरभाठा उत्तम साहू द्वारा थाना स्तर पर ठीम बनाकर सूचना एकत्रित कर आज मुखबीरी सूचना के आधार पर वर्मा मोहल्ला वार्ड कमांक 09 भाठापारा पहूच कर 02 अलग अलग स्थानों पर घेरा बंदी कर शराब रेड कार्यवाही किया गया।

कार्रवाई

दैनिक नवप्रदेश में प्रकाशित खबर का असर, पुलिस और आबकारी की संयुक्त टीम ने की कार्रवाई

डेढ़ सौ लीटर महुआ शराब और लहान सहित आरोपी गिरफ्तार

बिलासपुर/नवप्रदेश। मस्तूरी और बिल्हा विकासखंड के नंगाराडीह सहित अन्य गांवों में अवैध महुआ शराब की तस्करी को लेकर दैनिक नवप्रदेश ने अपने 21 अप्रैल के अंक में प्रमुखता से प्रकाशित किया था, जिसे संज्ञान लेते हुए कलेक्टर अवनीश शरण और एसएसपी रजनेश सिंह के निर्देश में पुलिस और आबकारी ने क्षेत्र में संयुक्त कार्रवाई करते हुए अवैध महुआ शराब बिक्री के पांच मामलों में 117 लीटर महुआ शराब सहित 2 आरोपियों को चकरभाठा पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

ठा मस्तूरी पुलिस सहित आबकारी के अफसरों के साथ शराब तस्करों की मिलीभगत, सैकड़ों लीटर की रोज खपत

महुआ से ज्यादा गुड़ से बना रहे शराब

जानकारी के अनुसार हिर्री एवं चकरभांठा क्षेत्र में दबिश देकर अवैध शराब विक्रेताओं, निर्माणकर्ताओं पर आबकारी वृत्त बिल्हा द्वारा छापामार कार्यवाही की गई। आरोपी प्रमोद महिलांगे पिता भागिरथी ग्राम खजूरी थाना हिर्री से 35 लीटर महुआ शराब, अढोलिया मोहल्ला बोदरी थाना चकरभाठा से 75 ली महुआ शराब तथा 780 कि ग्राम महुआ लहान। प्रकरण की धारा - छ.ग आबकारी अधिनियम की धारा34(2) 59(क)का प्रकरण दर्ज किये जाकर आरोपी को जेल निरुद्ध किया गया। विदित हो कि सकर्रा थाना हिर्री से आरोपी हेम प्रकाश चक्रधारी के कब्जे से 7 लीटर महुआ शराब एवं 30 कि ग्राम महुआ लहान जप्त कर 34(2) का प्रकरण कायम कर जेल दाखिल किया गया था। सम्पूर्ण कार्यवाही सहायक जिला आबकारी अधिकारी छबि पटेल के नेतृत्व में की गई जिसमें आबकारी उपनिरीक्षक भूपेन्द्र जामडे , मुख्य आरक्षक अनिल पाण्डेय, आरक्षक प्रभूवन बघेल का महत्व पूर्ण योगदान रहा।

सुविचार

पता नहीं रिश्तों में कौन सा गणित काम करता है? किसी के लिए कितना भी कर लो अंत में सब शून्य हो जाता है। - अज्ञात

महाराष्ट्र में मजबूरी का नाम मिलाप

महाराष्ट्र की राजनीति में हासिए पर चले गए शिवसेना यूबीटी के नेता उद्धव ठाकरे अब अपनी बची खुची साख बचाने के लिए अपने चचेरे भाई राज ठाकरे के साथ हाथ मिलाने के लिए तैयार हो गए हैं। गौरतलब है कि आज से बीस साल पूर्व जब शिवसेना के संस्थापक बाल ठाकरे ने अपनी विरासत अपने पुत्र उद्धव ठाकरे को सौंपी थी। तब इस निर्णय से नाराज होकर राज ठाकरे ने शिवसेना छोड़ दी थी और महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के नाम से अपनी अलग राजनीतिक पार्टी बना ली थी। उस समय राज ठाकरे ने सोचा था कि अधिकांश शिव सैनिक उनके साथ आ जाएंगे। लेकिन ऐसा नहीं हुआ नतीजतन राज ठाकरे की पार्टी महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना की महाराष्ट्र की राजनीति में कोई बड़ी पहचान नहीं बन पाई। चुनाव दर चुनाव महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना कमजोर पड़ती गई और पिछले विधानसभा चुनाव में तो उसे मात्र डेढ़ प्रतिशत मत ही हासिल हो पाया। यहां तक की राज ठाकरे के पुत्र भी विधानसभा चुनाव में हार गए। इधर, शिवसेना में टूट के बाद उद्धव ठाकरे भी कमजोर पड़ गए हैं। एकनाथ शिंदे ने शिवसेना पार्टी का नाम और उसका चुनाव चिन्ह भी उद्धव ठाकरे से छीन लिया है। नतीजतन शिवसेना यूबीटी भी अब संक्रमण काल से गुजर रही है। पिछले लोकसभा चुनाव में जरूर शिवसेना यूबीटी को कांग्रेस और शरद पवार के साथ गठजोड़ करने का लाभ मिला था लेकिन पिछले विधानसभा चुनाव में शिवसेना यूबीटी को मुंह की खानी पड़ गई थी। उद्धव ठाकरे को जो सीटें मिली भी हैं, वह कांग्रेस और शरद पवार की कृपा से मिली है। यदि शिवसेना यूबीटी महाअघाड़ी गठबंधन से अलग होकर चुनाव लड़ती तो शायद विधानसभा चुनाव में उसका खाता भी नहीं खुल पाता। अब महाराष्ट्र में मुंबई महानगरपालिका सहित पूरे प्रदेश के नगरीय निकाय चुनाव होने जा रहे हैं। जिसके लिए महाअघाड़ी में टिकटों के बंटवारे को लेकर घमासान मचा हुआ है। शिवसेना यूबीटी के प्रवक्ता और राज्यसभ सदस्य संजय राउत ने तो इस रस्साकसी के चलते यहां तक कह दिया था कि नगरीय निकाय चुनाव में शिवसेना यूबीटी को मन माफिक टिकट नहीं मिली तो शिवसेना यूबीटी महाअघाड़ी से अलग होकर अकेले अपने दम पर चुनाव लड़ने पर विचार कर सकती है। इसके बाद से शिवसेना यूबीटी और कांग्रेस के बीच मतभेद गहराने लगे हैं। मुंबई महानगरपालिका का चुनाव शिवसेना यूबीटी के लिए प्रतिष्ठा का प्रश्न बन गया है क्योंकि एक लंबे अरसे तक वहां अविभाजित शिवसेना का कब्जा रहा है। उद्धव ठाकरे मुंबई महानगरपालिका पर फिर से कब्जा करना चाहते हैं। ताकि उनकी पार्टी का अस्तित्व बना रहे। चूंकि महाअघाड़ी में सीटों के बंटवारे को लेकर तनातनी चल रही है। इसलिए अब वे महाअघाड़ी से अलग होकर अपने चचेरे भाई राज ठाकरे के साथ गठजोड़ करने का मन बना रहे हैं। दोनों भाईयों के बीच यह मिलाप मजबूरी के कारण हो रहा है। दरअसल उद्धव ठाकरे और राज ठाकरे दोनों को ही अपने अपने बेटों के राजनीतिक भविष्य की चिंता खाये जा रही है। वे अपने बेटों को राजनीति में स्थापित करना चाहते हैं। उद्धव ठाकरे के पुत्र आदित्य ठाकरे तो विधायक बन गये हैं। लेकिन राज ठाकरे के पुत्र का भविष्य बनना अभी बाकी है। यही वजह है कि राज ठाकरे भी अपने पुराने तमाम मतभेद भुलाकर अपने चचेरे भाई उद्धव ठाकरे के साथ हाथ मिलाने के लिए तैयार हो गये हैं। इन दोनों भाईयों का मिलाप महाराष्ट्र की राजनीति में कितनी हलचल मचाएगी यह देखना दिलचस्प होगा। खासतौर पर मुंबई महानगरपालिका चुनाव में इन दोनों भाईयों का गठजोड़ क्या गुल खिलाएगी यह तो आने वाला वक्त ही बेहतर बताएगा।

निशिकांत दुबे के खिलाफ याचिका की तैयारी

भाजपा के निशिकांत दुबे ने सुप्रीम कोर्ट के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी कर नया बवाल खड़ा कर दिया है। अब उनके खिलाफ अवमानना का मामला बनने जा रहा है। और इस बारे में सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर करने की तैयारी की जा रही है। जाहिर है सांसद निशिकांत दुबे की परेशानी बढ़ने वाली है। सुप्रीम कोर्ट पर उन्होंने जो टिप्पणी की थी उससे भाजपा ने पहले ही खुद को अलग कर लिया है। भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने स्पष्ट कर दिया था कि सांसद निशिकांत दुबे ने सुप्रीम कोर्ट को लेकर जो बयान दिया है। वह उनका निजी विचार है इससे भाजपा सहमत नहीं है। यही नहीं बल्कि निशिकांत दुबे को इस तरह की विवादास्पद बयानबाजी से परहेज करने की भी नसीहत दी गई है। इसके बाद यह उम्मीद की जा रही थी कि निशिकांत दुबे अपने बयान के लिए खेद जताएंगे और माफी मांगेंगे लेकिन अभी तक उन्होंने ऐसा नहीं किया है। नतीजतन निशिकांत दुबे के खिलाफ अवमानना याचिका दायर करने की तैयारी की जा रही है। सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता अनस तनवीर ने इस याचिका की मंजूर के लिए सुप्रीम कोर्ट में आवेदन किया तो सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया कि इस याचिका को आप दायर कर सकते हैं इसके लिए सुप्रीम कोर्ट की मंजूरी आवश्यक नहीं है। जाहिर है अब सांसद निशिकांत दुबे को सर्वोच्च न्यायालय की अवमानना के आरोप में घिरना होगा और सुप्रीम कोर्ट में अपना पक्ष रखना होगा। उल्लेखनीय है कि सुप्रीम कोर्ट पर आरोप लगाने के बाद से भाजपा सांसद निशिकांत दुबे विपक्षी पार्टियों के निशाने पर आ गये हैं और विपक्ष के नेता लगातार उनके खिलाफ कार्यवाही की मांग कर रहे हैं। किन्तु भारतीय जनता पार्टी ने निशिकांत दुबे के बयान से खुद को अलग करके अपने कर्तव्य की इतिश्री कर ली थी। उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही नहीं की गई। नतीजन अब उन्हें सुप्रीम कोर्ट में अदालत की अवमानना की कार्यवाही का सामना करना पड़ेगा।

उमेश चतुर्वेदी

संघर्ष और कारोबार के चलते भारत में बढ़ रही चीनी भाषा की प्रासंगिकता

> *आर्थिक संबंध, विज्ञान और प्रौद्योगिकी पर संयुक्त समूह, सामरिक आर्थिक वार्ता, चीन का विकास अनुसंधान केंद्र, भारत-चीन वित्तीय वार्ता और अन्य संस्थागत तंत्रों के जरिए भारत और चीन के बीच संवाद और कारोबारी-बौद्धिक रिश्ते हैं। इसके साथ ही दोनों देश अंतरराष्ट्रीय संगठन ब्रिक्स के सक्रिय साझेदार हैं। इतना ही नहीं, चीन की करीब 150 से अधिक कंपनियां भारत में कारोबार कर रही हैं। ऑटोमोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक्स, बिजली और उपभोक्ता वस्तुओं के क्षेत्र में दोनों देशों का कारोबार आसमान छू रहा है। कई चीनी कंपनियां मशीनरी, बुनियादी ढांचे के निर्माण, आईटी और हार्डवेयर विनिर्माण, मोबाइल हैंडसेट, इलेक्ट्रॉनिक और बिजली क्षेत्र में ईपीसी परियोजनाओं में शामिल हैं। इसके साथ ही चीनी मोबाइल हैंडसेट कंपनियां ओप्पो, वीवो, श्याओमी, वन प्लस आदि भारतीय मोबाइल हैंडसेट बाजार के लगभग सत्तर फीसद हिस्से पर काबिज हैं। इस वजह से भी चीनी भाषा की भारत में पूछ बढ़ रही है और वह जरूरत भी बनती जा रही है। चीन में सक्रिय भारतीय कंपनियों के लिए भी चीनी कंटेंट लेखकों और दुभाषियों की जरूरत बढ़ रही है। यही वजह है कि मंदारिन को लेकर भारत में भी जड़ता टूट रही है।*

बीते बीस अप्रैल को संयुक्त राष्ट्र में चीनी भाषा दिवस मनाया गया। यूनेस्को के अनुसार दुनिया में सबसे ज्यादा लोगों द्वारा बोली जाने वाली भाषा चीनी या मंदारिन ही है। इसे चीन के अलावा ताइवान, सिंगापुर, मलयेशिया, थाइलैंड, ब्रुनई, इंडोनेशिया और फिलीपिंस में भी इसका व्यवहार हो रहा है। मंदारिन को लेकर भाषा विज्ञानियों में मान्यता है कि यह कठिन भाषा है। हालांकि चीनी भाषाविदों ने इसे पिछली सदी के सत्तर के दशक से ही सहज बनाने की दिशा में बड़ा काम किया है। इसलिए यह पहले की तुलना में अब कहीं ज्यादा सहज हो गई है। इसलिए दुनियाभर में इसे सहज रूप से इसे स्वीकार भी किया जाने लगा है।

जहां तक भारत का सवाल है तो चीन के साथ सीमाओं पर जारी तनातनी के चलते चीनी भाषा की पढ़ाई और जानकारी के लिए भारत में भी क्रेज बढ़ रहा है। गलवान में भारत-चीनी सैनिकों के संघर्ष के बाद चीनी सीमा पर तैनात सैनिकों को चीनी भाषा की जानकारी और शिक्षा देने की कोशिशें हो रही हैं। बेशक भारत का सबसे नजदीकी पड़ोसी चीन है, लेकिन उसकी भाषा और हमारी भाषाओं के बीच संबंधों की कोई सहज कडी नजर नहीं आती। इसलिए इस भाषा को सीखना थोड़ा कठिन होता है। चीन की भाषा को मंदारिन कहते हैं और मंदारिन का शाब्दिक अर्थ ही होता है, कठिन। इसलिए इस भाषा को सीखने के लिए विशेष प्रयास की जरूरत पड़ती है।

मंदारिन में 21 व्यंजन और 16 स्वर होते हैं। इन ध्वनियों को मिलाकर लगभग 420 अलग-अलग शब्दांश बनाए जा सकते हैं। जहां तक मंदारिन में स्वरों की बात है तो इसमें चार स्वर होते हैं। ये चार स्वर - पहला स्वर, दूसरा स्वर, तीसरा स्वर, और चौथा स्वर ङ्क कहे जाते हैं। ये स्वर एक शब्दांश के उच्चारण में बदलाव करते हैं और अर्थ को बदल देते हैं। इसके अलावा, एक तटस्थ स्वर भी होता है, जिसे मंदारिन के भाषा विज्ञानी पाँचवाँ स्वर भी मानते हैं।

चीनी भाषा में, अक्षर को ÷हांजी÷ कहा जाता है। ये अक्षर, अंग्रेजी वर्णमाला या हिंदी वर्णमाला के अक्षरों की तरह नहीं हैं। प्रत्येक अक्षर एक शब्द या अर्थ के लिए एक प्रतीक है। चीनी भाषा में हज़ारों अक्षर हैं, लेकिन दैनिक उपयोग में छह हजार से लेकर आठ हजार अक्षरों का प्रयोग होता है। इतने स्वरों को याद रखना आसान नहीं है, इसीलिए मंदारिन को कठिन भाषा कहा जाता है।

भारत में कई संस्थान चीनी भाषा के डिप्लोमा पाठ्यक्रम चला रहे हैं, लेकिन यहां के कई विश्वविद्यालयों मसलन दिल्ली के जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय, दिल्ली विश्वविद्यालय, अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय, झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय, गुजरात केंद्रीय विश्वविद्यालय, कुमार मंगलम विश्वविद्यालय, गुरूग्राम, पंजाब विश्वविद्यालय, विश्वभारती, जामिया मिलिया इस्लामिया, सिक्किम विश्वविद्यालय के साथ ही देहरादून के दून विश्वविद्यालय समेत कई विश्वविद्यालयों में चीनी भाषा की पढ़ाई होती है।

लेकिन अब इसे चीनी सीमा से सटे राज्य उत्तराखंड के स्कूलों में भी पढ़ाया जाने लगा है। इसे पायलट प्रोजेक्ट

के रूप में शुरू किया गया है। जिसके तहत उत्तराखंड राज्य के पंद्रह सरकारी स्कूलों के 11 वीं और बारहवीं कक्षा के करीब ढाई सौ बच्चों को चीनी भाषा पढ़ाई जा रही है। इस पहल का मकसद स्कूली छात्रों को मंदारिन भाषा से लैस करना है।

इसकी बड़ी वजह यह है कि वैश्विक बाजार में चीन की हिस्सेदारी बढ़ती चली गई है। इतना ही नहीं, चीन आज विश्व की नंबर दो आर्थिक महाशक्ति हो चुका है। इस वजह से चीनी संस्कृति और भाषा के साथ ही आर्थिकी की ओर दुनिया हाथ बढ़ा रही है। इसके लिए चीनी भाषा के कुशल लोगों की वैश्वक स्तर पर जरूरत बढ़ रही है। चीन की कंपनियों और बाजार से संपर्क अंग्रेजी के जरिए भले ही हो जाए,लेकिन वहां की असल जरूरत और समस्या को उसी की भाषा में ही समझा और जाना जा सकता है। इसीलिए चीनी भाषा को लेकर दुनिया भर में उत्सुकता बढ़ी है। उत्तराखंड भी इसी वजह से अपने छात्रों को चीनी भाषा सिखा रहा है।

उत्तराखंड राज्य के पीएमश्री विद्यालयों में जारी इस परियोजना की नींव पौड़ी गढ़वाल के डीएम आशीष चौहान ने 2023 में रखी थी। बच्चों को मंदारिन पढ़ाने का विचार साल 2021 में तत्कालीन भारतीय सेनाओं के चीफ ऑफ स्टॉफ जनरल बिपिन रावत और दून विश्वविद्यालय की कुलपति सुरेखा डंगवाल के बीच चर्चा के बाद आया था। दून विश्वविद्यालय के चीनी अध्ययन विभाग के अध्यक्ष शैंकी चंद्रा के अनुसार, अभी यह परियोजना ऑनलाइन चलाई जा रही है, क्योंकि विश्वविद्यालय के पास अभी फिजिकल क्लास के लिए जरूरी संसाधनों की कमी है।

परियोजना के संचालकों के अनुसार, 'मंदारिन सीखने से वैश्विक स्तर पर नौकरी की संभावनाएं बढ़ेंगी। इसकी वजह यह है कि चीन अब भी भारत के सबसे बड़े व्यापार भागीदारों में एक है। बारहवीं पास कर चुके तीन छात्रों को मंदारिन की वजह से ही पिछले साल भारत के कुछ पड़ोसी देशों में ऊंचे वेतन पर नौकरियां मिल चुकीं हैं।

वैसे भारतीय विदेश मंत्रालय के साथ ही चीनी बाजार और कंपनियों के साथ काम करने वाली भारतीय कंपनियों में भी चीनी भाषा जानने वालों की मांग बढ़ी है। चीनी पर्यटकों के साथ काम करने वाले भारतीय होटलों और पर्यटन उद्योग को भी चीनी दुभाषियों की जरूरत बढ़ रही है। लिहाजा इन क्षेत्रों में भी चीनी भाषा के जानकारों की मांग बढ़ी है। एक कहावत है कि आप सबकुछ बदल सकते हैं, पड़ोसी नहीं। चीन भारत का सबसे नजदीकी पड़ोसी है। लिहाजा इस वजह से भी जरूरी है कि चीन की भाषा सीखी जाए। यह सोच भारतीय समाज में भी बढ़ रही है।

भारत और चीन कई अंतर्राष्ट्रीय वाणिज्यिक गतिविधियों में सक्रिय रूप से एक-दूसरे के सहयोगी है। भारत-चीन आर्थिक और वाणिज्यिक व्यापारिक संबंध कई प्लेटफार्मों के जरिए बन रहे हैं। आर्थिक संबंध, विज्ञान और प्रौद्योगिकी पर संयुक्त समूह, सामरिक आर्थिक वार्ता, चीन का विकास अनुसंधान केंद्र, भारत-चीन वित्तीय वार्ता और अन्य संस्थागत तंत्रों के जरिए भारत और चीन के बीच संवाद और कारोबारी-बौद्धिक रिश्ते हैं। इसके साथ ही दोनों देश अंतरराष्ट्रीय संगठन ब्रिक्स के सक्रिय साझेदार हैं।

इतना ही नहीं, चीन की करीब 150 से अधिक कंपनियां भारत में कारोबार कर रही हैं। ऑटोमोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक्स, बिजली और उपभोक्ता वस्तुओं के क्षेत्र में दोनों देशों का कारोबार आसमान छू रहा है। कई चीनी कंपनियां मशीनरी, बुनियादी ढांचे के निर्माण, आईटी और हार्डवेयर विनिर्माण, मोबाइल हैंडसेट, इलेक्ट्रॉनिक और बिजली क्षेत्र में ईपीसी परियोजनाओं में शामिल हैं। इसके साथ ही चीनी मोबाइल हैंडसेट कंपनियां ओप्पो, वीवो, श्याओमी, वन प्लस आदि भारतीय मोबाइल हैंडसेट बाजार के लगभग सत्तर फीसद हिस्से पर काबिज हैं। इस वजह से भी चीनी भाषा की भारत में पूछ बढ़ रही है और वह जरूरत भी बनती जा रही है। चीन में सक्रिय भारतीय कंपनियों के लिए भी चीनी कंटेंट लेखकों और दुभाषियों की जरूरत बढ़ रही है। यही वजह है कि मंदारिन को लेकर भारत में भी जड़ता टूट रही है।

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1774 में आज ही के दिन ब्रिटिश कमांडर कर्नल चैपमेन ने रोहिला सेना को हराकर रोहिलाखंड पर कब्जा किया था। 1891 में 23 अप्रैल के दिन ही रूस की राजधानी मास्को से यहूदियों को निकाला गया था। 1908 में आज ही के दिन जर्मनी, डेनमार्क, ब्रिटेन, स्वीडन, हालैंड और फ्रांस के बीच उत्तरी अटलांटिक संगठन संधि पर साइन किए गए थे। 1935 में 23 अप्रैल के दिन ही यूरोपीय देश पोलैंड ने संविधान अपनाया था।1981 में आज ही के दिन सोवियत यूनियन ने अंडरग्राउंड न्यूक्लियर टेस्ट किया था।1984 में 23 अप्रैल के दिन ही वैज्ञानिकों ने एड्स के वायरस के बारे में पता लगाया था। 1985 में आज ही के दिन कोल्ड ड्रिंक्स कंपनी कोकाकोला ने 99 साल बाजार में रहने के बाद एक नए फार्मूले के साथ नया कोक मार्केट में लाया था। 1990 में 23 अप्रैल के दिन ही नामीबिया संयुक्त राष्ट्र संघ का 160वां सदस्य बना था। 1996 में आज ही के दिन चेचेन्या के अलगाववादी नेता दुदायेव की हवाई हमले में मौत हो गई थी। 2007 में 23 अप्रैल के दिन ही रूस के पूर्व राष्ट्रपति बोरिस निकोलाइएविच ऐल्तसिन का निधन हुआ था।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

मैं अपने जिस्म पर

मैं अपने जिस्म पर तेरी साँसों की,चादर ओढ़ना चाहता हूँ , मैं अपने आप को खो कर भी. तेरी चाहत में जीना चाहता हूँ , तू रूबरू हो या ना हो मेरे, मैं तुझसे बिछड़ कर भी, तेरे साथ होना चाहता हूँ , मैं तुझमे कुछ यू खोना चाहता हूँ , मैं तुझ संग कुछ यू होना चाहता हूँ

- नमन कुमार मिश्रा

जब गर्मी आती

जब गर्मी आती है तब पेड़ लगाना याद आता है जब पानी की समस्या हो तब पानी संचय याद आता है निगम जो पानी सप्लाई करती है वो किसी ह्व्श ट्रीटमेंट से कम नहीं होता उसको थोड़ा सड़क और नाली मे बहाने से फुरसत नहीं इसलिए हर समस्या के लिए सरकार नहीं जनता भी थोड़ा जिम्मेदार हो। - **अंबर दानी**

खास पाती | हर मोड़ पर देते हैं परीक्षा फिर

हर मोड़ पर देते है परीक्षा फिर भी थकते नहीं हैं हम जिंदगी तुझे जीने के लिये दम भर कर चलते हैं, हम एक तेरे साथ के लिये तुझसे लड़ते-झगड़ते तेरे साथ-साथ चलते हैं हम जिंदगी तुम खुदगर्ज हो जाते हो,पर हम खुदगर्ज होते नही फिर भी तेरे साथ चलते है हम फिर भी ना जाने क्यों हर बार यही होता जिंदगी जब तुम दगा देती तो खत्म हो जाते है हम। जिंदगी मरकर भी तुझे याद करते है हम - **प्रीति श्रीवास्तव**

जी चाहता है ये हंसी मंजर समेट लूं

जाती हुई बहार के लश्कर समेट लूं। जी चाहता है ये हंसी मंजर समेट लूं। ज़िन्दगी तेरे वचन के लिए सोचूंगा बाद में। पहले मैं अपना बिखरा हुआ घर समेट लूं। अब क्या करूं मैं इस दिले-नादान का भला। ये चाहता है सारा हाथ में अंबर समेट लूं। दौलत की आरज़ू में कहीं खो न जाए चैन। बेहतर है ख़्वाहिशत की चादर समेट लूं। देता है कमल आसमान से कोई मुझे सदा। तो क्या मैं अब सर से पांव तक समेट लूँ । आपका दिन शुभ और मंगलमय हो - **कमलकांत डोंगरे**

मन अपने ही उपवन में जो खिलता

मन अपने ही उपवन में जो खिलता है खिल लेने दो मन अपने टूटे दर्पन में जो हँसता है हँस लेने दो मत बिखराओ खुद से खुद की बाग़ की कलियों को मन अपने ही मुग्ध प्रेम में चुनता है जो चुन लेने दो ऐसा है ख़ास नही कुछ भी रखा जाए जो हृदय तुल्य मन अपने ही भरम ख्यालों में रचता है जो रच लेने दो नहीं शक्ति संचित उसमें जो भटक रहा औ अटक रहा मन अपने हो गुंजन लय बद्ध सुनता है जो सुन लेने दो। - **मधुलिका शुक्ला**

मैं और मेरी तन्हाई विचारों की गहराई

मैं और मेरी तन्हाई विचारों की गहराई। मेरे अवसाद लेखन की शुरुआत मेरे जज्बात बिगड़ते हालात हमारी बात कुछ विसंगतियां कुछ विचलन कुछ तड़प कुछ झड़प। कुटिल चाल बेवजह के बवाल कुछ मालामाल कुछ कंगाल! अजीब हाल सभी बेहाल बेवजह के सवाल... ने जन्म दिया मेरे बेतरतीब-शब्दों को ये छोटे-छोटे मन के विद्रोह बनते रहे मेरी रचनायें। कुछ भी तो फर्क नहीं पड़तामेरे शब्दों से दुनिया को। बस एक झूठा आत्म-संतोष। जैसे गिलहरी ने, प्रभु राम के। पुल-निर्माण में, किया था सहयोग। - **तनु देहलवी**

भारत माता की जय बोलो, चीन

भारत माता की जय बोलो, चीन पाक से नाता तोडो। उन्नीस सौ बरसठ हमलावर, अरुणाचल को गिनाते कायर। गोरी लंग गज़नी.औलादें , आतंकवाद उभरती यादें। एल ए सी विवाद बढ़ाकर, अक्साई चिन हड़पा डायर। डर तिब्बती धर्मगुरु हवाला, लिए हाथ में मटरू माला। जगह बदलता नाम पुरातन, नफ़रत बीज टटोले बासन। चीन विदेश प्रवक्ता बोले, अरुणाचल पे पोपट डोले। बंद करो अब पिजड़े में, नहीं है काबिल दिखने में। प्रेमी भाषा नहीं समझता, नाजायज़ नित करता रहता । - **राजकिशोर मिश्र**

जीवन में हर कोई सफल बनना चाहता है

जीवन में हर कोई सफ्ल बनना चाहता है .. लेकिन जीवन में सफ्लता पाने का रास्ता बहुत ही कठिन होता है.. यदि हमारे मन मे थोड़ी सी भी नकारात्मक बातें आ जाती है तो हम रास्ता भटक जाते हैं.. आगे बढ़ने का हौसला टूट जाता है .. परंतु अगर हम सकारात्मक सोचते हैं तो हम जीवन में आगे प्रगति कर सकते हैं सफ्ल हो सकते हैं- **भागीरथी सिंह**

प्रेरक प्रसंग

एक व्यक्ति ने संत फरीद से पूछा- महाराज! मैं अपनी बुरी आदतें छुड़ाने के लिए क्या करूं? संत फरीद बोले- बेटा! मैं तुम्हें इसकी युक्ति तो बाद में बताऊंगा, क्योंकि अभी तो मुझे तुम्हारा अंत समय निकट दिखाई पड़ता है। तुम्हारे जीवन में मात्र एक माह बचा है। इतना सुनते ही वह व्यक्ति चिंता में डूब गया और उसने शेष माह मात्र प्रायश्चित और भजन करने में गुजारा। उन्तीसवें दिन संत फरीद ने उसे अपने पास बुलाया और उससे पूछा बेटा! तेरी बुरी आदतों का क्या हुआ? उस व्यक्ति ने उत्तर दिया- महाराज! मेरे ऊपर मौत का भय इतना ज्यादा था कि सारी बुरी आदतें अपने आप छूट गईं। संत फरीद बोले-हर घड़ी मृत्यु को याद रखकर कर्म करोगे तो कभी भी बुरा कार्य नहीं हो सकेगा। तुम्हारा जीवन अभी शेष है, इसी सोच को लेकर जीवन जीओ। उस व्यक्ति का जीवन सदा के लिए बदल गया।

आज का पंचांग

सूर्योदय : 06:01, सूर्यास्तः : 06:50, चन्द्रोदयः : 26:44,चन्द्रास्तः :12:54, अयन : उत्तरायणे (उत्तरगोलीय), ऋतुः : ग्रीष्म, शक सम्वतः : 1947 (विश्वावसु), विक्रम सम्वतः : 2082 (कालयुक्त), मास : वैशाख, पक्ष : कृष्ण,तिथि : दशमी, नक्षत्र : धनिष्ठा, योग : शुक्ल, प्रथम करण : तैतिल (06:41 तक), द्वितीय करण : गर (18:12 तक)।

॥ गोचर ग्रहाः ॥

सूर्य : मेष, चंद्र : कुम्भ (24:31 से), मंगल : कर्क (उदित, पूर्व, मार्गी), बुध : मीन (उदय, पूर्व, मार्गी), गुरु : वृष (अस्त, पश्चिम, मार्गी), शुक्र : मीन (अस्त, पश्चिम, मार्गी), शनि : मीन (उदय, पूर्व, मार्गी), राहु : मीन, केतु : कन्या।

शुभाशुभ मुहूर्त विचार

अभिजित मुहूर्त : 11:49 से 12:42,अमृत काल : 25:59 से 27:33, विजय मुहूर्त : 14:27 से 15:19, गोधूलि मुहूर्त : 18:47 से 19:09, सायाह्न सन्ध्या : 18:49 से 19:54, निशिता मुहूर्त : 23:53 से 24:37, राहुकाल : 12:00 से 13:30, राहुवास : पश्चिम, यमगण्ड : 08:59 से 10:37, दुर्मुहूर्त : 08:20 से 09:12, होमाहुति : राहु, दिशा शूल : उत्तर, अग्निवास : पृथ्वी (18:12 तक), भद्रावास : मृत्यु (29:33 से), चन्द्र वास : दक्षिण (पश्चिम 24:31 से), शिववास : सभा में (18:12 से क्रीड़ा में)।

QUIZ TIME

1) किस मंत्रालय ने बालपन की कविता पहल शुरू की है?

2) किस देश द्वारा 2025 में अभ्यास सी ड्रैगन 2025 की मेजबानी की गई?

3) सागरेश्वर वन्यजीव अभयारण्य किस राज्य में स्थित है?

4) फ्यूगो ज्वालामुखी किस देश में स्थित है?

5) किसने मार्च 2025 में स्टॉकहोम जल पुरस्कार 2025 जीता?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) शिक्षा मंत्रालय (2) संयुक्त राज्य अमेरिका (3) महाराष्ट्र (4) ग्वाटेमाला (5) पीटर ग्लिक

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेषः आज का दिन आपको शुभ फल प्रदान करने वाला रहेगा मध्यान तक किसी भी कार्य अथवा निर्णय लेने से पहले भविष्य में मिलने वाले परिणाम को देखकर ही कार्य करे।

वृषः आज का दिन आपको मिला जुला फल देगा। दिन के आरंभ से मध्यान तक स्वभाव को नरम रखे अन्यथा पूर्व में बनाये व्यवहार खराब हो सकते है।

मिथुनः आज का दिन आपके लिए विषम फलदायी रहेगा। मध्यान तक का समय किसी कार्य को लेकर असमंजस में खराब होगा।

कर्कः आज का दिन भी आपके लिये शुभ रहेगा। व्यावसायिक क्षेत्र पर आज विविध क्षेत्रों से लाभ के अवसर मिलेंगे।

सिंहः आज का दिन आपके लिए मिश्रित फलदायक रहेगा। प्रातःकाल से ही किसी न किसी पारिवारिक अथवा सामाजिक कार्यो में व्यस्त रहने से कार्य क्षेत्र पर कम योगदान दे पाएंगे।

कन्याः आज का दिन आपको मिला-जुला फल प्रदान करेगा। दिन के आरम्भ में कई लाभ के अवसर आएंगे।

तुलाः आज दिन का आधा भाग आपके लिए विपरीत फलदायक रहेगा। आज मन दुविधा में रहने से निर्णय लेने की क्षमता न्यून रहेगी।

वृश्चिकः बीते दिन की तुलना में आज का दिन राहत वाला रहेगा परन्तु स्वभाव में थोड़ी गरमी आज भी बनी रहेगी।

धनुः आज का दिन आपके लिए मिश्रित फलदायक रहेगा। दिन के पूर्वार्ध में स्वभाव में जल्दबाजी रहने से कोई गलती होने की संभावना है।

मकरः आज का दिन आपके लिए कई नए अवसर लाएगा लेकिन भाग्य भरोसे बैठने की स्थिति में परिणाम विपरीत बीबी हो सकते है।

कुंभः आज के दिन का पहला हिस्सा आपके लिए उतार चढ़ाव वाला रहेगा। सेहत में थोड़ी नरमी रहेगी।

मीनः आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहेगा। पूर्व में किये परिश्रम का आज फल धन लाभ अथवा किसी न किसी रूप में अवश्यके मिलेगा।

शब्द सागर

शब्द सामर्थ्य

बाएं से दाएं

1. समाप्ति, खात्मा 3. रोगी, बीमार 5. गंभीरता, गहराई 6. बलपूर्वक, जबरदस्ती, व्यर्थ 9. लानत, तिरस्कार सूचक एक शब्द 10. लक्ष्मी, कमला 11. औषधालय 13. नाव खेने का लकड़ी का यंत्र 14. सतह, 'लेवल' 15. बिजली, तड़ित 17. चौकसी, सावधानी, बचाव 19. कहने वाला, वाचनकर्ता 20. सुंदर, अच्छा, बढ़िया 21. लगातार, तड़-तड़ करते हुए।

ऊपर से नीचे

1. शरीर का कोई भाग, शरीर 2. खोज-बीन, जांच-पड़ताल 3. वोट देने का हक 4. जो अत्यधिक शक्तिशाली व कठोर प्रकृति का हो, दृढ़, मजबूत 7. बरसात, पावस, बारिश 8. भरना, अटना, अंदर करना 12. घटना, हादसा, दुर्घटना 13. लिबाज़, पहनने का ढंग 16. नीला वस्त्र पहने वाला, नीला वस्त्र 17. ऐक्य, एक होने का भाव 18. दिल्ली स्थिति प्रसिद्ध जेल।

1	2	■	3		4	■	■	■
5				■	6		7	8
■		■	9			■	10	
■		■		■	11	12		
13				■	14		■	■
	■	■	■	■	■	15		16
	■	17		18			■	
19			■		■	■	20	
■	■	21					■	

शब्द सामर्थ्य क्रमांक 025 का हल

वा	स्ता	■	■	सि	स	की	■	■
जि	■	ल	प	ट	■	मा	चि	स
ब	द	ला	■	क	■	■	ल	■
■	■	ट	■	नी	ल	क	म	ल
ता	ली	■	का	■	की	■	■	हू
क	■	स	रो	का	र	■	■	लु
झां	■	ज	बा	न	■	म	सी	हा
क	च	ना	र	■	भा	याँ	■	न
■	र्म	■	■	ज	र	दा	■	■

वेबसाइट की धीमी चाल से प्रतियोगी परीक्षाओं के अभ्यर्थी हो रहे हलाकान

रविवि ने बढ़ाई आवेदन तिथि, व्यापम दिव्यांग कोटे का विकल्प नहीं जोड़ सका

रायपुर/नवप्रदेश। सेमेस्टर परीक्षाओं, प्रवेश परीक्षाओं और भर्ती परीक्षाओं का सिलसिला प्रदेश में जारी है। इन सबके बीच वेबसाइट की धीमी गति से लेकर कई तरह की समस्याओं का सामना छात्रों और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों को करना पड़ रहा है।

शिकायतों के बाद जहां रविवि ने सेमेस्टर परीक्षाओं के लिए आवेदन तिथि में वृद्धि की है तो वहीं व्यापम अब तक सहायक विस्तार अधिकारी के फॉर्म में दिव्यांग कोटे का विकल्प नहीं जोड़ सका है। इसे लेकर बड़ी संख्या में अभ्यर्थियों ने व्यापम से पत्राचार भी किया है, लेकिन अब तक व्यापम द्वारा व्यवस्था में सुधार नहीं किया जा सका है।

गौरतलब है कि, व्यापम द्वारा सहायक विकास विस्तार अधिकारी के 200 पदों के लिए आवेदन मांगे गए हैं। इनमें दिव्यांगों के लिए 14 सीटें आरक्षित हैं। 7 अप्रैल से इसके लिए आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ की गई है। अभ्यर्थियों को 2 मई तक का समय इसके लिए दिया गया है। परीक्षा 15 जून को आयोजित की जाएगी। आवेदन करने के लिए वेबसाइट खोलने पर अभ्यर्थियों को दिव्यांग का विकल्प ही नहीं मिल रहा है। इस कारण दिव्यांग अभ्यर्थी आवेदन करने में असक्षम हैं।

फीस स्ट्रक्चर तय नहीं

बीते सप्ताह सरकार द्वारा निर्णय लिया गया था कि व्यापम और पीएससी की परीक्षाओं में शामिल होने के लिए अभ्यर्थियों को परीक्षा शुल्क प्रदान करना होगा। केवल उन्हीं अभ्यर्थियों का परीक्षा शुल्क वापस किया जाएगा, जो परीक्षा में शामिल होंगे।

इसे लेकर विस्तृत दिशा-निर्देश अब तक व्यापम को नहीं मिल सके हैं। ऐसे में फीस स्ट्रक्चर सहित अन्य गाइडलाइन भी तय नहीं की जा सकी है। फिलहाल अभ्यर्थी बगैर फीस दिए निशुल्क आवेदन कर रहे हैं।

5 मई तक आवेदन

रविवि द्वारा मई-जून में आयोजित की जाने वाली सेमेस्टर परीक्षाओं के लिए आवेदन 20 अप्रैल तक मंगाए गए थे। छात्रों को 100 रुपए विलंब शुल्क के साथ 26 अप्रैल तक का समय दिया गया था। अब रविवि ने तिथियों में वृद्धि की है। छात्र बगैर विलंब शुल्क 30 अप्रैल तक आवेदन कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त 100 रुपए विलंब शुल्क के साथ उन्हें 1 से 5 मई तक का समय दिया जाएगा।

संक्षिप्त खबरें

ढाबा में बना डिस्टलरीज-होलोग्राम, ढक्कन और स्टीकर की नकल, दो गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में अभी भी नकली होलोग्राम का खेल चल रहा है। मामले में धड़ल्ले से नकली होलोग्राम और ढक्कन लगी शराब बेचने के मामले में बड़ा खुलासा हुआ है। तेन्दुआ स्थित बीएच ढाबा में नकली शराब बेचा जा रहा था। सूचना मिलने के बाद आबकारी विभाग ने दबिश दी। इस दौरान ढाबा और एक दुकान से भारी मात्रा में नकली ढक्कन और अलग- अलग डिस्टलरी के नकली स्टीकर समेत नकली सुरक्षा होलोग्राम जब्त किया। दरअसल, यह पूरा मामला आमानाका थाना इलाके का है। जहां के बीएच ढाबा का संचालक सकंटमोचन सिंह नकली शराब बेच रहा था। वहीं बीरगांव के लक्ष्मी कॉम्पलेक्स स्थित श्री गणेश प्रिंटीग दुकान पर नकली सुरक्षा होलोग्राम और स्टीकर बनने का खुलासा हुआ है। प्रिंटिंग प्रेस से देशी प्लेन मदिरा में लगने वाले नकली होलोग्राम की 371 सीट जब्त किया गया है। नकली होलोग्राम और ढक्कन दूसरे जिले भेजे जाने के सबूत भी मिले है।

आरोपियों को किया गया गिरफ्तार : मामले में आबकारी विभाग ने दोनों आरोपियों के खिलाफ एफआईआर कराई है। जिसके बाद अब ढाबा संचालक सकंटमोचन सिंह और प्रिंटिंग प्रेस संचालक गणेश चौरसिया गिरफ्तार कर लिया गया है।

राज्यपाल से मध्यप्रदेश के मंत्री विजयवर्गीय ने की भेंट

रायपुर /नवप्रदेश। राज्यपाल रमेन डेका से मंगलवार को यहां राजभवन में मध्य प्रदेश के नगरीय विकास एवं आवास, संसदीय कार्य विभाग के केबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने सौजन्य भेंट की।

आरडीए में आकाश छिकारा ने संभाला सीईओ का कार्यभार

रायपुर/नवप्रदेश। राज्य शासन के आदेश के बाद आज श्री आकाश छिकारा ने रायपुर विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी का अतिरिक्त कार्यभार ग्रहण कर लिया। भारतीय प्रशासनिक सेवा के 2017 के बैच के अधिकारी श्री छिकारा की मूल पदस्थापना उप सचिव आवास एवं पर्यावरण विभाग में की गई है। वे इससे पूर्व वे जांजगीर चांपा के कलेक्टर रहे हैं।

ड्रंक एंड ड्राइव : 8 वाहन चालकों पर हुई कार्रवाई

रायपुर/नवप्रदेश। पुलिस उप महानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रायपुर डॉ. लाल उमेद सिंह द्वारा नशे की हालत में वाहन चलाने वाले वाहन चालकों के खिलाफ सख्त कार्यवाही के निर्देश पर रायपुर पुलिस द्वारा शहर के राम मंदिर, फुंडहर एवं अटल नगर नवा रायपुर में बैरिकेटिंग कर ड्रंक एंड ड्राइव कर वाहन चलाने वाले 08 नशेड़ी वाहन चालकों के विरूद्ध चलानी कार्यवाही की गई। बता दे कि शहर की यातायात व्यवस्था के सुगम संचालन में ड्रंक एंड ड्राइव वाहन चालक सबसे बड़ी बाधा है। नशे की हालत में होने के कारण स्वयं तथा दूसरे वाहन चालक के जान के लिए जोखिम भरा होता है। ऐसे वाहन चालकों पर सख्त कार्यवाही हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रायपुर के निर्देशानुसार रायपुर पुलिस द्वारा लगातार अभियान चलाकर ड्रंक एंड ड्राइव वाहन चालकों पर कार्यवाही की जा रही है जिसके तहत विगत तीन माह के भीतर लगभग 312 नशेड़ी वाहन चालकों पर कार्यवाहीं की जा चुकी है जिसके तहत वाहन जप्त कर प्रकरण निराकरण हेतु कोर्ट भेजा गया। जहां माननीय न्यायालय द्वारा 10,000-10,000 रूपये का भारी भरकम जुर्माना लगाया गया है। साथ ही युक्त ड्रंक एंड ड्राइव वाहन चालकों पर लायसेंस निलबंन की कार्यवाही भी की जा रही है। कारवाही के अनुक्रम में इस शनिवार 20 अप्रैल को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात रायपुर डॉ प्रशांत शुक्ला के मार्गदर्शन में रायपुर पुलिस द्वारा शहर के श्रीराम मंदिर के पास, फुण्डहर चौक एवं एयरपोर्ट टर्निंग नवा रायपुर में रात्रि 11 बजे से 02 बजे तक बेरिकेटिंग कर चेकिंग अभियान चलाया गया। जिसमें 8 ड्रंक एंड ड्राइव वाहन चालकों के विरूद्ध मोटरयान अधिनियम की धारा 185 के तहत कार्यवाही की गई, प्रकरण निराकरण के लिए कोर्ट भेजा गया। सभी वाहन चालकों का लाइसेंस भी निलंबन हेतु परिवहन कार्यालय भेजा जाएगा।

समर वेकेशन को लेकर टीचर्स एसोसिएशन नाराज

ग्रीष्मकालीन अवकाश में दूसरे अतिरिक्त कार्य कराने के विरोध में उतरा टीचर्स एसोसिएशन

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में तापमान 44 डिग्री तक पहुंच गया है। ऐसे में शिक्षा विभाग की ओर से स्कूलों में आयोजित समर कैंप को स्थगित कर दिया गया है। जबकि टीचर्स के अवकाश पहले से ही कैंसिल हैं। ग्रीष्मकालीन अवकाश के समय में दूसरे अतिरिक्त कार्य कराने के विरोध में टीचर्स एसोसिएशन ने नाराजगी जाहिर की है।

साथ ही सरकार से दूसरे कार्यों से मुक्त रखने की मांग भी कर डाली है। बता दें कि प्रदेश के शिक्षकों को समर वेकेशन के अवकाश नहीं मिलेंगे। इसके पीछे का कारण प्रदेश में चल रहे सुशासन तिहार अभियान है। जिसमें सरकार की ओर से शिक्षकों की मदद ली जा रही है। ऐसे में छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन ने शिक्षकों को ग्रीष्मावकाश में अतिरिक्त कार्यों में लगाए जाने पर नाराजगी जताई है।

फाइल फोटो

इन अतिरिक्त कार्यों में लगाई जाती है ड्यूटी

प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा ने कहा कि सरकार ने भीषण गर्मी को देखते हुए स्कूलों में समर वेकेशन अवकाश घोषित कर दिया है। इधर शिक्षकों को शिक्षा विभाग के अलावा दूसरे विभाग के काम समर वेकेशन के दौरान मिलने वाले ग्रीष्?मकालीन अवकाश में कराए जाते हैं। इनमें प्रमुख जो कार्य है उनमें- तेंदूपत्ता संग्रहण और अन्य गैर-शैक्षणिक कार्यों में लगाया जा रहा है, जो न केवल अनुचित है बल्कि अवकाश की भावना के भी विपरीत है।

स्पष्ट निर्देश जारी करने की मांग

उन्होंने यह भी याद दिलाया कि शिक्षकों के लिए सप्ताह में 6 कार्य दिवस होते हैं जबकि अन्य कर्मचारियों को 5 कार्यदिवस की सुविधा है, इसके बावजूद शिक्षकों को कम अर्जित अवकाश की पात्रता दी जाती है। टीचर्स एसोसिएशन ने शिक्षा विभाग से स्पष्ट निर्देश जारी करने की मांग की है, ताकि इस दौरान शिक्षकों को अन्य विभागीय कार्यों में न लगाया जाए।

अतिरिक्त ड्यूटी से रखा जाए मुक्त

टीचर्स एसोसिएशन के प्रमुख पदाधिकारी संजय शर्मा, सुधीर प्रधान, वाजिद खान, हरेन्द्र सिंह, देवनाथ साहू, बसंत चतुर्वेदी, प्रवीण श्रीवास्तव, शैलेंद्र यदु, डॉ. कमल वैष्णव, मनोज सनाढ्य और शैलेंद्र पारीक ने संयुक्त रूप से मांग की है कि शिक्षकों को घोषित 45 दिनों का ग्रीष्मावकाश पूर्णतः अवकाश के रूप में ही दिया जाए और इस अवधि में किसी भी प्रकार की अतिरिक्त ड्यूटी से मुक्त रखा जाए।

भाजपा आज करेगी डॉ. भीमराव अम्बेडकर सम्मान सभा

इस अवसर पर विचार गोष्ठी का होगा आयोजन

रायपुर/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी के तत्वावधान में कल 23 अप्रैल को राजधानी के श्रद्धेय अटलबिहारी वाजपेयी ऑडिटोरियम, मेडिकल कॉलेज परिसर में डॉ. भीमराव अम्बेडकर सम्मान सभा के तहत एक विचार गोष्ठी का आयोजन रखा गया है। इस कार्यक्रम में पूर्व केंद्रीय गृह राज्यमंत्री एवं युवा मामले व खेल मंत्री निशीथ प्रमाणिक मुख्य वक्ता के तौर पर उपस्थित रहेंगे। यह जानकारी रायपुर (शहर) जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश ठाकुर ने दी।

भाजपा जिला अध्यक्ष श्री ठाकुर ने बताया कि कार्यक्रम में सांसद बृजमोहन अग्रवाल, मंत्री टंकराम वर्मा, विधायकगण राजेश मूणत, सुनील सोनी, मोतीलाल साहू, पुरंदर मिश्रा, गुरु खुशवंत साहेब, अनुज शर्मा व इंद्रकुमार साहू, महापौर मीनल चौबे, नान अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष लक्ष्मी वर्मा, प्रदेश कोषाध्यक्ष नंदन जैन, प्रदेश मंत्री किशोर महानंद और खाद्य आयोग के अध्यक्ष संदीप शर्मा भी अपने विचार रखेंगे।

रायपुर शहर जिला अध्यक्ष ठाकुर, रायपुर ग्रामीण जिला अध्यक्ष श्याम नारंग, शहर जिला महामंत्री सत्यम दुवा, ग्रामीण महामंत्री द्वय अनिल अग्रवाल व छोटेलाल सोनकर, शहर जिला उपाध्यक्ष आशु चन्द्रवंशी और ग्रामीण जिला उपाध्यक्ष शिवशंकर वर्मा ने अपराह्न 3 बजे से शुरू होने वाली सम्मान सभा व विचार गोष्ठी में समस्त पार्टी पदाधिकारियों-कार्यकर्ताओं और सुधी प्रबुद्धजनों से अधिकाधिक संख्या में उपस्थित होने का आग्रह किया है।

सुशासन तिहार : आवेदनों पर कार्रवाई शुरू

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर जिले में सुशासन तिहार का आयोजन किया जा रहा है। इसके अंतर्गत समस्त विभागों के अधिकारी-कर्मचारियों को निर्देशित किया गया है कि उन्हें सुशासन तिहार के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों का त्वरित निराकरण करना है। सुशासन तिहार के प्रथम चरण में आम जनता से उनकी मांग और शिकायतों को ऑनलाइन और ऑफलाइन माध्यम से मंगाया गया। वहीं, दूसरे चरण में आमजनों के प्राप्त आवेदनों को त्वरित निराकरण किया जा रहा है। सुशासन तिहार के अंतर्गत जिले की निवासी मोनिका सोना का मजदूर कार्ड बनाया गया। मजदूर कार्ड पाकर सोना काफी खुश नजर आई। उन्होंने बताया कि लंबे समय से उन्हें मजदूर कार्ड बनवाने के लिए काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा था।

आसमान से बरस रही आग से झुलस रहा प्रदेश

रायपुर। रायपुर में भीषण गर्मी का प्रकोप लगातार बढ़ता जा रहा है। तापमान रायपुर में 43.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने अनुमान जताया है कि बुधवार को तापमान 44 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है। 48 घंटों में राज्य के अधिकतर हिस्सों में तापमान में 1 से 2 डिग्री तक की बढ़ोतरी हो सकती है।

कलिंगा विवि दुबई यात्रा के साथ शिक्षा को सीमाओं से परे ले गया

रायपुर /नवप्रदेश। कलिंगा यूनिवर्सिटी, नया रायपुर, एनएएसी से मान्यता प्राप्त यूनिवर्सिटी है और लगातार तीसरे साल एनआईआरएफ रैंकिंग 2024 में शीर्ष 101-150 विश्वविद्यालयों में स्थान पाने वाला छत्तीसगढ़ का एकमात्र निजी विश्वविद्यालय है। यह मध्य भारत में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता के केंद्र के रूप में भी उभरा है। विश्वविद्यालय ने समग्र शिक्षा की दिशा में एक महत्वपूर्ण अध्याय की शुरुआत की है, जिसमें एक अंतरराष्ट्रीय शैक्षणिक यात्रा का सफलतापूर्वक आयोजन दुबई में किया गया। वैश्विक शिक्षण का अनुभव देने के उद्देश्य से आयोजित इस पाँच दिवसीय यात्रा में छात्रों और 2 संकाय सदस्यों की टीम ने दुबई के आधुनिकता और संस्कृति के अद्वितीय मिश्रण का अन्वेषण किया। इस पहल ने छात्रों को कक्षा आधारित शिक्षण से परे, उच्च तकनीकी बुनियादी ढांचे, नवाचार और तकनीकी प्रगति का व्यावहारिक अनुभव प्रदान किया। उन्होंने नॉलेज पार्क, मरीना नौका क्रूज़, दुबई फ्रेम, मिरेकल गार्डन और रोमांचकारी डेजर्ट सफारी का अनुभव लिया। अंतर्राष्ट्रीय अनुभव प्रदान करने के अलावा, इस यात्रा ने व्यक्तिगत विकास को प्रेरित किया, जिज्ञासा जगाई, तथा प्रतिभागियों के बीच स्थायी बंधन का निर्माण किया।

मेघानी ने किया महाराष्ट्र मंडल के शिविर का शुभारंभ

■ **बच्चों को मोबाइल से दूर रखने का सार्थक उपाय बताया समर कैंप को, कहा- यहां बच्चों को काफी नया सीखने को मिलेगा**

रायपुर/नवप्रदेश। महाराष्ट्र मंडल के संत ज्ञानेश्वर स्कूल में शुरू हुए समर कैंप के पहले दिन बच्चों ने जूंबा डांस के साथ-साथ खूब मस्ती की। कैंप का शुभारंभ सोमवार को सुबह मुख्य अतिथि अरविंद दीक्षित वार्ड के पार्षद व जोन 10 के अध्यक्ष सचिन मेघानी ने स्कूल के प्रभारी परितोष डोनगांवकर और सह प्रभारी नवीन देशमुख के साथ दीप प्रज्ज्वलन कर किया। इस अवसर पर बच्चों ने सुमधुर स्वागत गीत से अतिथियों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

बच्चों को संबोधित करते हुए सचिन मेघानी ने कहा कि आजकल के बच्चे मोबाइल के एडिक्ट होते जा रहे हैं। ऐसे में समर कैंप बच्चों को काफी हद तक मोबाइल से दूर रखेगा और उन्हें यहां काफी कुछ नया सीखने को भी मिलता है। प्राचार्य मनीष गोवर्धन ने अतिथियों को अपने विद्यालय के संस्कार व शिक्षा के क्षेत्र में 42 वर्षों के योगदान की संक्षिप्त जानकारी दी। स्कूल के प्रभारी परितोष डोनगांवकर ने समर कैंप को लेकर शिक्षकों का मार्गदर्शन किया और समय का सदुपयोग करने की सराहना की।

शिक्षिका आराधना लाल ने बताया कि शुक्रवार व शनिवार को ही बहुत अधिक संख्या में बच्चों ने अपना रजिस्ट्रेशन विभिन्न एक्टिविटीज में करा लिया था। जो बच्चे ओपनिंग सेरेमनी में उपस्थित हुए उन बच्चों को उनकी पसंदीदा एक्टिविटीज कराई गई। आज बच्चों की जुंबा डांस, खेलकूद, फायरलैस कुकिंग और आर्ट एंड क्राफ्ट की क्लासेस ली गई। बच्चों ने उत्साह के साथ इनमें भाग लिया। कल की तैयारी के लिए प्रशिक्षकों से दिशा- निर्देश लेकर बच्चे घर लौटे। अभिभावकों के भारी दबाव के चलते समर कैंप की विभिन्न एक्टिविटीज में शामिल होने के लिए बच्चों का रजिस्ट्रेशन अभी भी जारी है। बताते चलें कि एक विद्यार्थी दो एक्टिविटीज में हर दिन भाग ले सकता है।

कार्यक्रम में लगभग सौ से अधिक बच्चों के साथ सभी शिक्षक- शिक्षिकाएं सम्मिलित हुए। कार्यक्रम का संचालन आराधना लाल ने किया। बच्चों और अतिथियों को समर कैंप की संपूर्ण जानकारी अपर्णा आठले ने दी। शुभारंभ कार्यक्रम के दौरान मंडल के मुख्य समन्वयक श्याम सुंदर खंगन का विशेष मार्गदर्शन रहा। धन्यवाद ज्ञापन तृप्ति अग्निहोत्री ने दिया।

सुशासन तिहार का असर: आयुष्मान कार्ड बनने से इलाज को लेकर निश्चिंत हुए संजय

■ **मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति जताया आभार**

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर जिले में सुशासन तिहार का आयोजन किया गया है। सुशासन तिहार के अंतर्गत आम जनता की समस्याओं का निराकरण किया जा रहा है। प्रथम चरण में लोगों की मांग और शिकायतें मंगाई गई और द्वितीय चरण में उन आवेदनों के समाधान की दिशा में ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह के निर्देश पर जिले के सभी अधिकारी-कर्मचारी आमजनों के आवेदनों का निराकरण कर रहे हैं।

आकाशवाणी चौक निवासीसंजय कुमार सिंह सिक्युरिटी गार्ड का काम कर अपने परिवार का भरण-पोषण करते है। उनके घर में उनकी पत्नी और एक पुत्र है। उनका आयुष्मान कार्ड नहीं बनने की वजह से परिवार के इलाज में होने वाले खर्च को लेकर सिंह चितिंत रहते थे, उन्होंने आयुष्मान कार्ड के लिए आवेदन दिया था लेकिन उनका कार्ड नहीं बन पाया था। उन्होंने सुशासन तिहार के अंतर्गत आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए आवेदन पेश किया। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने उनके आयुष्मान कार्ड के आवेदन को गंभीरता से लेते हुए उन्हें कार्यालय बुलाया और सभी मूल दस्तावेजों की जांच उपरांत उनका आयुष्मान कार्ड बनाया गया। श्री सिंह के हाथ में आयुष्मान कार्ड आते ही उनका चेहरा खिल गया और उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को सुशासन तिहार के संचालन के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

ग्रीन आर्मी — जीवन के लिए हवा और पानी सबसे अनिवार्य आवश्यकताएं

प्रकृति संरक्षण का संकल्प और आठ वर्षों की गौरवशाली यात्रा

रायपुर/नवप्रदेश। ग्रीन आर्मी ने अपने स्थापना दिवस पर प्रकृति संरक्षण के प्रति अपने अटूट संकल्प को दोहराया और पिछले आठ वर्षों की अपनी गौरवशाली यात्रा का स्मरण किया। जाने-माने उद्यमी राजेश अग्रवाल जी ने मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। संस्था के संस्थापक एवं प्रदेश अध्यक्ष अमिताभ दुबे ने कहा कि ग्रीन आर्मी का आठ वर्षों का सफर अब बाल्यावस्था से आगे बढ़कर ठोस और प्रभावी कार्यों की ओर अग्रसर होने का समय है। उन्होंने संस्था के आगामी लक्ष्यों की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए प्लास्टिक मुक्त समाज और जल संरक्षण पर विशेष ध्यान केंद्रित करने की बात कही। श्री दुबे ने गजराज बांध, महाराज बांध और अन्य तालाबों की वर्तमान दयनीय स्थिति पर गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने देवपुरी जोन और डीडीयू नगर जोन द्वारा किए जा रहे सराहनीय कार्यों की प्रशंसा की और राजेश अग्रवाल को मैनेजमेंट गुरु बताते हुए उनके बहुमूल्य मार्गदर्शन को महत्वपूर्ण बताया।ग्रीन आर्मी के संरक्षक एवं प्रसिद्ध उद्यमी राजेश अग्रवाल ने पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जीवन के लिए हवा और पानी सबसे अनिवार्य आवश्यकताएं हैं। उन्होंने पृथ्वी पर तीन चौथाई पानी होने के बावजूद मानव द्वारा इसकी अंधाधुंध बर्बादी पर चिंता व्यक्त की। श्री अग्रवाल ने पद के बदले जिम्मेदारी को कहीं अधिक महत्वपूर्ण बताया। रायपुर जिला अध्यक्ष गुरदीप टुटेजा ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण की जिम्मेदारी समय के साथ और भी अधिक बढ़ गई है। उन्होंने शहरवासियों के विश्वास पर खरा उतरने और पहले से भी अधिक समर्पण के साथ कार्य करने का संकल्प दोहराया।

प्लॉस्टिक मुक्त करने का लक्ष्य

इसी क्रम में, उन्होंने भारती श्रीवास्तव को महिला विंग की अध्यक्षा नियुक्त किया, जो महिला सशक्तिकरण और पर्यावरण संरक्षण में उनकी सक्रिय भूमिका को दर्शाता है। वाइट विंग इंचार्ज निधि अग्रवाल ने प्लास्टिक मुक्ति अभियान की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि शहर के 250 भवनों को प्लास्टिक मुक्त करने का लक्ष्य रखा गया है, जिसके लिए भवनों में आवेदन, फोटो और जागरूकता बैनर लगाए जाएंगे।

न्यूज गैलरी

छात्रावास अधीक्षकों की एकदिवसीय कार्यशाला आयोजित

उत्तर बस्तर कांकेर। जिला परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा कांकेर अन्तर्गत छात्रावास अधीक्षक-अधीक्षिका एवं लेखापाल की एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में जिला परियोजना अधिकारी अशोक कुमार पटेल ने उपस्थित कर्मचारियों को छात्रावासों में स्वस्थ वातावरण तैयार कर उनकी जिम्मेदारियों से अवगत कराते हुए समस्त अभिलेखों को संधारित कर अद्यतन रखने हेतु निर्देशित किया। इस दौरान जिला मिशन समन्वयक श्री रवि प्रकाश मिश्रा ने भी विभिन्न प्रकार की पंजी जैसे जीएसटी, टीडीएस, मासिक प्रतिवेदन, अपलेखन, भण्डार क्रय नियम से संबंधित विषयों पर विस्तार से चर्चा कर टीम भावना से कार्य करने व बच्चों के साथ मित्रवत व्यवहार रखने हेतु प्रोत्साहित किया। कार्यशाला में अधीक्षक-अधीक्षिका सहित कार्यलयीन स्टाफउपस्थित थे।

आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

उत्तर बस्तर कांकेर। कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने राजस्व पुस्तक परिपत्र खण्ड 6-4 के तहत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए सर्प काटने से मृत्यु होने के एक प्रकरण में चार लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की है। तहसील कांकेर के ग्राम पीढ़ापाल निवासी 40 वर्षीय सुमित्राबाई जैन की सर्प काटने से मृत्यु हो जाने पर उनके निकटतम आश्रित रामनाथ जैन को चार लाख रुपए की सहायता राशि कलेक्टर द्वारा स्वीकृत की गई है।

राष्ट्रीय पोषण पखवाड़ा में गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण शिविर

कांकेर। देहारी पारा अंतागढ़ में राष्ट्रीय पोषण पखवाड़ा 2025 -2026 कार्यक्रम मनाया गया। जिसके अंतर्गत बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं का वजन व ऊंचाई मापा लिया गया.कार्यक्रम मे उपस्थित दीदियों भैया एवम बच्चों को लघु धान्य फसल रागी.कोदो.कुटकी के उपयोग व पोषण महत्व के बारे मे विस्तार से जानकारी दी गयी.गर्भवती माताओं और बच्चों को संतुलित आहार लेने के सुझाव दिया गया द्य कार्यक्रम मे राहुल गुप्ता पार्षद देहारी पारा अंतागढ़ अनिता उईके ,सुपरवाइज़र.अंतागढ़, डा.एस.के.पटेल एएमओ कु.रंजीता गार्डी.ब्लॉक टेक्नोलॉजी मैनेज अंतागढ़ ऋषि कुमार असिस्टेंट टेक्नोलॉजी मैंनेजर अंतागढ़ गंगोत्री शांडिल्य आंबा.कार्यकर्ता वंदना नेताम.मितानीन आंबा.सहायिका, बच्चे एवं हितग्राही उपस्थित रहे।

नक्सल पुनर्वास नीति का लाभ दिलाने शिविर का आयोजन आज

कांकेर। नवीन नक्सल पुनर्वास नीति-2025 के तहत जिले में निवासरत माओवादी पीड़ित एवं प्रभावित परिवारों को शासन की योजनाओं का लाभ दिलाने कलेक्टर नीलेश कुमार महादेव क्षीरसागर के निर्देशानुसार ब्लॉक मुख्यालयों में कैम्प लगाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में बुधवार 23 अप्रैल को कांकेर शहर के न्यू कम्युनिटी हॉल में पहली शिविर सुबह 10.30 बजे से आयोजित किया जाएगा।

भाजपा ने किया प्रबुद्धजन सम्मान सम्मेलन का आयोजन

कांकेर/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय कमल सदन अलबेला पारा कांकेर मे 15 अप्रैल से 25 अप्रैल पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत् प्रबुद्धजन सम्मान सम्मेलन का आयोजन किया सभी समाज व संगठन से आये प्रबुद्धजन नागरिकों का सम्मान शाल श्रीफल भेंट कर किया गया गया जिसमें कार्यक्रम कि प्रस्तावना सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम संयोजक संजय सिन्हा ने रखी भाजपा जिलाध्यक्ष महेश जैन ने अध्यक्षीय उद्बोधन में 06 अप्रैल भारतीय जनता पार्टी कि स्थापना दिवस से लेकर भारत रत्न बाबा साहेब डॉ अम्बेडकर जी कि जयंती 14 अप्रैल तक जो कार्य किया उसकी जानकारी दी साथ ही आज के कार्यक्रम में आये समस्त प्रबुद्धजनों का अभिनंदन व स्वागत तिलक लगाकर गिरधर यादव ने किया प्रबुद्ध जन सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए प्रवक्ता के रूप मे पूर्व जिला महामंत्री विजय मंडावी ने बाबा साहेब डॉ अम्बेडकर जी के जीवन वृतांत व देश के लिए उनके किये कार्यों के बारे में बताया।

प्रवक्ता के रूप में पूर्व जिलाध्यक्ष सतीश लाटिया ने बताया कि बाबा साहेब डॉ बाबा अम्बेडकर कि लिखित संविधान हमारा गौरव है भारतीय जनता पार्टी ने हमेशा बाबा साहेब का सम्मान किया है।चाहे वहां अटल बिहारी वाजपेयी जी का कार्यकाल हो या यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का हो बाबा साहेब के संविधान के अनुरुप देश कि एकता व अखंडता के लिए कार्य किया।

प्रबुद्ध जन सम्मेलन को विधायक आशाराम नेताम व अन्य वक्ताओं ने सम्बोधित कि अंत मे कांकेर लोकसभा के सांसद भोजराज

नाग जी ने सम्बोधित करते हुए कहा कि बाबा साहेब डॉ अम्बेडकर जी हमेशा से ही देश के लोग को एक सुत्र में बांथकर रखने जैसे विचारों प्रथमिकता दी पर कांग्रेस ने कभी भी बाबा साहेब अम्बेडकर को वो सम्मान नही दिया भारतीय जनता पार्टी के कार्यकाल में ही बाबा साहेब को भारतरत्न दिया गया अनुच्छेद 370 को समाप्त कर भारतीय जनता पार्टी के सरकार ने डाक्टर साहेब के सपनों को साकार किया ।

प्रबुद्धजन सम्मान सम्मेलन का मंच संचालन जिला महामंत्री दिलीप जायसवाल ने किया आभार व कार्यक्रम कि समापन कि घोषणा मांझा पारा के नगर पालिका पार्षद हितेंद्र खटवानी ने किया।

कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष महेश जैन, कांकेर लोकसभा के सांसद भोजराज नाग, कांकेर विधानसभा के विधायक आशाराम नेताम, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष सतीश लाटिया, महामंत्री दिलीप जायसवाल, बृजेश चौहान, मछुआ कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष भरत मटियारा, पूर्व सांसद मोहन मंडावी, जिला पंचायत अध्यक्ष किरण नरेटी, नगरपालिका अध्यक्ष अरुण कौशिक, उपाध्यक्ष उत्तम यादव, पूर्व महामंत्री विजय कुमार मंडावी, जिला उपाध्यक्ष राजीव लोचन सिंह, कोषाध्यक्ष राजा देवनानी, सेवा पखवाड़ा संयोजक संजय सिन्हा,हलधर साहू, विरेन्द्र श्रीवास्तव, रवि तिवारी, ने सभी प्रबुद्धजनों का शाल श्रीफल भेंट कर महेन्द्र कुमार शर्मा, ओमप्रकाश भट्ट, सुरेश चन्द्र श्रीवास्तव, शिव सिंह भदौरिया, विष्णु चौरसिया, हिमांशु कोठारी, दीपक कुमार झा, सुनील महेश्वरी, अनिल जायसवाल, विद्यासागर घ्रुव, टी आर साहू, बी आर नायक, अजीम कुरैशी, कमल सेन, कल्याण दाऊ, श्याम सुन्दर चन्दानी, आयाल दास लच्छानी, सुधीर कुमार वाल्यानी, असरफखान, प्रेम फब्यानी, सुनील भाषवानी, गोविन्द राम सार्वा, पन्नालाल ठाकुर, अर्जुन कावड़े, राजेश साहू, किशोर भास्कर, नोहर राम गंगबेर, छबिलाल जैन, तिथिरा भंजन, आशाराम जैन, पुरुषोत्तम राम जैन, छेदीलाल नाग, सियाराम, नारायण दास केवरमानी, राकेश गिडलानी, गोकुल राम पटेल, शंकर लाल जैन, बसन्त कुमार शर्मा, चन्द्र प्रकाश शिवहरे, दिलदार सिंह ठाकुर, रविन्द्र योगी, मनोहर यादव, श्याम लाल साहू, दिपांकर दत्ता, तुषार सरदार, विजय खटवानी, राम शरण जैन, एल सी लालवानी, पीयूष कश्यप, नरेंद्र शर्मा, शंकर लाल यादव, आदि।

पैराडाइज स्कूल के बच्चों ने धरती माता को संवर्धन करने का लिया संकल्प

- **पृथ्वी दिवस पर जल, जंगल, जमीन के संरक्षण के बारे में किया गया जागरूक**

कांकेर/नवप्रदेश। पैराडाइज हायर सेकेण्डरी सीबीएसई स्कूल में 22 अप्रैल को विश्व पृथ्वी दिवस, पृथ्वी के संरक्षण एवं संवर्धन के रूप मे मनाया गया। जिसमे विभिन्न कार्यक्रम के माध्यम से छात्र-छात्राओं के द्वारा जल, जंगल एवं जमीन को कैसे साफ सुरक्षित एवं संरक्षित रखने का संदेश दिया। इस कार्यक्रम में अतिथि के रूप में कृषि विभाग से गुंजन सिंह भदौरिया, फारेस्ट विभाग से चेतन पवार तथा जल संसाधन विभाग से सुशील देवांगन, श्री एस.आर.जाटव उपस्थित होकर अपने-अपने

विभागों के द्वारा जल संरक्षण, वन संरक्षण एवं भूमि संरक्षण के कल्याणकारी योजनाओं एवं कार्यो को विस्तार से बताया। उन्होंने प्राइमरी एवं मिडिल कक्षाओं के छात्र-छात्राओं से जल, जंगल एवं जमीन तथा पशु पक्षियों की स्थिति को और बेहतर बनाने के लिये अपना योगदान देने का संकल्प लिया अपने प्रभाव पूर्ण वक्तव्य के दौरन जागरूकता के नारे लगवाकर सम्पूर्ण पृथ्वी के सर्वधन का संकल्प लिया। इस कार्यक्रम में समाज सेवी संजय मसानी ने उपस्थित होकर पृथ्वी के पर्यावण संरकण के बारे में बताया।

इस अवसर पर मिडिल स्कूल के छात्र-छात्राओं के लिये पौधा रोपण एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सुबह की सभा में हवा, पानी, नदी, पहाड़, वनस्पति, मिट्टी आदि के संरक्षण एवं संवर्धन के लिये तथा इनको प्रदूषित होने से बचाने के लिये भाषण एवं कविता प्रस्तुत किये गये। जिससे लगभग सभी बच्चों ने पर्यावरण के प्रति जागरूकता का पाठ सीखा। पृथ्वी के पंच तत्व हवा, जल, वनस्पति, मिट्टी एवं आकाश को प्रदूषण से मुक्त करने की संकल्प लिये। प्राइमरी कक्षाओं के छात्रो द्वारा जागरूकता नाटक, गीत एवं नृत्य प्रस्तुत किये गये। इस कार्यक्रम के कोऑर्डिनेटर पूनम जीत कौर के मार्गदर्शन एवं इन्चार्ज शिक्षक तीरथ साहू, तुलसी निषाद, कृष्णापद कुंभकार, भारती सेठिया, शांति लीना नेताम, देवश्री साहू, प्रतीक सिह, का अथक योगदान रहा।

सुशासन की पोल खोलता स्वास्थ विभाग, मिलीं अव्यवस्थाएं

- **औचक निरीक्षण पर कटेकल्याण ब्लॉक स्वास्थ केंद्र पहुंचीं तुलिका कर्मा**

दंतेवाड़ा। अपने जिला पंचायत क्षेत्र एवं कटेकल्याण ब्लॉक मुख्यालय में औचक निरीक्षण पर पहुंची पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष तुलिका कर्मा ने जब स्वास्थ केंद्र की हालत देखी तो बस यही नज़ारा समझ आया कि सुशासन के इस कथित दौर में तो स्वास्थ विभाग ही वेंटिलेटर पर है । स्वास्थ विभाग की ऐसी हालत मानो मरीज़ डॉक्टर का नही बल्कि यमराज के इंतज़ार में बैठा हो और इलाज करवाने की विवशता ऐसी की प्रसव तक के लिए अस्पताल में महिला डॉक्टर का प्रबंध नही बल्कि नर्स एवं पुरुष डॉक्टर के भरोसे हो रहा है प्रसव।

बीमार पड़े मरीज़ों को बिस्तर तो दे दिया पर उनमें न चादर स्वच्छ है न तकिए, देखने पर मालूम पड़ा कि यहां तो कही तकियों से ही मरीजों को संक्रमण न फैल जाए। निरीक्षण पर जब तुलिका कर्मा ने यह नजारा देख कर अस्साल कर्मचारियों पर भड़क उठी तो ब्लॉक मेडिकल अफसर भागते हुए पहुँचे और आश्वासन का पिटारा खोलने लगे जिस पर जिला पंचायत सदस्य तुलिका ने दो टूक जवाब दिया कि जनता को आश्वासन नहीं बल्कि सुविधाएं चाहिए । तुलिका ने सीधा कहा कि सीएमएचओ को बताइए कि अपने एसी कमरे में बैठ के जिले के स्वास्थ विभाग का संचालन करें बल्कि क्षेत्र में जाकर व्यवस्थाओं का जायज़ा लें। अपने निरीक्षण के बाद तुलिका ने मीडिया से बात करते हुए बताया कि यह जिले में यहीं कटेकल्याण ब्लॉक का एनआरसी कक्ष जिसका बखान कर के जिला प्रशासन वाहवाहि लूट रहा पर धरातल पर अलग ही नजारा है ।

यूपी गुजरात से पहुंच रहे ओलमाए किराम की होगी तकरीर...

कांकेर/नवप्रदेश। 23अप्रैल दिन बुधवार को कांकेर जिले के भानुप्रतापपुर ब्लॉक में भानुप्रतापपुर मुस्लिम समाज समुदाय के द्वारा पैगामें हुजूर मुफ्ती ए आज़म कांफ्रेंस का एक दिवसीय जलसा कार्यक्रम आयोजन किया गया है। मुफ़्ती आजम कॉन्फ्रेंस में होने वाले कार्यक्रम का। आयोजन भानुप्रतापपुर के मस्जिद ग्राउंड में ठीक रात 9 बजे से शुरू किया जाएगा।पैगामे हुजूर मुफ्ती-ए-आज़म कॉन्फ्रेंस जेरे सरपरस्ती शहजादा व जानशीने हुजूर अमीने शरीअत, हुजूर हकीमे शरीअत, हजरत अल्लामा मौलाना मुफ्ती अश्शाह मुहम्मद सलमान रज़ा खान कादरी साहब किब्ला मद्दजिल्लहुल आली बरैली शरीफयूपी.खुसूसी आमद खलीफए हुजूर ताजूश्शरिया काजिए गुजरात हजरत अल्लामा सय्यद शाह सलीम बापू क़ादरी बुखारी साहब गुजरात मुकर्रिरे खुसूसीखलीफा-ए-हुजूर मुफ्ती-ए-आजमे हिन्द, मुनाजिरे अहले सुन्नत.हजरत अल्लामा अब्दुल सत्तार हमदानी बरकाती नूरी साहब गुजरात की नूरानी तकरीर होगी।भानुप्रतापपुर मुस्लिम समाज ने मुफ्ती ए आजम कॉन्फ्रेंस में अधिक से अधिक लोगों को शामिल होने गुजारिश किया गया है।

पेज 1 शेष

राजनीति के लिए..

मुस्लिम बिल का समर्थन कर रहे हैं। मध्य प्रदेश में कांग्रेस की बड़ी बैठक को लेकर तंज कसते हुए कहा कि, कांग्रेस छोटा होते जा रही है, जिस तरीके से कांग्रेस के नेताओं के कारनामे है। कांग्रेस कितनी भी बैठक कर ले विस्तार संभव नहीं है।

संविधान का मजाक उड़ा रही कांग्रेस : कांग्रेस की संविधान बचाओ अभियान पर कहा-कांग्रेस संविधान का उपायोग राजनीति के लिए कर रही है। अगर कांग्रेस संविधान के अनुरूप चली होती तो ये दुर्दशा नहीं होती। संविधान का जितना मजाक कांग्रेस ने उड़ाया, उतना किसी ने नहीं किया। जो अपनी जेब में संविधान की किताब लेके घूम रहे है, मूल उसमें है क्या।

भाजपा पूरे देश में..

प्रेस कांफ्रेंस में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, पीसीसी चीफ दीपक बैज भी मौजूद रहे।

जेल भेजने में देर नहीं करती सरकार : सुप्रिया श्रीनेत ने कहा- भाजपा सरकार प्रतिशोध की राजनीति कर रही है। राहुल गांधी को डराने की कोशिश हो रही वे डरने वाले नहीं हैं। बगैर लाभ संचालित कंपनी पर मनी लांड्रिंग का आरोप लगा रहे हैं। सालों से नेशनल हेराल्ड का मामला चल रहा पर कुछ नहीं मिला। निर्वाचन आयोग ने भी माना कांग्रेस का लोन देना गलत नहीं है। कुछ गलत होता तो मोदी जी जेल भेजने इंतजार नहीं कर रहे होते।

मोदी- शाह मणिपुर क्यों नहीं गए :निशिकांत दुबे के बयान पर सुप्रिया श्रीनेत ने कहा- यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि ऐसे लोग संसद के सदस्य हैं। भाजपा को निशिकांत दुबे के खिलाफ कार्रवाई करनी चाहिए। यह भी गंभीर विषय है कि वे गृहयुद्ध होने की बात कह रहे हैं। मणिपुर में गृहयुद्ध के हालात हैं, वहां मोदी शाह क्यों नहीं गए।

झूठ फैलाने में कांग्रेस की मास्टरीः साव

उधर कांग्रेस की प्रेस कांफ्रेस को लेकर डिप्टी सीएम अरुण साव ने कहा है कि, झूठ फैलाने में कांग्रेस की मास्टरी है। सुप्रिया श्रीनेत भी आई हैं तो झूठ फैलाकर जाएंगी। बघेल के आदिवासी हिंदू लिखेंगे तो आरक्षण खत्म हो जाएगा वाले बयान पर श्री साव ने कहा कि, भूपेश बघेल का बयान समाज को तोड़ने वाला है। कांग्रेस संविधान,आरक्षण पर भ्रम फैला रही है। आदिवासी प्रकृति के उपासक हैं। सीएम विष्णु देव साय ने बिल्कुल सही कहा है।

औद्योगिक विकास की..

यह पवेलियन निवेशकों को छत्तीसगढ़ की ओर आकर्षित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

मीडिया से संवाद - बॉम्बे एग्ज़िबिशन सेंटर में

मुख्यमंत्री साय 23 और 24 अप्रैल को दोपहर एक बजे बॉम्बे एग्ज़िबिशन सेंटर में मीडिया से संवाद करेंगे। वे इस दौरे के प्रमुख उद्देश्यों, राज्य की नई औद्योगिक नीति की विशेषताओं और निवेश को आकर्षित करने के लिए सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों की जानकारी साझा करेंगे।

एक पर्यटक की मौत..

मंत्री अमित शाह की पहली प्रतिक्रिया सामने आई है। सोशल मीडिया एक्स पर उन्होंने लिखा- जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले से दुखी हूं। मेरी संवेदनाएं मृतकों के परिजनों के साथ हैं। इस जघन्य आतंकी हमले में शामिल लोगों को बख्शा नहीं जाएगा और हम अपराधियों पर कठोरतम कार्रवाई करेंगे। प्रधानमंत्री को घटना के बारे में जानकारी दी और वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक की। सभी एजेंसियों के साथ तत्काल सुरक्षा समीक्षा बैठक करने के लिए जल्द ही श्रीनगर के लिए रवाना होऊंगा।

यूपीएससी की परीक्षा में..

आईआईटी धनबाद से की, जिसके बाद वे दिल्ली के जीतो संस्था में यूपीएससी की कोचिंग ली. मानसी पिछले साल भी यूपीएससी क्रैक कर चुकी थी, लेकिन यूपीएससी के इंटरव्यू में वे सफल नहीं हुई थी। दूसरे अटेम्ट में वे सफलता हासिल की है। उनके पिता मुकेश कुमार जैन, माता कीर्ति जैन समेत पूरे परिवार ने मानसी की सफलता पर खुशी जाहिर की है. बता दें कि मानसी बचपन से ही जगदलपुर के विजय वार्ड में रही है। उनके पिता मुकेश जैन शिक्षक हैं। वे प्रधान अध्यापक के पद पर जगदलपुर विकासखंड में पदस्थ हैं।

सीमित संसाधनों में भी पा सकते हैं सफलता : केशव गर्ग

सरगुजा संभाग के अंबिकापुर में पढ़ाई कर चुके नालंदा के छात्र केशव गर्ग ने 496वीं रैंक हासिल किया है. उन्होंने बताया कि सीमित संसाधनों में रहकर भी मजबूत रणनीति से यूपीएससी जैसी कठिन परीक्षा को पास किया जा सकता है।

सिविल सेवा परीक्षा..

वास्तव में परीक्षा में उपस्थित हुए। कुल 14,627 उम्मीदवार लिखित (मुख्य) परीक्षा के लिए योग्य पाये गये। इनमें से 2,845 उम्मीदवार परीक्षा के व्यक्तित्व परीक्षण के योग्य पाये गये। अंतिम रूप से 1009 उम्मीदवारों को नियुक्तियों के लिए अनुशंसित किया गया है। इन उम्मीदवारों में शीर्ष पांच में तीन महिलाएं और दो पुरुष शामिल हैं। शक्ति दुबे ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है। उन्होंने राजनीति विज्ञान और अंतर्राष्ट्रीय संबंध को वैकल्पिक विषय के रूप में लेकर परीक्षा उत्तीर्ण की। उन्होंने इलाहाबाद विश्वविद्यालय से बायोकेमिस्ट्री में स्नातक (बी.एससी.) किया है। हर्षिता गोयल ,एमएस यूनिवर्सिटी ऑफ बड़ौदा से स्नातक (बी.कॉम.) ने राजनीति विज्ञान और अंतर्राष्ट्रीय संबंध को वैकल्पिक विषय के रूप में लेकर दूसरा स्थान प्राप्त किया।

कार्यालय राजस्व निरीक्षक मण्डल मरकाटोला

दिनांक 21.04.2025

सूचना- सीमांकन बाबत

प्रति,
जीवन राम सिन्हा, भलभद्र कुमार अटभैया, लक्ष्मीनाथ साहू, हेमेश्वरी साहू, हरप्रसाद साहू, धीरज/ सेवक हरिराम/ भैयाराम, रमेश चन्द्र/ भैयाराम, नरेश सिन्हा, सुशीला बाई/ मुनीदास, सुन्दरलाल/ कृपाराम
पार्षद-उगेश्वरी उइके सभी निवासी कांकेर

संदर्भ- 1. अपर कलेक्टर कांकेर पुनरीक्षण प्रकरण क्र. 202406141400003/अ-12 वर्ष 2023-24।
2. न्यायालय तहसीलदार कांकेर ज्ञापन क्रमांक 1839/ तह./ वा-1/2024 आदेश दिनांक 19.12.2024।

उपरोक्त ज्ञापन के परिपालन में ग्राम कांकेर अलबेलापारा के भूमि स्वामी हेमेश्वरी साहू पति मनोज कुमार साहू के द्वारा ग्राम कांकेर अलबेलापारा प.ह.नं. 24 रा.नि.मं. कांकेर तहसील व जिला कांकेर में स्थित भूमि खसरा नं. 226/52 रकबा 0.143 हे. भूमि का सीमांकन तहसीलदार कांकेर द्वारा गठित टीम संतोष जैन, राजस्व निरीक्षक मरकाटोला, पालेश्वर तुरकर राजस्व निरीक्षक आतुरगांव प.ह.नं. 24 प.ह.नं. 23 द्वारा दिनांक 28.04.2025 दिन सोमवार को समय 11 बजे किया जावेगा।

चूंकि उक्त खसरा नं. से अभिलेख अनुसार आपके भूमि से लगी हुई है।

अतः आप सभी अपने समस्त दस्तावेज (रजिस्ट्री, ऋण पुस्तिका) इत्यादि के साथ मौके पर दिनांक 28.04.2025 को समय 11 बजे उपस्थित रहे।

सील

संतोष कुमार जैन
राजस्व निरीक्षक
रा.नि.मं. -मरकाटोला
तहसील- कांकेर

न्यायालय तहसीलदार मनेन्द्रगढ़
जिला-मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर (छ.ग.)

क्रमांक/97/वाचक-1/2025
मनेन्द्रगढ़, दिनांक 22/04/2025

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. 202504330100005
अ-21(5)/2024-25
शुभांशु पोद्दार प्रति धीरज कुमार गोयल
ग्राम/नगर मनेन्द्रगढ़

सर्व साधारण जनता ग्राम शंकरगढ़ प.ह.नं. 11, रा.नि.मं. मनेन्द्रगढ़, तहसील मनेन्द्रगढ़ जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर (छ.ग.) को सूचित किया जाता है कि न्याायलय कलेक्टर मनेन्द्रगढ़ जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर के रा.प्र.क्र. 20250433010005/ अ-21(5)/2024-25 आवेदक शुभांशु पोद्दार आ. श्री श्याम सुंदर पोद्दार निवासी वार्ड क्र. 10 मनेन्द्रगढ़ द्वारा ग्राम शंकरगढ़ स्थित भूमि खसरा नं. 116/1, 116/2 रकबा क्रमशः 0.64, 0.20 हे. भूमि राजस्व अभिलेख में आवेदक के नाम पर दर्ज है। उक्त भूमि व्यावसायिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तित भूमि है। आवेदक उक्त भूमि अनावेदक धीरज कुमार गोयल, आ. पवन कुमार गोयल, निवासी मरवाही के पक्ष में विक्रय किए जाने हेतु आवेदन पत्र कलेक्टर महोदय, जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर के समक्ष प्रस्तुत किया है जो अनुविभायीग अधिकारी (रा.) मनेन्द्रगढ़ के माध्यम से जांच प्रतिवेदन दिए जाने हेतु इस कार्यालय में प्राप्त हुआ है।

उक्त संबंध में कोई भी ग्रामीण/नगरीय अपना आपत्ति/दावा प्रस्तुत करना चाहते हैं तो दिनांक 08/05/2025 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि के पश्चात प्राप्त आपत्ति/ दावा पर किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 22/04/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से जारी किया गया।

सील

तहसीलदार
मनेन्द्रगढ़
जिला-मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर

कार्यालय नगरपालिका परिषद कांकेर, जिला उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)

क्रमांक/59/लो.नि.शा./न.पा.प./2025 | कांकेर, दिनांक 22/04/2025

-:: प्रथम मेनुअल निविदा आमंत्रण सूचना ::-

नगरपालिका परिषद कांकेर, जिला उत्तर बस्तर कांकेर द्वारा एकीकृत पंजीयन प्रणाली के तहत पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नांकित कार्यों हेतु निर्धारित प्रपत्र 'अ' में लोक निर्माण विभाग में प्रचलित सडक/भवन एस.ओ.आर. प्रभावशील दिनांक 01.01.2015 के प्रचलित दर पर निकाय क्षेत्रांतर्गत स्वीकृत कार्यों हेतु पंजीकृत डाक/पोस्ट से त्रि-लिफाफा पद्धति से सीलबंद निविदा अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में आमंत्रित की जाती है :-

01- निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 05/05/2025 समय संध्या 5.00 बजे।
02- निविदा प्रपत्र जारी करने की अंतिम तिथि 06/05/2025 को समय संध्या 5.00 बजे तक
03- निविदा प्रपत्र मुहरबंद लिफाफा में जमा करने की तिथि 13/05/2025 समय संध्या 05.30 बजे तक।
04- निविदा प्रपत्र खोलने की तिथि 14/05/2025 को समय सायं 4.00 बजे।
05- सशर्त निविदा स्वीकार नहीं किया जावेगा।

क्र.	कार्य का विवरण	लागत राशि (लाख में)	अमानत राशि	निविदा प्रपत्र शुल्क	समयावधि
01	नगरपालिका क्षेत्र कांकेर अंतर्गत 05 स्थानों में ट्यूबवेल खनन कार्य।	9.00	6800/-	750/-	03 माह

टीप - उपरोक्त कार्य की सामान्य शर्तें, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में नगर पालिका के निर्माण शाखा से प्राप्त की जा सकती है।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगरपालिका परिषद कांकेर

कार्यालय कलेक्टर (आदिवासी विकास),
जिला गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही (छ.ग.)

दूरभाष क्र.- 07751 220658 Email-actwd.gpm@gmail.com
क्र./ 160 / EOI / कोचिंग / 2025-26 गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही, दिनांक 18/04/2025

संक्षिप्त विज्ञप्ति

जिला गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही अंतर्गत आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों के लिए निशुल्क कोचिंग क्लासेस हेतु पंजीकृत कोचिंग संस्थाओं से ''रूचि की अभिव्यक्ति'' का आमंत्रण (वर्ष 2025-26)

जिला गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही अंतर्गत आर्थिक रूप से कमजोर छात्र-छात्राओं के लिए सी.जी.पी. एस.सी. एवं सी.जी. व्यापमं के द्वारा आयोजित परीक्षाओं के लिए निशुल्क कोचिंग सुविधा उपलब्ध कराने एवं प्रतिस्पर्धात्मक बनाकर परिणाममूलक सफलता सुनिश्चित करने हेतु जिला प्रशासन द्वारा इस क्षेत्र में कार्यरत निजी प्रतिष्ठित कोचिंग संस्थाओं में ''रूचि की अभिव्यक्ति'' (Expression of Intrestt) का प्रस्ताव आमंत्रित है।

रूचि रखने वाली कोचिंग संस्था, ''रूचि की अभिव्यक्ति'' का नमूना शर्ते एवं कार्य क्षेत्र की जानकारी जिले की वेबसाइट से प्राप्त कर सकते है। रूचि की अभिव्यक्ति के साथ आवेदन शुल्क रू. 5000/- का डी.डी. तथा रू. 50000/- का EMD कलेक्टर जिला गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही के पक्ष में देय हो संलग्न कर जमा करना होगा।

01. निर्धारित प्रपत्र में रजिस्टर्ड डाक के माध्यम से ऑफलाइन आवेदन करने की प्रारंभ तिथि - 21.04.2025
02. निर्धारित प्रपत्र में प्रस्ताव जमा करने की अंतिम तिथि - 05.05.2025
03. निर्धारित समय तक प्राप्त प्रस्ताव को समिति के समक्ष खोला जाना पात्र संस्थाओं का तकनीकि मूल्यांकन - 06.05.2025
04. समिति के समक्ष संस्थाओं का प्रस्तुतिकरण - 08.05.2025
05. वित्तीय मूल्यांकन - 08.05.2025

रूचि रखने वाले कोचिंग संस्थान / उनके अधिकृत प्रतिनिधि तकनीकी निविदा खुलने के समय उपस्थित रह सकते है।

(जिला स्तरीय समिति के द्वारा अनुमोदित)

जी-252600404/2

सहायक आयुक्त
आदिवासी विकास
जिला गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिका निगम रायपुर
जोन क्रमांक-8

मैनुवल पद्धति से निविदा आमंत्रण सूचना

क्रमांक 05/ लो.क.वि./न.पा.पि./जोन क्र.-8/2025 | रायपुर, दिनांक 22/04/2025

नगर पालिक निगम रायपुर जोन क्रमांक-8 अंतर्गत निम्नांकित प्रस्तावित कार्यों के लिए सक्षम श्रेणी में एकीकृत पंजीयन प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों/फर्मों से आयटम दर/पी.डब्ल्यू.डी. रोड/भवन एस.ओ.आर. 2015 लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग 2020 आज दिनांक तक संशोधित दर पर त्रि लिफाफा पद्धति से स्पीड पोस्ट/रजिस्टर्ड डाक से निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

1. निविदा प्रपत्र हेतु आवश्यक निर्धारित दस्तावेज सहित आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 29/04/2025 दिन मंगलवार सायं 5.00 बजे तक अपूर्ण दस्तावेज का आवेदन स्वीकार नहीं किया जावेगा।
2. दस्तावेज निरीक्षण उपरांत निविदा प्रपत्र जारी करने की अंतिम तिथि 05.05.2025 दिन सोमवार।
3. जोन आयुक्त, कार्यालय नगर पालिक निगम रायपुर जोन क्रमांक-8 मोहबा बाजार रायपुर (छ.ग.) में त्रि लिफाफा पद्धति से स्पीड पोस्ट/ पंजीकृत डाक से निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 14/05/2025 दिन बुधवार सायं 5.30 तक।
4. प्राप्त समस्त पात्र निविदाएँ दिनांक 16/05/2025 दिन शुक्रवार को प्रातः 12.00 बजे उपस्थित निविदाकारों अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जावेगी। अपरिहार्य कारणों निर्धारित तिथि पर निविदा नहीं खुलने पर आगामी तिथि निर्धारित की जावेगी कार्य की विवरण निम्नानुसार है :-

क्र.	कार्य का नाम	आगणित राशि लाख में	अमानती राशि	निविदा प्रपत्र मूल्य	समयावधि	एस.ओ.आर.	फार्म का प्रकार
1	वीर सावरकर नगर वार्ड क्र. 01 अंतर्गत नंदनवन मार्ग पर दायीं ओर WMM कच्ची सड़क निर्माण कार्य।	10.00	7500.00	750.00	05 माह	P.W.D. S.O.R. 2015	A

निविदा की शर्तें :-

1. निविदा के दस्तावेज बंद लिफाफा में रजिस्टर्ड पोस्ट/स्पीड पोस्ट से प्राप्त किया जावेगा। 2. ई. पंजीयन प्रमाणपत्र (जीवित), 3. बैंक साल्वेंसी, बैंक पासबुक की छायाप्रति, (निविदा आमंत्रण से एक वर्ष तक प्रभावशील होना चाहिए)। 4. GST प्रमाण पत्र एवं GST Retrun (विगत 3 माह) 5. आयकर रिटर्न (विगत 3 माह) तथा 100 रु. का स्टाम्प पेपर निविदा जारी होने की तिथि के पश्चात का शपथ पत्र होना अनिवार्य है। 6. निविदा जारी होने के पश्चात से प्रत्येक कार्य के लिए पृथक-पृथक एफ.डी.आर. मूल एवं छायाप्रति प्रस्तुत होना आवश्यक है। तथा जो एफ.डी.आर. जीवित होना आवश्यक है। 7. त्रि लिफाफा पद्धति में निविदा प्राप्त नहीं होने पर निविदा पर विचार नहीं किय जावेगा।
2. **टीप** :- अन्य निविदा की शर्तें एवं जानकारियां कार्यालीयन समय व दिवस में कार्यालय जोन क्र. 8 में अवलोकन किया जा सकता है।

घरों से निकलने वाले सूखा और गीला कचरे को सफाई मित्र (वाहन) को देवें।

जोन आयुक्त
जोन क्रमांक- 08
नगर पालिक निगम, रायपुर

62 हजार से अधिक आवेदनों पर कलेक्टर की सख्ती शीघ्र समाधान और आवेदकों को सूचना देना अनिवार्य

कोरिया/ नवप्रदेश। सुशासन तिहार के अंतर्गत प्राप्त जनआवेदनों के शीघ्र और प्रभावी निराकरण हेतु शनिवार को जिला कार्यालय में कलेक्टर चन्दन त्रिपाठी की अध्यक्षता में सभी विभागीय अधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

बैठक में कलेक्टर ने सबसे पहले नगरीय निकायों से संबंधित आवेदनों की समीक्षा की तथा उसके पश्चात विभागवार आवेदनों की संख्या, प्रकार एवं अब तक की गई कार्यवाही की जानकारी अधिकारियों से प्राप्त की। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि जिन आवेदनों का विषय संबंधित विभाग से नहीं है, उन्हें तत्काल संबंधित विभाग को अग्रेषित किया जाए।

कलेक्टर ने सभी विभाग प्रमुखों को निर्देशित किया कि सभी आवेदनों का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित किया जाए। साथ ही समाधान होने के पश्चात आवेदकों को व्यक्तिगत रूप से सूचित करना अनिवार्य किया जाए, ताकि आम जनता को शासन-प्रशासन की तत्परता का अनुभव हो।

आंजोखुर्द के स्कूल में लगी स्मार्ट टीवी

- बच्चों की आंखों में चमकी डिजिटल शिक्षा की रोशनी
- सुशासन तिहार बना टेक्नोलॉजी का सेतु, शिक्षा विभाग ने की त्वरित कार्रवाई

कोरिया/ नवप्रदेश। सुशासन तिहार 2025 के तहत कोरिया जिले के गांव-गांव में परिवर्तन की बयार देखने को मिल रही है।

इसी कड़ी में ग्राम आंजोखुर्द स्थित शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला को स्मार्ट शिक्षा की सौगात मिली है। अब इस विद्यालय में स्मार्ट टीवी के माध्यम से बच्चे डिजिटल तरीके से पढ़ाई कर सकेंगे।

शाला प्रबंधन एवं विकास समिति तथा ग्रामीणों ने स्मार्ट टीवी लगाने की मांग को लेकर शिक्षा विभाग को आवेदन सौंपा था। इस पर विभाग ने गंभीरता दिखाते हुए त्वरित कार्रवाई की और स्कूल में स्मार्ट टीवी स्थापित करवा दिया।

जैसे ही टीवी स्कूल में लगा, बच्चों में खुशी की लहर दौड़ गई। बच्चों ने कहा कि अब वीडियो, चित्र और ऑडियो के माध्यम से पढ़ाई और भी रोचक हो गई है। शिक्षकों ने भी इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इससे कठिन विषयों को समझाना आसान होगा और बच्चों की रुचि भी पढ़ाई में बढ़ेगी।

शाला समिति अध्यक्ष नारायण सिंह ने बताया, हमने सुशासन तिहार के दौरान जो मांग रखी थी, वह इतनी जल्दी पूरी होगी, यह सोचा नहीं था। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय और जिला प्रशासन व शिक्षा विभाग का हम आभार व्यक्त करते हैं।

छात्रों ने बताया कि वे अब खुद भी टीवी पर पढ़ाई के लिए आगे आ रहे हैं। इससे स्कूल में उपस्थिति भी बढ़ेगी और माहौल उत्साहपूर्ण होगा।

प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देश पर पूरे प्रदेश में सुशासन तिहार मनाया जा रहा है। सुशासन तिहार के माध्यम से शासन-प्रशासन न केवल समस्याएं सुलझा रहा है, बल्कि गांवों व हितग्राहियों में उम्मीद और नवाचार की नई रोशनी भी जगा रहा है।

न्यूज गैलरी

'अग्निवीर भर्ती' हेतु आवेदन की अंतिम तिथि 25 अप्रैल तक

बलरामपुर। जिला रोजगार अधिकारी ने जानकारी दी है कि सेना भर्ती कार्यालय रायपुर द्वारा अग्निवीरों की भर्ती के लिए अधिसूचना जारी की गई है, जो भारतीय सेना की वेबसाइट ज्वाइन इंडियन आर्मी डॉट एनआईसी डॉट इन पर उपलब्ध है। अग्निवीर की भर्ती जनरल, तकनीकी, क्लर्क, ट्रेडमैन (8वीं एवं 10वीं कक्षा उत्तीर्ण) महिला सैन्य पुलिस और रेगुलर कैडर भर्ती धर्म गुरु, नर्सिंग सहयोगी और सिपाही फार्मा के पदों के लिए जारी की गई है। सेना में भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया 12 मार्च से 25 अप्रैल तक खुली रहेगी। अग्निवीर क्लर्क के अभ्यर्थियों को ऑनलाइन परीक्षा (सीईई) के समय टाइपिंग टेस्ट भी देना होगा। ऑनलाइन परीक्षा (सीईई) जून 2025 के बाद होने की संभावना है। अन्य किसी भी प्रकार की जानकारी और समस्या के लिए सेना भर्ती कार्यालय रायपुर के टेलीफोन नंबर 0771-2965212 या 0771-2965214 पर संपर्क एवं जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र बलरामपुर के सूचना पटल का अवलोकन कर सकते हैं।

जनदर्शन में आए 32 आवेदन, कलेक्टर ने विभागों को दिए त्वरित निराकरण करने के दिए निर्देश

एमसीबी। कलेक्टर डी. राहुल वेंकट ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनदर्शन के माध्यम से आम नागरिकों की समस्याओं को सुना। जिले के ग्रामीण जन और नागरिकों ने जनदर्शन में अपनी छोटी-बड़ी समस्याओं को सीधे कलेक्टर के समक्ष रखा। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को प्राप्त सभी आवेदनों को प्राथमिकता के साथ शीघ्रता से समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। आज की जनदर्शन में कुल 32 आवेदन प्राप्त हुए। इस जनदर्शन में आवेदक गोरेलाल निवासी जमथान जिला एमसीबी के न्यायालय से जारी नोटिस- बटवारा अ/27/2024-25 के संबंध में, अनिल कुमार निवासी बरमपुर चालान सीट न्यायालय में पेश कराये जाने के संबंध में, सतपाल सिंह सालूजा निवासी मनेंद्रगढ़ स्मरण पत्र के संबंध में, शिवभजन निवासी नागपुर भूमि के संबंध में, बलीराम निवासी खैरबना आवास की प्रथम किस्त राशि प्रदाय करने के संबंध में, मनोज सिंह निवासी तिलोखन धान बिक्री का पैसा न मिलने के संबंध में, समस्त ग्रामवासी निवासी खैरबना विद्युत विस्तार के संबंध में, समस्त ग्रामवासी निवासी परसगढ़ी विद्युत विस्तार के संबंध में, लाल चंद निवासी सारसताल तालाब खुदवाने के संबंध में, राजीव लोचन निवासी चिरमिरी वेतन भुगतान एवं अन्य कार्य किये जाने पर डी.आई.ओ. एमसीबी को रोक लगाने हेतु निर्देशित करने के संबंध में, उच्च न्यायालय बिलासपुर का प्रकरण क्रमांक 456/2025 दिनांक 03/04/2025 के तारतम्य के संबंध में, परमेश्वर सिंह भूमि के संबंध में, प्रवीण तिवारी निवासी देवगढ़ भूमि के संबंध में, प्रमोद तिवारी निवासी देवगढ़ पीएम आवास योजनान्तर्गत मिलने वाले लाभ से वंचित किये जाने के संबंध में, भगवनिया निवासी बरोता भूमि के संबंध में, गौतम दास निवासी चिरमिरी रोजगार दिलाने के संबंध में, चंद्रभान सिंह निवासी खामरोह भूमि के संबंध में, उर्मिला निवासी बेलबहरा आर्थिक सहायता के संबंध में, अरविंद कुमार निवासी मनेंद्रगढ़ कार्यवाही नहीं किये जाने के संबंध में, देव कुमार निवासी पेंड्री भूमि के संबंध में, बाबालाल निवासी पेंड्री भूमि के संबंध में, जगसाय निवासी लोहारी सीमांकन कराये जाने के संबंध में, नारायण प्रसाद निवासी मनेंद्रगढ़ सीमांकन कराये जाने के संबंध में, नूरजहाँ बेगम निवासी रामगढ़ मेरी शासकीय सेवा बढ़ाने के संबंध में, शाईस्ता जरी निवासी मनेंद्रगढ़ भूमि के संबंध में, गिद्दुराम निवासी केवटी पीएम आवास की राशि को ट्रांसफर करने के संबंध में, दलबीर प्रसाद निवासी सेंधा भूमि के संबंध में,निरसिया निवासी जनकपुर भूमि के संबंध में, बिट्टी निवासी जनकपुर भूमि के संबंध में, सरपंच निवासी खैरबना हैंडपंप खनन करने के संबंध में, गणेश लाल निवासी पोंडी भूमि के संबंध में, सावित्री निवासी दर्रीटोला भूमि के संबंध में अपनी शिकायत लेकर उपस्थित हुए थे। कलेक्टर ने प्राप्त सभी आवेदनों को पूरी गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागों को उचित कार्यवाही करते हुए त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए।

प्रदेशभर के स्कूलों में 25 से 15 जून तक ग्रीष्मकालीन अवकाश घोषित

शासनादेश हुआ जारी

कोरिया/रायपुर। छत्तीसगढ़ शासन के स्कूल शिक्षा विभाग ने प्रदेश में पड़ रही भीषण गर्मी और लू की स्थिति को देखते हुए ग्रीष्मकालीन अवकाश की तिथि में संशोधन किया है। अब राज्य के सभी शासकीय, अनुदान प्राप्त, गैर अनुदान प्राप्त तथा अशासकीय शालाओं में 25 अप्रैल 2025 से 15 जून 2025 तक ग्रीष्मकालीन अवकाश घोषित किया गया है।पहले यह अवकाश 1 मई से शुरू होने वाला था, लेकिन बच्चों के स्वास्थ्य पर गर्मी के पड़ते प्रभाव को ध्यान में रखते हुए राज्य शासन ने यह निर्णय लिया है।स्कूल शिक्षा विभाग की ओर से मंत्रालय महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर से जारी आदेश के अनुसार, यह अवकाश केवल विद्यार्थियों के लिए रहेगा। शिक्षकों पर यह आदेश लागू नहीं होगा तथा पूर्व में जारी आदेश की अन्य सभी शर्तें पूर्ववत लागू रहेंगी।

एडीईओ के 200 पदों पर भर्ती, 2 मई तक करें ऑनलाइन आवेदन

कोरिया । मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार बेरोजगार युवाओं को सरकारी नौकरी का अवसर प्रदान करने लगातार नई पहल कर रही है। इसी क्रम में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा सहायक विकास विस्तार अधिकारी (एडीईओ) के 200 पदों पर भर्ती हेतु विज्ञापन जारी किया गया है।इन पदों में 193 रिक्त पद एवं 7 बैकलॉग पद शामिल हैं। भर्ती प्रक्रिया का संचालन सीजी व्यापम द्वारा किया जा रहा है। इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थी 2 मई 2025 तक व्यापम की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।इस पद के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता स्नातक निर्धारित की गई है, जबकि ग्रामीण विकास में स्नातकोत्तर डिग्रीधारी अभ्यर्थियों को प्राथमिकता दी जाएगी।

संगम अभियान में जल संरक्षण की गूंज, कृषि एवं आजीविका विकास पर केन्द्रित कार्यशाला संपन्न

एमसीबी। मनरेगा संगम अभियान के अंतर्गत जल संरक्षण, कृषि नवाचार एवं आजीविका संवर्धन को लेकर जनपद पंचायत मनेंद्रगढ़, जिला एमसीबी में आज एक महत्वपूर्ण कार्यशाला का आयोजन हुआ, इस आयोजन से ग्राम विकास की दिशा में नई ऊर्जा का संचार किया गया । कलेक्टर डी. राहुल वेंकट के निर्देशानुसार जनपद सीईओ सुश्री वैशाली सिंह के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम ने न केवल अधिकारियों को जागरूक किया, बल्कि विभिन्न विभागों के समन्वय को भी सशक्त किया। जनपद पंचायत के अमृत सदन सभाकक्ष में आयोजित इस प्रशिक्षण सह कार्यशाला में जिले एवं ब्लॉक स्तर के मास्टर ट्रेनरों ने जल संसाधन प्रबंधन, टिकाऊ कृषि पद्धतियाँ और ग्रामीण आजीविका के नवीन उपायों पर विस्तृत जानकारी दी। कृषि, उद्यानिकी, रेशम, मत्स्य तथा जल संसाधन विभागों के अधिकारियों की सक्रिय भागीदारी ने कार्यक्रम को और भी प्रभावशाली बना दिया। संगम अभियान को जमीन पर मजबूती से उतारने के उद्देश्य से कार्यशाला में अनुविभागीय अधिकारी (ग्रामीण यांत्रिकी सेवा), उप अभियंता, [illegible] के प्रभारी, [illegible] के अध्यक्ष एवं सचिव, नोडल अधिकारी एवं तकनीकी सहायक ([illegible]) भी उपस्थित रहे।

लाइट आई तो लौटी रौनक, स्कूल और गांव में फैली सुरक्षा की चमक

सुशासन तिहार से ग्रामीणों की मांग का हुआ समाधान

कोरिया। सुशासन तिहार 2025 ने ग्रामीणों की पुरानी मांग पूरी कर दी है। ग्राम उरावपारा जमड़ी स्थित शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला परिसर में फ्लड लाइट लगाने की मांग पर शिक्षा विभाग ने त्वरित कार्यवाही करते हुए परिसर को रोशन कर दिया है।

इस पहल से जहां बच्चों को सुरक्षित माहौल मिला है, वहीं गांव के लोगों को भी आवागमन में सुविधा हो रही है। ग्रामवासी विनोद साहू ने बताया कि पहले अंधेरा होने के बाद स्कूल और उसके आसपास से गुजरना जोखिमभरा हो जाता था। अब लाइट लगने से गांव में सुरक्षा और सहजता दोनों आई है।

लाइट लगते ही गांव में उत्साह का माहौल बन गया और लोगों ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया। सुशासन तिहार के जरिए शासन-प्रशासन न सिर्फ समस्याएं सुन रहा है, बल्कि त्वरित समाधान कर जनता के दिलों में भरोसा भी जगा रहा है।

नक्सल गांव के विकास के लिए स्वीकृत हुई एक करोड़ की राशि

सुकमा। दक्षिण बस्तर का नक्सल प्रभावित सुकमा जिले के ग्राम बड़ेशेट्टी में बचे हुए 11 नक्सलियों ने कल आत्मसर्पण कर देने से ग्रामबड़ेशेट्टी नक्सल मुक्त हुआ, इसके साथ ही ग्रामीणों ने आस-पास के गांव को भी नक्सल मुक्त कराने की दिशा में अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की है। आज शनिवार को सुकमा पुलिस अधीक्षक किरण चैहान ग्राम बड़ेशेट्टी पहुंचकर ग्रामीणों की एक बड़ी सभा में शामिल होकर उन्होने ग्रामीणों को बताया कि बड़े शेट्टी गांव नक्सल मुक्त हो गया और इस गांव को नक्सलीवादी आत्मसपर्मण, पीड़ित राहत पुर्नवास नीति 2025 के तहत बडे शेट्टी पंचायत को एक करोड़ की राशि विकास कार्यों के लिए स्वीकृति की गई है। यह धनराशि शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल अन्य विकास कार्यों में पंचायत द्वारा खर्च किया जायेगा।गांव का सरपंच कमलू जोगा ने बताया कि नक्सलियों का गढ़ रहे ग्राम बड़ेशेट्टी के नक्सल मुक्त होने के बीच यहां के ग्रामीणों के मन में पिछले दो दशक में नक्सलवाद से कई गहरे घाव मिले हैं।

कल पंचायती राज दिवस पर कोरिया की 20 पंचायतों में शुरू होंगे अटल डिजिटल सुविधा केंद्र

हर ग्राम पंचायत में होगी विशेष ग्राम सभा, प्रधानमंत्री का लाइव संबोधन भी सुनेंगे ग्रामीण

कोरिया । अप्रैल को राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के अवसर पर कोरिया जिले में व्यापक स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इस दिन जिले की 20 ग्राम पंचायतों में अटल पंचायत डिजिटल सुविधा केंद्रों का शुभारंभ होगा, जहां से महतारी वंदन योजना के तहत पहला ट्रांजेक्शन किया जाएगा। साथ ही समस्त ग्राम पंचायतों में विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन किया जाएगा।

कलेक्टर श्रीमती चन्दन त्रिपाठी के निर्देशानुसार जनपद पंचायतों को समस्त तैयारियां पूर्ण करने के लिए दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं। सभी पंचायतों में स्वच्छ पेयजल, बैठने की व्यवस्था और प्रचार-प्रसार की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

जिला पंचायत कोरिया के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी ने बताया कि पंचायतों को डिजिटल रूप से सक्षम बनाने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम है। इन केंद्रों में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग की सुविधा भी उपलब्ध कराई जा रही है, ताकि जनप्रतिनिधि सीधे तौर पर ग्रामीणों से संवाद स्थापित कर सकें।

ग्राम सभाओं के दौरान राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित मुख्य कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भी किया जाएगा, जिसमें प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी सभी ग्राम पंचायतों को संबोधित करेंगे। राज्य स्तर पर होने वाले आयोजनों का प्रसारण भी ग्राम पंचायतों में सुनने की व्यवस्था की जा रही है।

डॉ. चतुर्वेदी ने बताया कि पंचायतों को सशक्त बनाकर लोकतांत्रिक भागीदारी को मजबूत किया जा रहा है। 73वें संविधान संशोधन के तहत स्थापित पंचायती राज व्यवस्था आज ग्रामीण भारत के शासन की रीढ़ बन चुकी है, और यह दिवस उस सहभागिता को उत्सव के रूप में मनाने का अवसर है।

जल जीवन मिशन ने बदली ग्रामीण महिलाओं की जिंदगी

एमसीबी। जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर के विकासखंड भरतपुर के ग्राम तिलौली में हर घर तक जल जीवन मिशन के तहत नल से जल को पहुंचाने का सपना साकार हो चुका है। जल जीवन मिशन के तहत इस बस्ती के लोगों को अब स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल की सुविधा मिल रही है। इस ऐतिहासिक और क्रांतिकारी पहल से ग्रामीणों के जीवन में व्यापक बदलाव आया है और इसकी एक मिसाल ग्राम तिलौली की निवासी शांति देवी की प्रेरणादायक कहानी है।

शांति देवी एक सामान्य ग्रामीण महिला हैं, जिनका जीवन कभी पानी के लिए संघर्ष में बीतता था। अपने परिवार के लिए पानी लाने उन्हें लंबी दूरी तय कर खेतों के रास्ते हैंड पंप तक जाना पड़ता था। यह प्रक्रिया न केवल उनके कीमती समय को बर्बाद करता था, बल्कि उनके परिवार के स्वास्थ्य जीवन पर भी नकारात्मक प्रभाव डालता था। लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राज्य के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में शुरू हुए जल जीवन मिशन से शांति देवी और उनके परिवार की जिंदगी बदल गई है। जल जीवन मिशन का मुख्य उद्देश्य भारत के सभी दूर-सुदूर गाँवों के हर घर तक शुद्ध पेयजल पहुँचाना है। जिसके लिए केंद्र सरकार 3 लाख 60 हजार करोड़ रूपए खर्च कर रही है। यह मिशन न केवल पेय जल की उपलब्धता सुनिश्चित कर रहा है, बल्कि जल संरक्षण, प्रदूषण रहित जल की पहचान, और जल प्रबंधन जैसे कार्यों पर भी काम कर रहा है।

गांव में वर्षो तक रही पानी की समस्या-तिलौली जैसे दुर्गम क्षेत्रों में लंबे समय तक स्वच्छ पानी की व्यवस्था न होने के कारण लोग प्राकृतिक जल स्त्रोतों और छोटे मोटे कुओं और नाले पर निर्भर थी। इन स्त्रोतों की स्वच्छता और उपलब्धता अक्सर अनियमित रहती थी। जिससे जल जनित बीमारियां और स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं आम थी। महिलाओं और बच्चों को पानी भरने के लिए घंटों लंबी दूरी तय करनी पड़ता था। जिससे उनकी शिक्षा और दैनिक जीवन भी प्रभावित होता था।

स्वच्छ पानी ने बदली ग्रामीणों की जिंदगी-जल जीवन मिशन के प्रभाव ने तिलौली के लोगों के जीवन में अभूतपूर्व बदलाव लाया है। अब ग्रामीणों को पानी के लिए दूर नहीं जाना पड़ता। महिलाओं और बच्चों का समय और श्रम की बचत होती है, वे लोग अपना समय अब शिक्षा, खेती और अन्य उत्पादक कार्यों में लगा रहे हैं। स्वच्छ पेयजल ने जल जनित बीमारियों की घटनाओं को काफी हद तक कम कर दिया है। शांति देवी ने इस योजना का व्यक्तिगत रूप से लाभ उठाया और इसे ग्रामीणों के लिए जीवन बदलने वाला अनुभव बताया। उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त करते हुए कहा यह पहल हमारे जैसे गांवों को आत्मनिर्भर और स्वस्थ बना रही है। अब हमारा जीवन पहले से कहीं ज्यादा सरल और सुरक्षित हो गया है।

प्रेरणा का स्त्रोत बना गांव तिलौली-तिलौली की सफलता अन्य गांवों के लिए भी प्रेरणा का स्त्रोत बन गया है। जल जीवन मिशन योजना ने साबित किया है कि सही दिशा में किए गए ठोस प्रयासों से ग्रामीण भारत को आत्मनिर्भर, सशक्त और स्वस्थ बनाया जा सकता है। यह कहानी केवल सरकारी योजनाओं के कार्यान्वयन की नहीं, बल्कि गांव वासियों के जीवन को बेहतर बनाने की दिशा में उठाया गया एक बड़े कदम है। ग्राम तिलौली अब पूरे जिले के लिए एक मॉडल गांव के रूप में उभर रहा है।

जोबा में पानी की भीषण समस्या 1700 लोग एक कुएं पर निर्भर

कोंडागांव। जिले के ग्राम जोबा में पानी की भीषण समस्या से लोग जूझ रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि जोबा गांव के 1700 लोग एक ही कुएं पर निर्भर हैं, इन दिनों लगातार हो रही बारिश से मिली राहत से कुएं का पानी 15 दिन और चल जायेगा।

पानी की समस्या का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि रोज सुबह 6 बजे से ही जोबा गांव की महिलाएं, बुजुर्ग और बच्चे पानी के बर्तन लेकर कुएं की तरफनिकल पड़ते हैं। लंबी दूरी तय करके कुएं का पानी लाना मजबूरी बन गया है, यह स्थिति कई सालों से बनी हुई है। गांव की सरपंच सुपन कश्यप के अनुसार गांव से महज 5 किलोमीटर दूर कोसारटेडा बांध स्थित है। इस बांध से गांव को पानी मिल सकता है, कई बार आवेदन किया गया है, लेकिन कोई समाधान नहीं निकला। पूर्व जिला पंचायत सदस्य बालसिंग बघेल ने बताया कि प्रशासन को कई बार प्रोजेक्ट भेजा गया है। कोसारटेडा से पानी की सप्लाई संभव है, लेकिन कोई ध्यान नहीं दे रहा है। वहीं ग्रामीणों का कहना है कि रोज पानी की तलाश में निकलना पड़ता है, गर्मी में स्थिति और भी गंभीर हो जाती है, तब दूसरे गांव से पानी लाना पड़ता है।

■ न्यूज गैलरी

नारी शक्ति सम्मान में शनाया मेंडिस ने जीत लिया अवार्ड

रायपुर/नवप्रदेश। उड़ान जनसेवा फाउंडेशन के द्वारा नारी शक्ति सम्मान का आयोजन रायपुर के होटल ट्राइटन में हुआ। कार्यक्रम में भाभी जी घर पर हैं फेम की अंगूरी भाभी शिल्पा शिंदे और सोशल मीडिया सेन्शेसन खुशी शेख अतिथि थीं।कार्यक्रम के अंतर्गत फैशन शो भी संपन्न हुआ। मिस एण्ड मिसेज केटेगरी राखी घई, मिस केटेगरी में शनाया मेंडिस प्रथम रही। मनदीप कौर मिसेज कैटेगरी की विजेता बनीं। 25 मॉडल ने इसमें भागीदारी की। मिस केटेगरी में प्रथम उप विजेता कोमल गोगिया, अनिता राठौर रहीं जबकि मिसेज कैटेगरी में पूजा शुक्ला विनर बनीं। वहीं उप विजेता वंशिता शर्मा, श्वेता घुरई और पूजा राठौर बनीं। मिसेज प्लस साईज के विनर का खिताब मनदीप कौर ने जीता। दीपिका वैष्णव, सीमा विश्वकर्मा और ज्योति झा इस ग्रुप में रनर अप रहे। कार्यक्रम का समन्वय उमा कुशवाहा, अर्पिता सिंह, सीमा बंजारे और दीक्षा साहू ने किया। ये सभी निर्णायक की भूमिका में थीं। विजेताओं को अतिथियों ने मेडल भेंट किए और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शिल्पा शिंदे ने कहा कि नारी शक्ति सम्मान पाना अपने आप में बड़ी बात है। फैशन शो में जिन महिलाओं ने भागीदारी की है उनके पास दक्षता है और क्षमता भी। छत्तीसगढ़ की राजधानी में इस प्रकार का आयोजन दिखाता है कि यहां भी अच्छे कार्यक्रम के लिए संभावनाएं हैं। कोरबा जिले के एमपी नगर में निवासरत रही शनाया मेंडिस ने अपनी सफलता का श्रेय अपने पिता टी. मेंडिस व माता ग्लोरिया मेंडिस को दिया है।

अपने पोतों को बचाने तेंदुए से भिड़ गया बुजुर्ग

गरियाबंद-नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले में एक दादा अपने चार के पोते को बचाने के लिए तेंदुए से भीड़ गए और उसके जबड़े से बच्चे को छुड़ा लिया. घटना में मासूम बच्चे को गले में चोट आई है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र छुरा में बच्चे का इलाज जारी है. पूरी घटना छुरा विकासखंड के ग्राम कोठीगांव की है। सोमवार के शाम करीब 7 बजे दर्शन नेताम का बेटा (चार साल) प्रदीप नेताम अपने घर के आंगन में खेल रहा था। इस बीच एक जंगली तेंदुआ ने अचानक बच्चे पर हमला कर दिया और जबड़े में दबाकर जंगल की ओर भाग रहा था। घटना के दौरान घर पर सिर्फ बच्चा और उसके दादा थे। बच्चे के माता-पिता काम से वापस नहीं लौटे थे। तेंदुआ जैसे ही भागने लगा तो बच्चा जोर-जोर से चिखने लगा, जिसे सुनकर बच्चे के दादा पीछा करना शुरू किया। उन्होंने देखा कि तेंदुआ जंगल की तरह जा रहा है. अपने पोते को बचाने के लिए जान पर खेलकर दादा तेंदुआ से जा भिड़ा। काफी मशक्कत के बाद दादा ने तेंदुआ के जबड़े से बच्चे को छुड़ा लिया। घायल बच्चे को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र छुरा लाया गया है. दादा के साहस से एक मासूम बच्चे की जान बच गई और अब इसकी क्षेत्र में खूब चर्चा हो रही है।

सड़क किनारे मृत मिला एसईसीएल कर्मी, पास में मिला बाइक

कोरबा। जिले के बांकी मोगरा थाना क्षेत्र अंतर्गत शुक्ला खार में सड़क किनारे खाई में सोमवार की सुबह एक युवक के शव देखे जाने से हड़कंप मच गया। शव के पास ही एक बजाज पल्सर बाइक भी पड़ी हुई थी। आशंका जताई जा रही है की बाइक सवार की अंधेरे में सड़क किनारे खाई में गिरने से मौत हुई है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले को जांच कर रही है। सूत्रों के अनुसार मृतक की पहचान मिथलेश कुमार संग्राम 40 वर्ष के रूप में हुई है, जो विकास नगर एम 116 में निवासरत था और एसईसीएल कुसमुंडा परियोजना में सरफेश माइनर में पदस्थ था। मृतक के दो छोटे बच्चे हैं, मृतक का अंतिम संस्कार उनके गृह ग्राम चैनपुर दीपका में किया जाएगा। घटना रविवार रात की बताई जा रही है, ग्रामीणों ने सुबह बाइक सवार का शव देखा और डायल 112 को सूचना दी। जिसके बाद डायल 112 वाहन ने शव को नजदीक के अस्पताल लाया। पुलिस द्वारा मृतक के विषय में जानकारी जुटाते हुए परिजनों को सूचना दी गई। पंचनामा उपरांत पोस्टमार्टम कार्यवाही कर शव परिजनों को सौंपा जा रहा हैं। घटना की खबर से कुसमुंडा श्रमिक परिवार में शोक की लहर है।

ग्राम पंचायत गुरसिया में सुशासन तिहार एवं सजग कोरबा अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम

कोरबा / नवप्रदेश। कोरबा जिले के बांगो थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत गुरसिया में सुशासन तिहार एवं सजग कोरबा अभियान के तहत एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में नवपदस्थ बांगो थाना प्रभारी दुर्गेश वर्मा अपनी टीम के साथ उपस्थित रहे। कार्यक्रम में ग्राम के नवनिर्वाचित सरपंच एवं पंचों की भी सक्रिय भागीदारी रही। पंचायत भवन में आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों को शासन की योजनाओं, कानून व्यवस्था, साइबर अपराध से सुरक्षा, महिला सशक्तिकरण एवं सामाजिक समरसता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से जानकारी दी गई।थाना प्रभारी दुर्गेश वर्मा ने ग्रामीणों से संवाद करते हुए उनकी समस्याएं सुनीं और उन्हें कानून के प्रति जागरूक एवं सतर्क रहने की सलाह दी।

अलर्ट मोड पर करें मांग व शिकायतों का निराकरण : आयुक्त

नवप्रदेश संवाददाता

■ **आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने की सुशासन तिहार 2025 के तहत प्राप्त आवेदनों के निराकरण के कार्य प्रगति की समीक्षा**

कोरबा / नवप्रदेश।। आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने निगम के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा है कि सुशासन तिहार 2025 के तहत विभिन्न शिकायतों व मांग से संबंधित आवेदनों के निराकरण की कार्यवाही एलर्ट मोड पर रह कर करें तथा समाधान शिविरों के आयोजन से पूर्व शत प्रतिशत आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित कराएं। उन्होने कहा कि शिकायतों से संबंधित प्रकरणों पर निराकरण की त्वरित कार्यवाही करें व मांग संबंधी आवेदनों के निराकरण हेतु आवश्यक कार्यप्रक्रिया एक सप्ताह के अंदर पूरी कराया जाना सुनिश्चित करें। यहॉ उल्लेखनीय है कि राज्य शासन के दिशा निर्देशों के तहत सुशासन तिहार 2025 के अंतर्गत नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा 08 अप्रैल से 11 अप्रैल के बीच सुशासन तिहार शिविरों का आयोजन सभी 07 जोन कार्यालयो में किया गया था तथा विभिन्न मांग व शिकायतों से संबंधित आवेदन पत्र नागरिकों से प्राप्त किए गए थे, इन प्राप्त आवेदनों के निराकरण की कार्यवाही निगम द्वारा की जा रही है। आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने नगर पालिक निगम कोरबा के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत स्थित सभाकक्ष में निगम के जोन कमिश्नरों, प्रभारी अधिकारियों की बैठक लेकर सुशासन तिहार 2025 के अंतर्गत नागरिकों द्वारा विभिन्न मांग व शिकायतों के संबंध में प्रस्तुत किए गए आवेदन पत्रों पर की जा रही निराकरण की कार्यवाही की वर्तमान कार्यप्रगति की समीक्षा की। आयुक्त श्री पाण्डेय ने निगम के कोरबा, टी.पी.नगर, कोसाबाड़ी, पं.रविशंकर शुक्लनगर, बालको, दर्री व सर्वमंगला जोन में विषयवार प्राप्त आवेदनों की जोनवार व विषयवार समीक्षा की तथा निराकरण की वर्तमान कार्यप्रगति की जानकारी लेते हुए पेंशन, स्वच्छता, पेयजल, स्ट्रीट लाईट, शौचालय निर्माण, सड़क, नाली मरम्मत, प्रधानमंत्री आवास योजना, भवन निर्माण अनुज्ञा सहित निगम के अन्य कार्यो व सेवाओं से संबंधित मांग व शिकायतों के संबंध में प्राप्त आवेदनों पर एलर्ट मोड पर कार्यवाही करते हुए उनके गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित कराएं जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

05 मई से 31 मई के बीच लगेंगे समाधान शिविर - शासन से प्राप्त दिशा निर्देशों के अनुसार 05 मई से 31 मई के बीच समाधान शिविरों का आयोजन किया जाएगा, इन शिविरों के माध्यम से आवेदनकर्ताओं व नागरिकों को उनके द्वारा विभिन्न मांग व शिकायत के संबंध में प्रस्तुत किए गए आवेदनों के निराकरण की जानकारी उन्हें प्रदान की जाएगी। यहॉ उल्लेखनीय है कि शासन के निर्देशानुसार सुशासन तिहार 2025 के आयोजन के प्रथम चरण में 08 अप्रैल से 11 अप्रैल के बीच सुशासन तिहार शिविरों का आयोजन निगम के सभी 07 जोन कार्यालयों में किया गया था तथा इस दौरान नागरिकों से उनकी मांग व शिकायतों से संबंधित आवेदन जमा कराए गए थे। वहीं द्वितीय चरण में इन प्राप्त आवेदनों का समुचित निराकरण किया जा रहा है, तत्पश्चात तृतीय चरण में 05 मई से 31 मई के बीच समाधान शिविर आयोजित होंगे।

बैठक के दौरान अपर आयुक्त विनय मिश्रा, अधीक्षण अभिंयता सुरेश बरूवा, उपायुक्त बी.पी.त्रिवेदी एवं पवन वर्मा, जोन कमिश्नर भूषण उरांव, तपन तिवारी, विनोद शांडिल्य, अखिलेश शुक्ला, एन.के.नाथ, प्रकाश चन्द्रा, राकेश मसीह, अजीत तिग्गा, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.संजय तिवारी, राजस्व अधिकारी अनिरूद्ध सिंह, आदि उपस्थित थे।

सुशासन तिहार में आए आवेदनों का तेजी से करें निराकरण

समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर की सख्त हिदायत

ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में गर्मी में पेयजल की व्यवस्था हेतु उचित व्यवस्था करें

महासमुंद/नवप्रदेश। कलेक्टर विनय लंगेह ने कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में समय-सीमा बैठक लेकर जिले में संचालित प्रमुख योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में मोर दुआर साय सरकार, आवास प्लस 2.0, सुशासन तिहार, पीएम जनमन योजना, धान उठाव सहित विभिन्न अभियान शामिल रहे। बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्री एस. आलोक, अपर कलेक्टर श्री रवि कुमार साहू, एसडीएम सरायपाली नम्रता चौबे, एसडीएम महासमुंद हरिशंकर पैकरा, एसडीएम बागबाहरा श्री उमेश कुमार साहू, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती सृष्टि चंद्राकर, आशीष कर्मा सहित जिला एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारी वर्चुअल रूप से शामिल रहे।

बैठक में कलेक्टर लंगेह ने मोर दुआर-साय सरकार विशेष सर्वेक्षण पखवाड़े के सफल संचालन हेतु अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अभियान का उद्देश्य आवास योजना से वंचित पात्र ग्रामीणों की पहचान कर उन्हें लाभान्वित करना है। लंगेह ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सुशासन तिहार के तहत प्राप्त आवेदनों की प्रविष्टि संबंधित पोर्टल पर आज शाम अनिवार्य रूप से सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक विभाग विशेष टीम बनाकर आवेदनों का गुणवत्ता पूर्ण और त्वरित निराकरण सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा इसका उद्देश्य जन शिकायतों का त्वरित समाधान और योजनाओं की अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है।

साथ ही कलेक्टर लंगेह ने सभी सीईओ को निर्देश दिए कि राष्ट्रीय पंचायत दिवस (24 अप्रैल) के अवसर पर जिले के पांचों विकासखंड की चयनित 60 ग्राम पंचायतों में अटल पंचायत डिजिटल सुविधा केंद्रों एवं वीएलई द्वारा दी जाने वाली सेवाओं की सूची केंद्रों पर प्रदर्शित की जाए। साथ ही दी जाने वाली सेवाओं का मुनादी के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाएगा। कलेक्टर लंगेह ने भूमि जल संरक्षण और जल प्रबंधन को लेकर सभी विभाग प्रमुखों को निर्देश दिए कि वे अपने अधीनस्थ क्षेत्रों में वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम की स्थापना सुनिश्चित करें और जन जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को जल संरक्षण के प्रति प्रेरित करें। उन्होंने हर नागरिक से भी अपील की है कि वर्षा जल को संचित करे और अपने घर, स्कूल तथा कार्यस्थलों में वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाए, तो आने वाले वर्षों में जल संकट से काफी हद तक बचा जा सकता है। भीषण गर्मी को देखते हुए पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने पीएचई विभाग को निर्देशित किया कि जहां पेयजल के लिए बोर खनन आवश्यक हो वहां बोर खनन कर सुविधा उपलब्ध कराई जाए। सभी जनपद सीईओ और मुख्य नगर पालिका अधिकारी भी टैंकर से पानी उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। कलेक्टर लंगेह ने सभी एसडीएम को निर्देशित किया कि लोकसेवा गारंटी के अंतर्गत प्राप्त होने वाले आवेदनों का समय सीमा में निराकरण करे। साथ ही अवैध रेत उत्खनन को लेकर जिन ग्राम पंचायतों से शिकायत प्राप्त हो रही है उन पर कार्रवाई कर एफआईआर दर्ज करें। जिले में अवैध शराब विक्रय पर कड़ी निगरानी रखते हुए जिले के सभी मदिरा दुकानों में अनुविभागीय अधिकारी, थाना प्रभारी और आबकारी उप निरीक्षक मिलकर सतत निरीक्षण करें।

शिविर लगाकर शत-प्रतिशत श्रमिकों का कराएं पंजीयन-अध्यक्ष डॉ.रामप्रताप सिंह

रायगढ़/नवप्रदेश। छ.ग.भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के अध्यक्ष डॉ.रामप्रताप सिंह ने जिला पंचायत के सभाकक्ष में श्रम विभाग में कार्यरत अधिकारी/ कर्मचारियों की मंडल अंतर्गत पंजीयन एवं योजनाओं के क्रियान्वयन के संबंध में समीक्षा बैठक ली। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव, अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी महेश पटेल, सहायक श्रमायुक्त घनश्याम पाणिग्राही सहित श्रम विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। बैठक में अध्यक्ष डॉ.रामप्रताप सिंह ने जिले में पंजीयन का लक्ष्य बढ़ाकर समस्त निर्माणाधीन स्थलों एवं पंचायतों में शिविर के माध्यम से श्रमिकों का शत-प्रतिशत पंजीयन कराए जाने के निर्देश दिए। मंडल गठन अंतर्गत ऐसे पंजीकृत श्रमिक जो किसी भी योजना का लाभ प्राप्त नहीं किए है उनका विकासखण्डवार/ पंचायतवार चिन्हांकन कर योजना का लाभ प्रदाय करने एवं पंजीयन के लंबित आवेदनों को सात दिवस के भीतर निराकरण करने के निर्देश दिए।

अध्यक्ष डॉ.रामप्रताप सिंह ने महतारी जतन योजनान्तर्गत लाभ प्रदाय करने हेतु स्वास्थ्य विभाग एवं महिला एवं बाल विकास विभाग से समन्वय कर योजना का प्रचार-प्रसार कर अधिक से अधिक श्रमिकों को लाभ प्रदाय करने के निर्देश दिए।

दव्यांग कुष्ठ रोगियों के लिए तीन दिवसीय शल्य क्रिया शिविर 23 से

जशपुर। राजा देवशरण जिला चिकित्सालय में दिव्यांग कुष्ठ रोगियों के लिए 23, 24 और 25 अप्रैल 2025 को विशेष शल्य क्रिया शिविर आयोजित किया जा रहा है। इस शिविर में जिले के 15 चिन्हांकित आरसीएस योग्य मरीजों का निःशुल्क ऑपरेशन किया जाएगा।

वाहन चलाते समय सीट-बेल्ट और हेलमेट अनिवार्य रूप से लगाएं

महासमुंद /नवप्रदेश। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक लेकर सड़क सुरक्षा नियमों एवं सुरक्षा संबंधी उपायों के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि शाला खोलने और बंद करने के दौरान भारी वाहन के आवागमन और परिवहन पर विशेष सतर्कता बरती जाएं। इस दौरान भारी वाहनों के गुजरने पर विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने परिवहन अधिकारी और अनुविभागीय अधिकारियों को इस बाबत कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही कहा कि स्कूल परिसर और मुख्य दरवाजे के सामने भारी वाहनों के पार्किंग पर भी कार्रवाई करें तथा वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित करें। बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्री एस. आलोक, अपर कलेक्टर श्री रवि कुमार साहू, जिला परिवहन अधिकारी श्री रामकुमार ध्रुव एवं संबंधित अधिकारी मौजूद थे। कलेक्टर श्री लंगेह ने कहा कि विशेष तौर पर स्कूली बच्चों के आने-जाने के समय इस बात का ख्याल रखा जाए। बच्चों के स्कूली वाहन में सुरक्षा के सभी मापदंड पूरे हो। स्कूल प्रबंधन की यह जवाबदारी है कि स्कूल वाहनों में बच्चों की संख्या ओवर लोडेड न हो। साथ ही सुरक्षा संबंधी सभी उपायों का पालन करें। उन्होंने कहा कि जिले के अधिकारी-कर्मचारी भी सड़क सुरक्षा नियमों का पालन अनिवार्य रूप से करें। कार्यालय आने-जाने के दौरान हेलमेट व सीट बेल्ट लगाए। उन पर भी आम नागरिक की तरह पेनाल्टी की कार्रवाई करें। साथ ही नाबालिगों द्वारा वाहन चलाने पर रोक लगाई जाए तथा आवश्यकतानुसार समझाइश देते हुए कार्रवाई भी करें। तेज गति से वाहन चलाते पाए जाने पर लाइसेंस निरस्त की कार्रवाई भी सुनिश्चित किया जाए। इसी तरह जिले में क्षमता से अधिक फ्लाई व खनिज परिवहन मालवाहकों के विरुद्ध कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए।जिला परिवहन अधिकारी श्री आर.के. ध्रुव ने बताया कि परिवहन विभाग द्वारा वर्ष 2025 में अब तक प्रेशर हार्न पर कार्यवाही करते हुए कुल 10249 वाहनों से 2 करोड़ 60 लाख 54 हजार 700 रुपए समन शुल्क वसूल किया गया है। इसी तरह जिले में संचालित हो रहे मोटरसाईकल में 02 से अधिक व्यक्ति बैठे पाए जाने के विरूद्ध कुल 185 प्रकरणों में कार्यवाही कर 73 हजार 200 रुपए शुल्क वसूल किया गया है। बिना हेलमेट के मोटरसाइकिल संचालन के विरूद्ध 936 प्रकरणों में कार्यवाही कर 4 लाख 67 हजार 100 रुपए एवं बिना सीट बेल्ट के कार संचालन के विरूद्ध कुल 1102 प्रकरणों में कार्यवाही करते हुए 5 लाख 55 हजार 600 रुपए समन शुल्क वसूल किया गया।

सुशासन तिहार में मिले आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण निराकरण करें विभागीय अधिकारी : कलेक्टर

हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट के लिए वाहन मालिकों को जागरूक करने के दिए निर्देश

रायगढ़/नवप्रदेश। कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने आज समय-सीमा की बैठक ली। यहां उन्होंने विभागीय योजनाओं के साथ ही सुशासन तिहार के तहत प्राप्त आवेदनों के निराकरण की समीक्षा की।

कलेक्टर श्री गोयल ने विभागों को सुशासन तिहार में मिले आवेदनों के निराकरण की विभागवार समीक्षा की। उन्होंने कुछ विभागों में निराकरण में धीमी प्रगति दिखने पर उन्होंने अधिकारियों को निराकरण में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जहां आवश्यकता हो वहां फील्ड निरीक्षण कर प्रतिवेदन के आधार पर आवेदनों को गुणवत्ता पूर्ण तरीके से निराकृत करें। कलेक्टर श्री गोयल ने आयुष्मान और वय वंदना के तहत बनाए जा रहे कार्डों की समीक्षा करते हुए कहा कि लक्ष्य के अनुसार शेष बचे हितग्राहियों के कार्ड भी जल्द बनाने के लिए विकासखंडों में कैंप लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने छात्रों के अपार आईडी के लंबित आवेदनों को भी जल्द निराकृत करने के निर्देश दिए। इसके लिए आधार कार्ड में जरूरी सुधार को प्राथमिकता से करवाने के लिए कहा। कलेक्टर श्री गोयल ने स्पैरो पोर्टल में विभागों द्वारा जानकारी अद्यतन किए जाने के बारे में जानकारी ली। जिन विभागों द्वारा जानकारी नहीं दी गई है उसे एनआईसी को जल्द देने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री गोयल ने शासन के निर्देश अनुसार हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट के लिए वाहन मालिकों को जागरूक करते हुए जिले में निर्देश का क्रियान्वयन करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री गोयल ने गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए जिले में पेयजल आपूर्ति और लोक स्वास्थ्य के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत श्री जितेन्द्र यादव, अपर कलेक्टर श्री रवि राही, अपर कलेक्टर श्री अपूर्व प्रियेश टोप्पो, आयुक्त नगर निगम श्री बृजेश सिंह क्षत्रिय, संयुक्त कलेक्टर श्री राकेश कुमार गोलछा सहित समस्त विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।अधिकारियों ने कलेक्टर श्री गोयल के प्रशासनिक योगदानों को किया याद

समय-सीमा बैठक के अंत में सीईओ जिला पंचायत श्री जितेन्द्र यादव ने कलेक्टर श्री गोयल के नेतृत्व में पिछले डेढ़ सालों में जिले में किए गए कार्यों के अनुभव को साझा किया। उन्होंने कहा कि कलेक्टर श्री गोयल के नेतृत्व में जिले में निर्वाचन कार्यों का कुशलतापूर्वक संचालन किया गया।

इंदागांव में सुसाइड के बढ़ते केस, रायपुर से पहुंचे विशेषज्ञ

गरियाबंद-रायपुर। जिले के इंदागांव में आत्महत्या के बढ़ते मामलों ने चिंता बढ़ा दी है. यहां बीते 1 महीने में महज 20 दिन के अंदर 16 लोगों ने आत्महत्या का प्रयास किया, जिनमें से 3 की मौत हो चुकी है. स्थिति की गंभीरता को देखते हुए रायपुर से विशेषज्ञों की एक टीम गरियाबंद के इंदागांव गांव पहुंची. छह सदस्यीय इस टीम में मनोरोग चिकित्सक, सामाजिक विशेषज्ञ और महामारी विभाग के डॉक्टर शामिल हैं. डॉक्टर संदीप अग्रवाल को प्रमुख जांच अधिकारी बना गया है. साथ ही विशेषज्ञ राजेंद्र बीनकर भी मौजूद रहे. गांव में एक्सपर्ट्स की टीम ने करीब 5 घंटे बिताए, इस दौरान प्रभावित परिवारों से बातचीत कर अलग-अलग पहलुओं पर गहराई से आत्महत्या और उसके प्रयासों के पीछे कारणों का पता लगाया की कोशिश की गई.प्रारंभिक जांच में यह सामने आया है कि नशे की लत, घरेलू कलह और बेरोजगारी के कारण बढ़ते मानसिक अवसाद से लोग यह कदम उठा रहे हैं.

जनदर्शन — कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने जनदर्शन में सुनी जनसमस्याएं

आवेदनों के निराकरण में कोताही बर्दाश्त नहीं : कलेक्टर

रायगढ़। कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल ने आज सृजन सभा कक्ष में आयोजित जनदर्शन में जिले भर के पहुंचे लोगों से चर्चा करते हुए उनकी समस्याएं सुनी। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत श्री जितेन्द्र यादव, अपर कलेक्टर द्वय श्री रवि राही, श्री अपूर्व प्रियेश टोप्पो सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

रायगढ़ मौदाहापारा निवासी मंगल सिंह श्रम विभाग द्वारा संचालित नोनी सशक्तिकरण योजना के तहत अपनी बेटी को आर्थिक सहायता प्रदान करने की मांग को लेकर पहुंचे। उन्हें बताया कि उनकी बेटी को छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार मंडल रायपुर से आर्थिक सहायता राशि हेतु नोनी सशक्तिकरण योजना के तहत किए जाने का प्रावधान है। जिसके लिए उन्होंने सारी औपचारिकताएं पूर्ण कर ली है, लेकिन अब तक उनकी बेटी को उक्त योजना का लाभ नहीं मिला है। कलेक्टर श्री गोयल ने श्रम विभाग को उक्त आवेदक के जांच करने एवं आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

इसी प्रकार रायगढ़ निवासी श्री रामप्रवेश ईलाज हेतु आर्थिक सहायता एवं बैटरी चलित ट्राइसाइकिल की मांग आवेदन लेकर जनदर्शन में पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि उन्हें चलने-फिरने में दिक्कत होती है एवं आर्थिक स्थिति दयनीय है। उन्होंने ईलाज एवं भरण-पोषण हेतु आर्थिक सहायता हेतु निवेदन किया। जिस पर कलेक्टर श्री गोयल ने आवेदन के निराकरण हेतु संबंधित विभाग को निर्देशित किया। बरलिया निवासी श्री पीलाराम पटवारी सीमांकन न करने की शिकायत आवेदन लेकर जनदर्शन में पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि उनकी स्वामित्व की भूमि ग्राम बरलिया में स्थित है, जिसके सीमांकन की सही जानकारी प्राप्त करने उनके द्वारा तहसीलदार के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया था। इसके पश्चात तहसीलदार ने राजस्व निरीक्षक व हल्का पटवारी को सीमांकन हेतु आदेशित किया था, लेकिन आज पर्यंत तक सीमांकन का कार्य नहीं किया गया है। जिससे काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने भूमि के सीमांकन करवाने हेतु निवेदन किया। कलेक्टर श्री गोयल ने आवेदन के निराकरण हेतु तहसीलदार रायगढ़ को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

भगवानपुर निवासी ईश्वर साहू अपनी बेटी की ईलाज हेतु आर्थिक सहायता की मांग को लेकर पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि उनकी बेटी को कैंसर की बीमारी हो गई है, आर्थिक स्थिति खराब होने के कारण वे उसका ईलाज नहीं करवा सकते। उन्होंने अपनी बेटी की ईलाज हेतु आर्थिक सहायता के लिए निवेदन किया।

चाकू से वार कर गंभीर चोट पहुंचाने वाला आरोपी गिरफ्तार

भाठापारा /नवप्रदेश। प्रार्थी द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि वह दिनांक 21.04.2025 के 10:00 बजे अपने बड़े पिताजी के लड़का के साथ शराब लेने सुरखी शराब भट्टी जा रहा था, कि इसी बीच मार्ग में आरोपी विनोद कुर्रे मिला, जिसके द्वारा प्रार्थी को शराब पिलाने के लिए बोला गया, जिसमें प्रार्थी द्वारा मना करने पर आरोपी द्वारा अश्लील गाली गलौज करते हुए, जान से मारने की देख धमकी देकर हाथ मुक्का से मारपीट किया है तथा आरोपी द्वारा अपने जेब में रखे थर्माकोल काटने के चाकू से प्रार्थी के गले में वारकर गंभीर चोट पहुंचाया है। साथ ही बीच बचाव करने पर प्रार्थी के साथ आए हुए उसके बड़े पिताजी के लड़के को भी चाकू से वार कर चोंट पहुंचाया है।

कि रिपोर्ट पर थाना भाटापारा शहर में अपराध क्र. 268/2025 धारा 296,351(2),109 बीएनएस का प्रकरण पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में थाना भाटापारा शहर पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपी विनोद कुर्रे को हिरासत में लिया गया,

न्यूज गैलरी

जल संरक्षण और सुपोषण पर जागरूकता अभियान

मुंगेली/नवप्रदेश। पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत जिले के सभी आंगनबाड़ियों में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में जल संरक्षण संबंधी जागरूकता का आयोजन किया गया और आमजनों को जल संरक्षण के लिए जागरूक किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी संजूला शर्मा ने बताया कि पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत जीवन के प्रथम 01 हजार दिवस अंतर्गत राज्य स्तरीय सीमेम वेबीनार, महतारी सम्मेलन का आयोजन कर पोषण संबंधी प्रश्नोत्तरी के साथ ही गर्भवती माताओं से गृहभेंट कर पोषण आहार सेवन करने की समझाईश दी गई। उन्होंने बताया कि सुपोषण रथ के द्वारा सरगांव सेक्टर में पोषण पखवाड़ा का प्रचार-प्रसार किया गया। इस दौरान परियोजना अधिकारी एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मौजूद रहीं।

10 मई को होगा नेशनल लोक अदालत का आयोजन

मुंगेली/नवप्रदेश। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिककरण नई दिल्ली एवं छ.ग. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के तत्वाधान में 10 मई को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। लोक अदालत के सफल आयोजन के लिए जिला एवं सत्र न्यायाधीश गिरिजा देवी मेरावी के मार्गदर्शन में बैठक का आयोजन किया गया। आयोजित बैठक में कुटुम्ब न्यायालय न्यायाधीश राजीव कुमार एवं प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश राकेश कुमार सोम, द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी दीपक कुमार शर्मा, व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी श्वेता ठाकुर, व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी लोरमी देवेन्द्र कुमार दीक्षित, व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी के प्रथम अतिरिक्त न्यायाधीश मुंगेली कु. नारायणी कच्छप तथा सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मुंगेली कंचन लता आचला के अधिकारीगण उपस्थित रहे। उक्त बैठक में 10 मई को होने वाली नेशनल लोक अदालत में ज्यादा से ज्यादा प्रकरणों का निराकरण किये जाने एवं लोक अदालत में न्यायालयों में लंबित आपसी विवाद के मामले, व्यवहारवाद, मोटर दुर्घटना दावा, परिवारिक विवाद एवं जिला न्यायालय में वर्षो से लंबित प्रकरणों का निराकरण अधिक से अधिक संख्या में किया जाना है।

भीषण गर्मी से तापमान 46 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचा

बढ़ते तापमान व तेज धूप से जनजीवन बेहाल

मुंगेली/नवप्रदेश। तापमान 46 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया है। सुबह के 7 बजते ही धूप चुभने लगती है। सुबह 9 बजे काम में जाने वालों को भी तेज धूप से परेशानी हो रही है। दोपहर में सड़कों पर अघोषित कर्फ्यू जैसा सन्नाटा रहता है। भीषण गर्मी में लग रही स्कूलों में बच्चे परेशान है। भीषण गर्मी में बच्चों के स्कूल जाने से बच्चों के स्वास्थ्य को लेकर पालक चिंतित है।

जिले में बढ़ते तापमान व तेज धूप ने इन दिनों लोगों को बेहाल कर दिया है। अब तो लोगों को घर व ऑफिस में लगे पंखे व कूलर भी राहत नहीं दे रहे हैं। दोपहर को तो सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहता है। व्यापारी भी अपनी दुकानों का शटर आधा गिराकर फर्श पर चटाई बिछाकर सोते नजर आते हैं। एक ओर बढ़ते तापमान से सभी परेशान हैं, तो दूसरी ओर स्कूलों में लगाई जा रही क्लास से पालक चिंतित है। बढ़ते गर्मी में बच्चों के स्वास्थ्य को देखकर कुछ पालक अपने बच्चों को स्कूल नही भेज रहे है।

किसानों का कहना है कि जितना अधिक तापमान होगा, गर्मी बढ़ेगी तो समय पर पर्याप्त बारिश होगी, जिससे फसल अच्छी होगी। इस साल अप्रैल माह के दूसरे सप्ताह से जिले का तापमान बढ़ते क्रम पर है। आज तापमान 46 डिग्री तक पहुंच गया है। सुबह 7 बजे से ही सूर्य की तीखी किरणें चुभने लगती हैं। ऐसे में बिना पंखे या कूलर के घर के अंदर रहना

संभव नहीं है। दोपहर 12 बजे के बाद तो ऐसा लगता है जैसे सूर्य आग उगल रहा हो। यही कारण है कि लोग आवश्यक काम होने पर ही दोपहर को घर से बाहर निकलते हैं। गर्मी बढ़ने से परेशान लोग शाम होते ही गन्ना रस, आईसक्रीम, कुल्फी दुकान या जूस सेंटर पहुंच जाते हैं। वहीं रसीले फलों आम, तरबूज, अंगूर व कलिंदर की बिक्री भी बढ़ी है। लोग घर में चाय की जगह लस्सी या शर्बत पीने लगे हैं। मेहमानों को भी यही दिया जाने लगा है। जरूरी काम होने पर ही लोग घरों से बाहर जाते हैं दोपहर को जब तापमान 43 डिग्री के लगभग पहुंच गया हो और सूर्य आग उगल रहा हो तो ऐसे में कोई भी सड़कों पर नहीं निकलना चाहेगा। यही कारण है कि इन दिनों दोपहर को सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहता है। स्थिति यह है कि दोपहर को सड़कों पर दूर-दूर तक कोई नहीं दिखाई देता। अति आवश्यक काम होने पर ही लोग घर से बाहर निकलते हैं। निकलने से पहले वे आंखों में सन ग्लास, सिर पर टोपी व चेहरे पर स्कार्फ लगाकर ही निकलते हैं। लड़कियां तो हैंडग्लब्स लगाकर ही घर से बाहर निकलती हैं। गर्मी के कारण लोग बीमार भी पड़ने लगे हैं। इसे अस्पतालों की ओपीडी में बढ़ती भीड़ को देखकर आसानी से जाना सकता है। डॉक्टर भी लोगों को मसालेदार व होटल में खाने की बजाये घर में कम नमक व मिर्च वाली खाने को प्राथमिकता देने की बात कह रहे हैं।

जरूरी हो तभी निकले घर से

तेज धूप में लोगों को आवश्यक होने पर ही घर या ऑफिस से बाहर निकलना चाहिए। निकलने से पहले पानी पीकर सिर, चेहरा व आंखों को ढंक कर ही निकलना चाहिए। इन दिनों मसालेदार खाना खाने से बचना चाहिए।

-डॉ. प्रभात चन्द्र प्रभाकर, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी मुंगेली

हेल्थ चेकअप कैंप एवं बोर खनन करने के दिए निर्देश

जमीन पर बैठकर लगाई जनचौपाल सुनी ग्रामीणों की मांग व समस्याएं

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। कलेक्टर विलास भोसकर मंगलवार को जिले के लखनपुर के ग्राम पंचायत पटकुरा के आश्रित ग्राम घटोन पहुंचे। कलेक्टर भोसकर ने बीते अक्टूबर माह में प्रशासनिक अमले के साथ इस क्षेत्र का दौरा किया था। उन्होंने घाट-पहाड़ के मुश्किल रास्तों से लगभग 5 किलोमीटर का घटोन ग्राम तक का पैदल सफर तय किया था। कलेक्टर भोसकर के निर्देश के बाद लगभग 6 महीनों के बाद आज यहां लोगों के सुगम आवागमन के लिए सड़क लगभग तैयार है। कलेक्टर भोसकर जिला पंचायत सीईओ विनय कुमार अग्रवाल सहित अन्य अधिकारियों के साथ सड़क का जायजा लेने बाइक चलाकर ग्राम तक पहुंचे। इस दौरान चारपहिया वाहन भी आसानी के साथ ग्राम तक पहुंची।

इस दौरान एसडीएम बन सिंह नेताम, महिला एवं बाल विकास जिला कार्यक्रम अधिकारी अतुल परिहार, जनपद पंचायत सीईओ वेद

प्रकाश पांडेय सहित समस्त अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। कलेक्टर भोसकर ने इस दौरान ग्रामीणों के साथ जमीन पर बैठकर उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने राशन वितरण, पानी व्यवस्था, पीएम आवास, वृद्धा पेंशन, सहित अन्य सुविधाओं के सम्बन्ध में जानकारी ली।

ग्रामीणों ने गांव में पीडीएस दुकान खोलने, आंगनबाड़ी में टाइल्स लगाने, बच्चों के खेलने के लिए बालवाड़ी, कुएं में मोटर लगाने, बिजली खंभे, पाइपलाइन एवं हाथी प्रभावित क्षेत्र में लाइट लगाने जैसी मांग कलेक्टर के समक्ष रखी। कलेक्टर ने बड़ी सरलता एवं आत्मियता के साथ ग्रामीणों की समस्या सुनी, उन्होंने जन चौपाल से ही सीएमएचओ, पशुपालन एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को फोन के माध्यम से निर्देशित किया कि गांव में पशु टिकाकरण एवं हेल्थ चेकअप कैंप के माध्यम से स्वास्थ्य जांच किए जाएं। इसके लिए उन्होंने हर 15-15 दिन में शिविर लगाने कहा, साथ ही स्थल चयन कर बोर खनन के लिए पीएचई विभाग को निर्देश दिए। वहीं कलेक्टर ने महिलाओं से आजीविका साधन की जानकारी ली एवं महिलाओं के समूह को रोजगार सृजन के लिए बकरी पालन एवं पशु सखी का कार्य करने और आजीविका बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। वहीं उन्होंने महिलाओं को हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया।

घटोन ग्राम की रहने वाली श्रीमती सनियारो तिर्की ने बताया कि पहले गांव में आने-जाने में बहुत कठिनाई होती थी, क्योंकि सड़क नहीं था, पगडंडी के सहारे ही पंचायत तक आना-जाना पड़ता था। उन्होंने बताया कि जनदर्शन में कलेक्टर साहब को आवेदन दिया था, जिसके बाद कलेक्टर स्वयं पैदल चलकर गांव आए थे और आश्वासन दिया था कि अगली बार चार पहिया गाड़ी गांव तक पहुंचेगी। आज वे स्वयं मोटरसाइकिल चलाकर गांव पहुंचे, और अब गांव तक चार पहिया वाहन भी पहुंचने लगे हैं। उन्होंने खुशी जाहिर करते हुए बताया कि उनके प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मकान स्वीकृत हुआ है। सड़क बन जाने से अब पक्का मकान बनाने में आसानी होगी है। उन्होंने बताया कि शासन की महतारी वंदन योजना सहित अन्य योजनाओं का लाभ महिलाओं को मिल रहा है।

गर्मी में ठंडे पेय पदार्थ की बढ़ी मांग

मुंगेली/नवप्रदेश। मौसम बैशाख माह में ही जेठ की तपन का अहसास होने लगा है। शीतलता देने वाले संसाधनों की डिमांड बढ़ गई है। सूर्य की तपन दिन ब दिन बढ़ने लगी है। दिन का तापमान भी बढ़ रहा है। लगातार बढ़ते तापमान का प्रभाव दिखने लगा है। गर्मी से बचने लोग तरह-तरह के जतन भी कर रहे हैं। गर्मी को देखते हुए लोग खान-पान में भी सतर्कता बरतने लगे हैं। आग उगलते सूरज ने लोगों की दिनचर्या बदल दी है।

सुबह 8 बजने के साथ ही सूर्यदेव की तिरछी नजर लोगों पर पड़ने लगी है, जिस कारण लोगों का घर से बाहर निकलना दूभर हो रहा है। 5-6 दिनों से निरंतर तापमान बढ़ रहा है। हवा बंद रहने और आसमान साफ होने से गर्मी अधिक महसूस हो रही है। दिन में हल्की-हल्की उमस भी हावी होने लगी है। लेकिन गर्मी जिस तेजी से बढ़ रही है, उससे लोगों की चिंता बढ़ गई है। लोग धूप से बचने का प्रयास कर रहे है। गर्मी की मार से चेहरे को बचाने के लिए युवक-युवतियां विशेष ध्यान दे रही हैं। युवतियां तो हाथों में विशेष प्रकार के ग्लोब्ज, चेहरे पर रुमाल और चश्मा लगाकर घर से निकलती हैं। दुपहिया वाहन चालकों को विशेष सावधानी बरतनी पड़ रही है। युवा व बुजुर्ग टोपी और गमछा लगाकर गर्मी से अपना बचाव कर रहे हैं। मौसम के तेवर बदलते ही शीतल पेय पदार्थों की मांग बढ़ गई है। मार्केट में कोलड्रिंक्स उपलब्ध है, इसके बावजूद गन्ना रस पीने वालों की भी संख्या कम नहीं है। यही वजह है कि नगर के प्रमुख चौक-चौराहों में गन्ना रस की दुकानें लग गई हैं। घरों में भी खानपान में दही, छाछ, हरी सब्जियों, सलाद आदि को प्रमुखता दी जा रही है।

नपा अध्यक्ष श्याम सुंदर ने अपनी घोषणा पर किया अमल

सक्ती/नवप्रदेश। विगत दिनों छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन पेंशनर फोरम जिला इकाई शक्ति के द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया था जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित नपा अध्यक्ष श्याम सुंदर अग्रवाल से पेंशनर संघ ने मांग की थी कि हमारे बैठने बैठक लेने के लिए एक उचित भवन की को लेकर मांग थी जिस पर अमल करते हुए नगर पालिका अध्यक्ष श्याम सुंदर अग्रवाल ने नगरपालिका से सर्वसम्मति से आदेश पारित करकर आज स्वर्गीय बिसाहू दास महंत श्यान सदन को बैठक करने आदि दैनिक आवश्यकता के लिए पेंशनर संघ को उपलब्ध करवाया। उल्लेखनीय है यह मांग जिला शक्ति के पेंशनर साथियों का बहुप्रतीक्षित मांग में से एक था जिसे नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं जन-जन के नेता अग्रवाल ने

पेंशनरों की भावनाओं का सम्मान करते हुए त्वरित पहल करके पूरा कराया है जिले के पेंशनर फोरम से जुड़े हुए सभी पेंशनर साथियों ने भारी प्रसन्नता प्रकट करते हुए नगर पालिका अध्यक्ष का इस नेक कार्य के लिए धन्यवाद प्रेषित किया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के प्रमुख संरक्षक रमेश तिवारी संरक्षक विजय बहादुर सिंह जिला संयोजक राधे लाल भारद्वाज तुलसीराम राठौड़ जिला संयोजक पेंशनर फोरम बंसीलाल देवांगन मुरलीधर तंबोली रघुनंदन राठौर चंद्रिका प्रसाद डनसेना त्रिवेणी बाई यादव गोमती बाई यादव श्रुति बाई मैहर राधाबाई यादव लून्द राम जायसवाल देवेश्वर वर्मा डीके पाली आदि उपस्थित रहे।

राज्यपाल को श्रीमद् भागवत कथा के आयोजन हेतु आमंत्रण

पेंड्रा/ नवप्रदेश। श्रीमद् जगत गुरु स्वामी अनंत विभूषित स्वामी सुदर्शनाचार्य महाराज की प्रेरणा से, टीरुराम भारिया आदिवासी समुदाय द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा में 22 से 28 अप्रैल नवापारा बचरवार पेंड्रा में महामहिम राज्यपाल को आमंत्रित किया गया जिसमें दुर्गा मंदिर पेंड्रा के पुजारी श्याम बाबू त्रिपाठी, नंदलाल साहित्या रावेंद्र शुक्ला, कृष्णानंद तिवारी, वैभव तिवारी, राज्य भवन में जाकर सौजन्य भेंट कर सादर आमंत्रित किया।

आदिवासी समाज ने डिप्टी सीएम को दिया आमंत्रण

मुंगेली/नवप्रदेश। आदिवासी समाज के द्वारा जिला स्तरीय आदर्श गोंडवाना सामूहिक विवाह मोहभठ्ठा मे उपमुख्यमंत्री अरुण साव से आदिवासी समाज के प्रमुख जिला स्तरीय के पदाधिकारियों के द्वारा सौजन्य भेंट कर कार्यक्रम में मुख्य अतिथि हेतु आमंत्रण दिया गया। जिसमें जिलाध्यक्ष वीरेंद्र मरावी, शासकीय संघ आदिवासी जिलाध्यक्ष अकत ध्रुव, जिला महासचिव उत्तम ध्रुव, सर्व आदिवासी जिला उपाध्यक्ष जिगेश्वर सिंह ध्रुव, सह सचिव ओम प्रकाश ध्रुव, पटवारी संघ ब्लॉक अध्यक्ष प्रभात ध्रुव, ब्लॉक अध्यक्ष धर्मेंद्र मरकाम एवं श्रवण ध्रुव की उपस्थिति में 26 अप्रैल में होने वाले जिला स्तरीय आदर्श सामूहिक विवाह कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए पुष्पगुच्छ व आमंत्रण कार्ड

राज्य स्तरीय पत्र लेखन में विधि प्रथम

मुंगेली/नवप्रदेश। जेसीस पब्लिक हायर सेकंडरी अंग्रेजी माध्यम स्कूल की

कक्षा 12वीं की छात्रा विधि मिश्रा ने डाक विभाग द्वारा राज्य स्तरीय आयोजन ढाई आखर पत्र लेखन प्रतियोगिता में 18 वर्ष आयु वर्ग में राज्य स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया है।

यह प्रतियोगिता डिजिटल युग में पत्रों के महत्व को बढ़ावा देने के लिए आयोजित की गई थी। विधि मिश्रा ने अपने पत्र में पत्र लेखन के महत्व को विस्तार से बताया और डिजिटल युग में इसके महत्व को समझाया। उनके पत्र को जूरी ने सर्वश्रेष्ठ पत्र चुना और उन्हें प्रथम स्थान प्रदान किया गया।

प्रथम स्थान प्राप्त करने पर उसे 25,000 रुपए का चेक प्रदान किया जाएगा। डाक विभाग के अधिकारियों तथा जेसीस शिक्षा एवं समाज कल्याण समिति के सभी सदस्यों तथा जेसीस पब्लिक हायर सेकंडरी स्कूल मुंगेली के प्राचार्य ने विधि मिश्रा को उनकी उपलब्धि पर बधाई दी और कहा कि यह प्रतियोगिता पत्र लेखन के महत्व को बढ़ावा देने में मदद करेगी। उन्होंने कहा कि पत्र लेखन एक कला है जो लोगों को एक दूसरे के करीब लाने में मदद करती है। विधि मिश्रा ने अपनी उपलब्धि पर कहा कि मैं बहुत खुश हूं कि मैंने इस प्रतियोगिता में पूरे राज्य में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। मैं पत्र लेखन का शौकीन हूं और मुझे लगता है कि यह एक महत्वपूर्ण कला है जो लोगों को एक दूसरे के साथ जोड़ने में मदद करती है। उल्लेखनीय है कि पिछले वर्ष इसी स्कूल की कक्षा 8 की छात्रा ने राज्य स्तरीय पत्र लेखन प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त किया था। इस प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों से कई प्रतिभागियों ने भाग लिया था। जूरी ने सभी पत्रों को ध्यान से पढ़ा और सर्वश्रेष्ठ पत्र का चयन किया।

मुंगेली जिले के ग्यारहवें कलेक्टर के रूप में कुन्दन कुमार ने किया कार्यभार ग्रहण

मुंगेली/नवप्रदेश। भारतीय प्रशासनिक सेवा के 2014 बैच के अधिकारी कुन्दन कुमार ने आज मुंगेली जिले के ग्यारहवें कलेक्टर के रूप में कार्यभार ग्रहण किया। इस अवसर पर निवर्तमान कलेक्टर राहुल देव ने उन्हें पुष्पगुच्छ भेंटकर शुभकामनाएं दीं और औपचारिक रूप से पदभार सौंपा।

बता दें कि कुन्दन कुमार ने पूर्व में कलेक्टर सरगुजा, बलरामपुर-रामानुजगंज और अन्य महत्वपूर्ण प्रशासनिक पदों पर सेवाएं दी हैं। हाल ही में वे गृह निर्माण मंडल के आयुक्त और रायपुर विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी के रूप में कार्यरत थे। कार्यभार ग्रहण करने के बाद नवपदस्थ कलेक्टर ने जिला कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभाकक्ष में जिला स्तरीय अधिकारियों की परिचयात्मक बैठक ली। उन्होंने सभी अधिकारियों से उनका परिचय लिया और जिले के समग्र और सतत विकास के लिए सभी के सहयोग से बेहतर कार्य करने की बात कही। उन्होंने कहा कि जनहित सर्वोपरि रहेगा और प्रशासनिक पारदर्शिता व दक्षता प्राथमिकता होगी। नवपदस्थ कलेक्टर ने जिले में शहरी एवं ग्रामीण निकाय में पेयजल संकट के निवारण हेतु विशेष कार्ययोजना बनाने व पेयजल के

दुरूपयोग को रोकने, गर्मी एवं लू से बचाव के लिए चौक-चौराहों में पशु, पक्षियों एवं राहगीरों के लिए प्याऊ घर की व्यवस्था करने, सुशासन तिहार का बेहतर क्रियान्वयन करने, स्वच्छता में विशेष ध्यान देने तथा सभी कार्यालयों व जिला चिकित्सालय में साफ-सफाई रखने, विद्युत व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित कराने, कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने और स्कूलों एवं छात्रावासों का औचक निरीक्षण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। इस अवसर पर अतिरिक्त कलेक्टर निष्ठा पाण्डेय तिवारी, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रभाकर पाण्डेय, अपर कलेक्टर जीएल यादव एवं मेनका प्रधान, डिप्टी कलेक्टर अजय शतरंज सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।

परेशानी... सक्ती में अवैध चखना दुकानों के संचालन से ठेकेदार को हो रही परेशानियां, आबकारी विभाग की कार्यप्रणाली पर उठे सवाल

शराब दुकान के चखना सेंटर में आबकारी विभाग की वसूली

सक्ती/नवप्रदेश। सक्ती की देशी-विदेशी मदिरा दुकान एवं चखना दुकान के संचालन के लिए शासकीय अहाता सेंटर का टेंडर होने के बाद भी ठेकेदार को 22 लाख रुपए के सालाना टेंडर अहाता दुकान का मिला है उसके बाद चखना दुकान का किराया जो 30 हजार महीना दुकान का किराया था उसको 120 महीना मांगा जा रहा है जिसमें आबकारी विभाग की संलिप्त होने की खबर आ रही है जिससे ठेकेदार से काम न करने काम हमको देने मिलकर काम करने के लिए परेशान किया जा रहा है। और उन्हें आबकारी विभाग के अधिकारियों के द्वारा डराया धमकाया जा रहा है कि अगर अहाता चलाना है तो हमको पार्टरशिप देना होगा हमारे हिसाब से चलाना होगा नहीं तो हम चखना सेंटर चलने नहीं देंगे साल भर तुमको प्रताड़ित कर देंगे पूरा विभाग हमारे हिसाब से मैनेज है बाहर में चखना दुकान लगवा देंगे तुम बाहर के आदमी हो हमारा कुछ नहीं बिगाड़ सकते। विगत कई वर्षों से यहां चखना दुकान का जो भी ठेका लेता है वो हमको लेकर चलता है जब ही वह यहां दुकान चला पाता। उक्त बातों को सुनकर चखना दुकान के ठेकेदार को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।जानकारी के अनुसार सक्ती में संचालित देशी-विदेशी मदिरा दुकान के पास शासकीय

अहाता सेंटर का टेंडर हुआ है, जहां चखना सेंटर का संचालन किया जाता है। इसके बाद भी मदिरा दुकान से 100-150 मीटर की परिधि में लगभग 10-12 अवैध चखना सेंटर संचालित किए जा रहे हैं, जिससे यहां शराबियों का जमघट लगने लगा है। छत्तीसगढ़ अहाता पॉलिसी के अनुसार शराब दुकान के 100-150 मीटर की परिधि में कोई दूसरा व्यक्ति चखना सेंटर नहीं खोल सकेगा। इसके बाद भी यहां इस तरह से नियम विरूद्ध चखना सेंटरों के संचालन से आबकारी विभाग की कार्यप्रणाली पर प्रश्न चिन्ह लग गया है। एक ओर यहां से गुजरने वाले नागरिक हलकान हो रहे हैं, वहीं आबकारी विभाग का सुस्त रवैया और खामोशी समझ से परे है। गौरतलब रहे कि शराब दुकानों का संचालन ऐसे स्थानों पर किया जाना चाहिए जो आम आदमी के लिए कष्टदायक न हो। इस बार अहाता दुकान का ठेका होने के बाद भी मनमाने स्थान पर अवैध चखना दुकानों का संचालन शुरू हो गया है। विभागीय अधिकारी नियमों का पालन कराने के बजाए मौन साधे हुए हैं।

सड़क पर उतरेंगे

शराब दुकान के निकट संचालित अवैध चखना सेंटरों को लेकर यहां के रहवासियों ने विभागीय अधिकारियों को चेतावनी दी है कि नियम विरूद्ध संचालित चखना सेंटरों में उमड़ रही शराबियों की भीड़ और बिगड़े रहे माहौल से यदि जनसमस्या बढ़ेगी, तो वे इसके निदान के लिए सड़क पर उतरेंगे जिसकी समस्त जवाबदारी प्रशासन और आबकारी विभाग की होगी।

वरिष्ठ कांग्रेस नेता शंकर पटेल बने सांसद प्रतिनिधि

गौरेला पेंड्रा मरवाही। कोरबा

लोकसभा क्षेत्र से लगातार दूसरी बार निर्वाचित सांसद ज्योत्सना चरणदास महंत ने जिले के वरिष्ठ कांग्रेस नेता और जिला कांग्रेस कमेटी (संगठन) उपाध्यक्ष शंकर पटेल को अपना सांसद प्रतिनिधि नियुक्त किया है। सांसद ज्योत्सना महंत ने अहम जिम्मेदारी सौंपते हुए आदिवासी विकास विभाग के आयुक्त को जारी पत्र में कहा है कि आदिवासी विभाग के अंतर्गत बैठकों में मेरी अनुपस्थिति में शंकर पटेल, निवासी अमरपुर, जिला - गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही को प्रतिनिधि नियुक्त करती हूँ।

सांसद प्रतिनिधि बनने के बाद शंकर पटेल ने कहा कि मैं पूरी ईमानदारी एवं निष्ठा के साथ मिली जिम्मेदारी का निर्वहन करूंगा। वहीं शंकर पटेल को सांसद प्रतिनिधि बनाये जाने पर क्षेत्र के कांग्रेसियों, ईष्टमित्रों, परिजनों सहित क्षेत्र में हर्ष व्याप्त है। शंकर पटेल ने नई जिम्मेदारी मिलने पर सांसद ज्योत्सना चरणदास महंत का आभार जताया है।

एक बार फिर लौटा बचपन, रियूनियन से पुरानी यादें हुईं ताजा

पुराने सहपाठियों शिक्षक-शिक्षिकाओं से मिलकर आंखें हुईं नम, 28 सालों का इंतजार हुआ खत्म

बिलासपुर/नवप्रदेश। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रतनपुर के 96/97 बैच के विद्यार्थियों ने स्कूल परिसर में रियूनियन एवं शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया, जिसमें उस समय इस विद्यालय में अपनी सेवाएं दे रहे शिक्षक एवं वर्तमान में पदस्थ शिक्षकों को खास तौर पर आमंत्रित किया गया। कार्यक्रम का आगाज शिक्षकों का स्वागत पुष्पवर्षा और गुलाब जल छिड़क कर किया गया। उसके पश्चात चन्दन एवं बेच लगाकर सभी शिक्षकों का स्वागत किया। उपस्थित शिक्षकों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की विधिवत शुभारंभ किया। कार्यक्रम का पहला चरण सभी पूर्व छात्र छात्राओं के परिचय का रहा जिसमें सभी ने अपना परिचय देते हुए वर्तमान कार्य के विषय में विस्तार से शिक्षकों को बताया।

इसके पश्चात अगला चरण शिक्षकों के आशीर्वचन का रहा जिसने अपने उद्बोधन में संदीप चोपड़े ने कहा कि मैं इस आयोजन को देखकर भावुक हो गया हूं। मैने इस तरह के अनेक कार्यक्रमों में शिरकत किया है पर यह कार्यक्रम अपने आप में अनूठा है। मुझे देखकर बेहद खुशी हो रही है कि 96/97 का बैच इतना शानदार और सफल बैच है। कार्यक्रम को गौरहा, राजेश सोनी, सत्येंद्र सिंह, नरेंद्र कश्यप, माधुरी मैडम, ममता क्षत्रिय मैंम ने भी संबोधित करते हुए इस कार्यक्रम की सराहना करते हुए प्रशंसा की और कहा कि यह देखकर अच्छा लगा कि लगभग 28 साल पहले इस विद्यालय से पढ़ाई करके निकले ये छात्र छात्राएं अपने अपने क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य कर रहे है। सभी शिक्षकों ने उस बैच के साथ अपने अपने संस्मरण भी सुनाए। कार्यक्रम का संचालन यासीन खान ने किया और आभार प्रदर्शन रामशरण श्रीवास ने किया। इस अवसर पर पुराने छात्र छात्राओं में संगीता सचदेव, सुनील यादव, किरण गुप्ता, अनिल महावर, संतोष तिवारी बल्ली, मनीष यादव, हर्षदेव शर्मा, अमिता गुप्ता, चंद्र कुमार बैगा, कैलाश नागरची, नसीम बानो, सविता पटेल, घनश्याम दुबे, शत्रुघन कश्यप, द्वारिका साहू उपस्थित थे।

सबको साथ लाने कार्यक्रम आयोजित

कार्यक्रम के संचालक यासीन खान ने बताया कि भाग-दौड़ और व्यस्तता की वजह से पुराने सहपाठियों का एक साथ मिलना चुनौतीपूर्ण है। सबको एक साथ लाने और बचपन की यादों को एक बार फिर जीने के लिए इस कार्यक्रम आयोजन किया गया था, जिसमें देश के विभिन्न राज्यों से सहपाठी समय निकालकर पहुंचे थे। सालों बाद एक-दूसरे से मिलना एक विशेष अनुभव रहा। आगे भी इस कार्यक्रम को निरंतर करने का प्रयास किया जाएगा, जिससे समय-समय पर अपने पुराने सहपाठियों और शिक्षक-शिक्षिकाओं के संपर्क में रहें।

कुर्सी दौड़ स्पर्धा आयोजित

कार्यक्रम को मनोरंजक बनाने के लिए शिक्षकों के लिए कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता भी रखा गया जिसमें सुश्री मंजू गुप्ता विजेता रही साथ ही गौरहा सर उपविजेता रहे । साथ ही अपने अपने क्षेत्र में बेहतर कर रहे रेडियोलॉजिस्ट डॉक्टर ममता साहू, प्रोफेसर रश्मि पटेल एवं हकीम मोहम्मद को सम्मानित किया गया। संतोषी साहू के द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। मंजू अग्रवाल, अनुरिता यादव ने भी अपनी प्रस्तुतियां दी। अंत में सभी शिक्षकों को साल एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

■ न्यूज गैलरी

ट्रायल कोर्ट के फैसले को बरकरार रखा, याचिका खारिज

बिलासपुर/नवप्रदेश। ट्रायल कोर्ट के फैसले को चुनौती देने वाली याचिका की सुनवाई करते हुए जस्टिस राकेश मोहन पांडेय ने अपना महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है। जस्टिस पांडेय ने ट्रायल कोर्ट के फैसले को सही ठहराते हुए कहा है कि सिविल प्रक्रिया संहिता के आदेश 7 नियम 14 के तहत दायर आवेदन को तभी स्वीकार किया जाना चाहिए, यदि आवेदन असाधारण परिस्थितियों की ओर इशारा करता है, क्योंकि यह एक औपचारिकता मात्र नहीं है। इस महत्वपूर्ण टिप्पणी के साथ याचिका को खारिज कर दिया है। याचिकाकर्ता ने विवाद के मामले में गवाह को दोबारा अदालत में पेश करने और गवाही के लिए बुलाने की मांग की थी। याचिकाकर्ता यह तथ्य पेश नहीं कर पाया कि आखिर किन कारणों के चलते वह गवाह को दोबारा कोर्ट के समक्ष पेश कर गवाही दिलाना चाहता है। याचिकाकर्ता हर्षदीप सिंह जुनेजा एसीएम इंटरप्राइजेज ने दो अलग-अलग याचिका हाईकोर्ट में दायर की थी। ये याचिकाएं भारत के संविधान के अनुच्छेद 227 के तहत दायर की गई थी। जिसमें ट्रायल कोर्ट के 6 जनवरी 2025 के आदेश को चुनौती दी गई है।

कलेक्टर ने की सुशासन तिहार के आवेदनों के निराकरण की समीक्षा

एक-एक आवेदन का हो सार्थक समाधान, अब तक 15 हजार से ज्यादा मामलों का निराकरण

बिलासपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर अवनीश शरण ने आज साप्ताहिक टीएल बैठक में सुशासन तिहार में मिले आवेदनों के निराकरण की प्रगति की समीक्षा की। अब तक लगभग 15 हजार से ज्यादा आवेदनों का निराकरण किया जा चुका है। उन्होंने दिन रात काम कर आवेदनों के परिणाम मूलक समाधान के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने कहा कि आवेदनों को अधिकारी स्वयं पढ़ें, समझें और समाधान निकालें। कंप्यूटर ऑपरेटर अथवा बाबू के भरोसे न छोड़ें। गलती से यदि दूसरे विभागों के आवेदन आपकी आईडी में आ गए हैं, तो इसे संबंधित विभागों को तत्काल फॉरवर्ड कर दें। ताकि उनको समाधान के लिए समय मिल सके।

कलेक्टर ने बताया कि आगामी 5 मई से 31 मई तक समाधान शिविर लगेंगे। प्रत्येक 10 पंचायत के बीच एक शिविर आयोजित होगा। नगर निगम क्षेत्रों में भी 5/6 वार्डों के बीच समाधान शिविर लगेंगे। इन शिविरों में आवेदनों के निराकरण की स्थिति की जानकारी दी जाएगी। श्री शरण ने कहा कि शिकायतों के निराकरण में आवेदक को भी बुलाया जाए अथवा फोन पर उनसे चर्चा की जाए। कलेक्टर ने कहा कि पोर्टल के संबंध में यदि कोई दिक्कत आती है तो ग्रामीण क्षेत्र क्षेत्र के लिए जिला पंचायत सीईओ और नगरी क्षेत्र के लिए नगर निगम आयुक्त से संपर्क कर उसका निदान कराएं। कलेक्टर ने बैठक में आवेदनों के तेजी से निदान पर बल दिया। उन्होंने भीषण गर्मी को देखते हुए पेयजल की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि लोगों को पेयजल और निस्तारी में दिक्कत नहीं होनी चाहिए। यदि जलस्त्रोत नीचे हो रहा तो नलकूप। में राइजिंग पाइप बढ़ाए। मूलभूत अथवा 15 वाँ वित्त आयोग मद का उपयोग किया जा सकता है। किसी भी हालत में लोगों को पेयजल की समस्या नहीं आनी चाहिए।

खाद बीज का अग्रिम उठाव करने किसानों से अपील

आगामी खरीफ सीजन को देखते हुए खाद बीज की उपलब्धता की समीक्षा भी की। किसानों से खाद बीज का अग्रिम उठाव करने की अपील की। उन्हें अतिरिक्त ब्याज नहीं देना होगा। कृषि विभाग को उठाव के बारे में किसानों को जागरूक करने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने टीएल में दर्ज एक एक प्रकरण की समीक्षा की। तथा और तेजी के साथ निराकरण करने के निर्देश दिए। निगम आयुक्त अमित कुमार, डीएफओ सत्यदेव शर्मा सहित विभागीय वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

नेशनल हाईवे पर जिम्मेदार अधिकारियों की लापरवाही से लोगों की जा रही जान

■ यातायात जागरुकता लाने एसएसपी ने फेसबुक में पब्लिक से किया था लाइव संवाद

बिलासपुर/नवप्रदेश। बिलासपुर-रायपुर नेशनल हाईवे सहित अन्य प्रमुख राष्ट्रीय राजमार्गों पर चल रहे ट्रक व भारी वाहन लगातार दुर्घटनाओं के आंकड़ों को बढ़ाने का काम कर रहे है। हाईवे मे दौड़ते और रात के अंधेरे मे खड़े इन वाहनों में दाईं या बाईं ओर मुड़ने के लिए आवश्यक इंडीकेटर एवं रेडियम पट्टियाँ लगभग नही लगी रहती है जिसके कारण दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। लापरवाह भारी वाहनो के चालक खुलेआम यातायात नियमों का उल्लंघन कर लोगो की जान ले रहे है वावजूद उसके जिम्मेदार अधिकारी गंभीर लापरवाही पर आँख मूंदे बैठे नजर आ रहे है। कई बार इन वाहनों के अचानक मुड़ने या ब्रेक लगाने के कारण पीछे से आ रहे वाहन चालकों को भ्रम होता है, जिससे टक्कर की स्थिति बनती है और कई मामलों में यह दुर्घटनाएँ जानलेवा साबित होती हैं। इसके बावजूद, ट्रैफिक पुलिस व आरटीओ जैसे जिम्मेदार विभाग इस ओर कोई ठोस कार्रवाई नहीं करते, जिससे ऐसे लापरवाह चालक बेखौफ होकर नियमों की अनदेखी करते रहते हैं। यह अत्यंत आवश्यक है कि ट्रैफिक पुलिस और आरटीओ विभाग संयुक्त रूप से ऐसे भारी वाहनों पर निगरानी रखें। जिन वाहनों पर इंडीकेटर और रेडियम पट्टी न हो, उन पर कड़ा जुर्माना लगाया जाए तथा संबंधित चालकों के लाइसेंस निलंबित अथवा रद्द किए जाएं। प्रदेश के सभी नेशनल हाईवे पर अभियान चलाकर यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि प्रत्येक भारी वाहन पर इंडीकेटर और रेडियम पट्टियाँ अनिवार्य रूप से लगी हों।

शनिचरी बाजार में अतिक्रमण हटाने पहुंचे निगम अमले से झूमाझटकी

बिलासपुर/नवप्रदेश। नगर निगम बिलासपुर का अतिक्रमण विरोधी अभियान मंगलवार को शनिचरी बाजार क्षेत्र में भारी हंगामे का पर्याय बना। सड़क तक दुकान लगाकर यातायात बाधित कर रहे कारोबारियों पर कार्रवाई करने पहुंचे निगम के अतिक्रमण निवारण अधिकारी और अमले को एक कारोबारी के जोरदार विरोध का सामना करना पड़ा। इस दौरान झूमाझटकी हुई और कारोबारी ने अपना सामान सड़क पर फेंककर आग लगाने तक की धमकी दे डाली, जिससे मौके पर कुछ देर के लिए तनाव की स्थिति निर्मित हो गई। जानकारी के अनुसार, निगम द्वारा शनिचरी बाजार में बार-बार चेतावनी दिए जाने के बावजूद कुछ दुकानदार अपनी हद पार कर सड़क तक सामान फैला रहे थे। विशेष रूप से झौहा टोकनी लगाने वाले एक कारोबारी का अतिक्रमण काफी अधिक था। इसी अतिक्रमण को हटाने के लिए निगम का अमला पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचा था। कार्रवाई के दौरान जब निगम के अधिकारी ने कारोबारी का सामान जब्त

करना चाहा, तो वह भड़क गया। उसने अधिकारी से सीधे झूमाझटकी शुरू कर दी और धमकी भरे लहजे में अपना सामान सड़क पर फेंक कर आग लगाने की बात कही। हंगामे और धमकी के बावजूद, निगम अमले ने अपने सख्त तेवर दिखाए और कारोबारी द्वारा सड़क पर फैलाया गया पूरा सामान तत्काल जब्त कर लिया। मौके पर मौजूद पुलिस ने स्थिति को संभालते हुए हंगामा कर रहे कारोबारी को हिरासत में ले लिया और उसे सिटी कोतवाली ले गई। इस घटना के बाद शनिचरी बाजार और आसपास के क्षेत्रों में दुकान लगाने वाले अन्य कारोबारियों में हड़कम्प मच गया। कई दुकानदार अपना सामान बचाने के लिए जल्दबाजी में उसे दुकान के अंदर समेटने लगे। निगम अमले ने उन कारोबारियों के खिलाफ भी कार्रवाई की जिनके सामान अभी भी सड़क पर या दुकान के बाहर तक बिखरे थे। उनका सामान जब्त कर उन्हें भविष्य में दोबारा ऐसा न करने की सख्त चेतावनी दी गई। वहीं, सड़क पर खड़े होकर ठेला लगाने वाले फल कारोबारियों को भी अंतिम चेतावनी दी गई है कि अब यातायात बाधित करने पर उनके ठेले सीधे जब्त कर लिए जाएंगे और छोड़े नहीं जाएंगे। अतिक्रमण विरोधी अभियान के तहत इमलीपारा रोड पर मेमन जमात के बगल में बने एक कमरे को भी ढहाने की कार्रवाई की गई।

---

6 अड्डेबाजों के खिलाफ कार्रवाई

बिलासपुर/नवप्रदेश। अंधेरे में शराबखोरी, लूडो करने वाले अड्डेबाजों के खिलाफ पुलिस ने अभियान चलाया। सिरगिट्टी, सिविल लाइन व सकरी पुलिस की टीम ने 12 से अधिक जगहों पर सिविल ड्रेस में पहुंच कर पकड़ा। बहुतों को उठक-बैठक करा कर छोड़ा गया। वहीं 6 आदतन बदमाशों को थाने लाकर कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान कुछ लड़कियों के साथ भी पकड़े गए। दिनदयाल व आसपास के क्षेत्रों में शराब पी रहे युवक पुलिस को आते देख भाग निकले।

जल संरक्षण के लिए कैच द रेन अभियान का करें व्यापक प्रचार : सीएम

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि गर्मी के मौसम में पेयजल संकट से निपटने के लिए राज्य सरकार पूरी तरह सतर्क है और इसकी गहन निगरानी की जा रही है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में हैंडपंपों की मरम्मत के लिए पूर्व में दिए गए निर्देशों के तहत तेजी से कार्य हुए हैं और अब तक 86 मोबाइल यूनिट्स के माध्यम से 11,238 हैंडपंपों की मरम्मत पूरी की जा चुकी है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि जहाँ भी पेयजल से जुड़ी शिकायतें प्राप्त हो रही हैं, वहाँ

तत्काल समाधान सुनिश्चित किया जाए। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज मंत्रालय महानदी भवन में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की गहन समीक्षा बैठक ली और प्रदेश में पेयजल की उपलब्धता, भूजल स्तर, जल जीवन मिशन की प्रगति और जल संरक्षण जैसे अहम मुद्दों पर अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए। मुख्यमंत्री श्री साय ने सरगुजा में पीएचई विभाग का मुख्य अभियंता परिक्षेत्रीय कार्यालय खोलने के संबंध में आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने ÷सुशासन तिहार÷ के दौरान प्राप्त आवेदनों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए समस्याओं का समाधान करने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि जल जीवन मिशन केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है और प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने हर घर नल से जल पहुँचाने का बड़ा संकल्प लिया है। जल जीवन मिशन के शेष कार्यों को उन्होंने समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने जल जीवन मिशन की आगामी वर्षों की कार्ययोजना की भी समीक्षा की। श्री साय ने कहा कि भूजल स्तर में गिरावट से प्रभावित विकासखंडों के साथ-साथ बिना जल स्त्रोत वाले ग्रामों की सूची भी तैयार करें, ताकि इसे दूर करने की दिशा में प्रभावी कदम उठाए जा सकें।

मेडिकल कॉलेज में हीटस्ट्रोक मरीजों के लिए चार अतिरिक्त बेड की सुविधा

गर्मी में बढ़ती मरीजों को देखते सिम्स ने लिया निर्णय

बिलासपुर/नवप्रदेश। सिम्स चिकित्सा संस्थान में गर्मी के प्रकोप के चलते हीटस्ट्रोक (लू) के मरीजों की बढ़ती संख्या को देखते हुए प्रशासन ने महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। 21 अप्रैल 2025 को सिम्स के अधीक्षक डॉ. रमेश मूर्ति और प्रमुख डॉ. लखन सिंह द्वारा गर्मी से प्रभावित मरीजों के उपचार हेतु मेडिसिन वार्ड का निरीक्षण किया गया। इस दौरान यह पाया गया कि तेज गर्मी के कारण मरीजों की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है।

मेडिसिन विभाग में अप्रैल माह के दौरान अब तक 417 मरीज भर्ती हो चुके हैं, जिनमें से 37 मरीज हीटस्ट्रोक से प्रभावित पाए गए।

वर्तमान में मेडिसिन विभाग के विभिन्न वार्डों में इन मरीजों का इलाज चल रहा है। निरीक्षण के बाद वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारियों और विभागीय प्रमुखों के साथ हुई बैठक में इस समस्या पर गंभीरता से चर्चा की गई। हीटस्ट्रोक के मरीजों की बढ़ती संख्या को देखते हुए सिम्स के मेडिसिन विभाग के आईसीयू और पीडियाट्रिक वार्ड में चार अतिरिक्त बेड की व्यवस्था की गई है। इसके साथ ही, इन बेड्स को तुरंत उपयोग में लाने के लिए आवश्यक मंजूरी और संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। बैठक में बताया गया कि अस्पताल में कुल 207 बेड पहले से संचालित हैं, और अतिरिक्त 35 बेड की आवश्यकता को पूरा करने के निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने हीटस्ट्रोक से प्रभावित मरीजों के लिए तत्काल कूलर, पंखे और साफ हवा की आपूर्ति सुनिश्चित करने पर जोर दिया।

भतीजे ने फर्जीवाड़ा कर हड़प ली साढ़े 4 एकड़ जमीन

बिलासपुर/नवप्रदेश। कोटा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत कंचनपुर निवासी आज़ाद युवा संगठन सदस्य दूजराम यादव की छ एकड़ बारह डिस्मिल खेत एवं भूमि को दूजराम के भतीजे जोहित यादव, जोहन यादव, शत्रुघन यादव एवं मोहन यादव द्वारा खसरा नं 367/1 367/7, 367/11, 367/12, 420/2, 433/2 की 6.12 एकड़ भूमि पर दूजराम काबिज है, किंतु उक्त भतीजो द्वारा पटवारी से मिलकर छल एवं कूटरचना करते हुए साढ़े चार एकड़ भूमि को अपने नाम

दर्ज करवा ली गई है। उक्त प्रकरण की गंभीरता को ध्यान में रखते हुए आज़ाद युवा संगठन प्रमुख इशहाक कुरैशी किसान दूजराम यादव एवं संगठन के सदस्यों के साथ जिला कलेक्टर बिलासपुर एवं जिला पुलिस प्रशासन को ज्ञापन सौंपते हुए उक्त चारों भतीजे एवं संबंधित अधिकातियो पर न्याय उचित कार्रवाई करने की मांग की गई।

पहल आओ संवारें कल अपना अभियान का शुभारंभ, बच्चों को वॉलीबॉल, फुटबॉल, बैडमिंटन, फ्रिस्बी, आदि स्पोर्ट्स किट देकर की विभिन्न खेलों की शुरुआत

बच्चों को खेल से जोड़ कर नशे व मोबाइल की लत से दूर रखने एसएसपी रजनेश सिंह की अनूठी पहल

बिलासपुर/नवप्रदेश। एक अच्छे और स्वस्थ समाज की परिकल्पना के साथ बिलासपुर पुलिस के द्वारा आओ संवारे कल अपना स्लोगन के साथ अभियान की शुरुवात करते हुए ग्रामीण बच्चों के अंदर छिपी प्रतीभा को बहार लाने की एक सार्थक पहल करते हुए बच्चों को खेल से जोड़ कर नशे व मोबाइल की लत से दूर रखने का प्रयास किया। सोमवार को बिलासपुर पुलिस द्वारा संचालित चेतना अभियान के एक महत्वपूर्ण पहलू आओ संवारें कल अपना का शुभारंभ तोरवा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम महमंद में किया गया। इस अभियान का उद्देश्य

बच्चों को नशे एवं मोबाइल की लत से दूर रखकर उन्हें खेलकूद, अनुशासन और सकारात्मक जीवन मूल्यों की ओर प्रेरित करना है, ताकि उनके मानसिक, शारीरिक और नैतिक विकास को मजबूती मिल सके। उक्त अभियान का विधिवत शुभारंभ बिलासपुर जिले के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह द्वारा किया गया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि आज का युवा हमारा भविष्य है, लेकिन यह भविष्य तभी उज्ज्वल होगा जब हम उन्हें समय रहते सही दिशा दिखाएं। नशा, अपराध और मोबाइल की लत हमारे बच्चों को गुमराह कर रही है। ऐसे समय में, खेलकूद, अनुशासन और सामूहिक गतिविधियों को बढ़ावा देकर हम उन्हें सशक्त और जिम्मेदार नागरिक बना सकते हैं। पुलिस केवल कानून व्यवस्था की जिम्मेदार नहीं है, बल्कि सामाजिक सरोकारों में भागीदारी भी हमारी प्राथमिकता है। इस अवसर पर अर्चना झा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) ने भी प्रेरक वक्तव्य दिया। उन्होंने कहा कि बच्चों के जीवन में तकनीक का उपयोग सीमित और विवेकपूर्ण होना चाहिए।

एक माह तक होगा खेल आयोजन

इस अभियान में तहत पूरे एक माह तक इस क्षेत्र में बच्चों के लिए खेल का आयोजन किया गया है, जिसमें प्रशिक्षक दीपक निर्मलकर, विक्रांत निर्मलकर, यमन रजक, दीपक मरकाम, तेजश्री भट्टाचार्य, तरुणा कश्यप, अंकिता यादव, अम्बा कश्यप, पूनम गौतम, ऋतु कश्यप, आस्था कश्यप ये सभी कार्यक्रम के समापन तक आयोजन में निर्णायक और सभी खेल को सम्पन्न करने का दायित्व रहेगा। उक्त कार्यक्रम शासकीय प्राथमिक शाला ग्राउंड, ग्राम महमंद में आयोजित किया गया था।

न्यूज़ गैलरी

मामूली बढ़त के साथ खुला भारतीय शेयर बाजार, सेंसेक्स 79,500 स्तर से ऊपर

मुंबई। सकारात्मक वैश्विक संकेतों के बीच मंगलवार को घरेलू बेंचमार्क सूचकांक मामूली बढ़त के साथ खुले। शुरुआती कारोबार में ऑटो, पीएसयू बैंक और फाइनेंशियल सर्विस सेक्टर में खरीदारी देखी गई। सुबह करीब 9.34 बजे सेंसेक्स 134.87 अंक या 0.17 प्रतिशत बढ़कर 79,543.37 पर कारोबार कर रहा था, जबकि निफ्टी 37.65 अंक या 0.16 प्रतिशत बढ़कर 24,163.20 पर था। निफ्टी बैंक 78.85 अंक या 0.14 प्रतिशत बढ़कर 55,383.35 पर था। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 299.45 अंक या 0.55 प्रतिशत बढ़कर 54,273.90 पर कारोबार कर रहा था। निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 78.10 अंक या 0.47 प्रतिशत चढ़कर 16,851.45 पर था। बाजार पर नजर रखने वालों के अनुसार, निफ्टी अब मार्च के उच्चतम स्तर 23,870 पर वापस आ गया है, जो निकट भविष्य में एक महत्वपूर्ण प्रतिरोध स्तर हो सकता है। पीएल कैपिटल के सलाहकार प्रमुख विक्रम कासट ने कहा, अगर निफ्टी सूचकांक 23870 स्तर पर टिकने और ऊपर उठने में विफल रहता है तो इसमें निकट भविष्य में कुछ सुधार या साइडवेज कंसोलिडेशन देखने को मिल सकता है। नीचे की ओर, 23460 पर 20 एचएमए 'सुधार या पुलबैक' के मामले में एक महत्वपूर्ण समर्थन स्तर होगा। हालांकि, यदि निफ्टी सूचकांक टूटता है और 23870 से ऊपर टिका रहता है, तो ऊपर की ओर 24250 ङ्क 24500 स्तर पर नजर बनाए रखनी होगी।

इस बीच, सेंसेक्स पैक में इटरनल, टाटा स्टील, कोटक महिंद्रा बैंक, एचडीएफसी बैंक, बजाज फाइनेंस और हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड टॉप गेनर्स रहे। जबकि, इंडसइंड बैंक, इंफोसिस, पावर ग्रिड, एशियन पेंट्स, एचसीएल टेक टॉप लूजर्स रहे। अमेरिकी बाजारों में पिछले कारोबारी सत्र में डाउ जोंस 2.48 प्रतिशत की गिरावट के साथ 38,170.41 पर बंद हुआ। एसएंडपी 500 इंडेक्स 2.36 प्रतिशत की गिरावट के साथ 5,158.20 पर और नैस्डैक 2.55 प्रतिशत की गिरावट के साथ 15,870.90 पर बंद हुआ।

एचसीएल टेक्नोलॉजीज का चौथी तिमाही मुनाफा 7.9 प्रतिशत बढ़ा

मुंबई (वार्ता)। वैश्विक प्रौद्योगिकी कंपनी एचसीएल टेक्नोलॉजीज लिमिटेड का 31 मार्च को समाप्त वित्त वर्ष की जनवरी-मार्च तिमाही में सकल शुद्ध मुनाफा इसके पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही के 3,995 करोड़ रुपये के मुकाबले 7.9 प्रतिशत की बढ़ोतरी लेकर 4,309 करोड़ रुपये पर पहुंच गया।

कंपनी ने मंगलवार को शेयर बाजार को बताया कि उसे वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी तिमाही में उसे 4,309 करोड़ रुपये का शुद्ध मुनाफा हुआ, जो वित्त वर्ष 2023-24 की जनवरी-मार्च तिमाही के 3,995 करोड़ रुपये के मुकाबले 7.9 प्रतिशत अधिक है। इस अवधि में उसकी कुल आय में 6.2 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई और यह 28,915 करोड़ रुपये से बढ़कर 30,695 करोड़ रुपये हो गई। इस तरह उसका कुल खर्च भी 23,646 करोड़ रुपये से बढ़कर 24,960 करोड़ रुपये पर पहुंच गया।

टैरिफ को लेकर अनिश्चितता, कमजोर अमेरिकी डॉलर और बढ़ते अमेरिकी बॉन्ड यील्ड के कारण सोने की कीमतों में मजबूती

गोल्ड ने बनाया नया रिकॉर्ड, कीमत 1 लाख के करीब पहुंची

नई दिल्ली। सोने की कीमतों ने सोमवार को नया रिकॉर्ड हाई बनाया और 24 कैरेट सोने का भाव पहली बार 97,000 रुपये के करीब पहुंच गया है। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर 24 कैरेट के 10 ग्राम सोने का भाव बढ़कर 96,805 रुपये हो गया है, जो कि 97,000 रुपये से मामूली रूप से कम है। सोने की कीमतों में तेजी की वजह वैश्विक स्तर पर अस्थिरता और डॉलर की कमजोरी को माना जा रहा है।

हाजिर बाजार में भी सोने की कीमतों में इजाफा देखने को मिल रहा है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के मुताबिक, 24 कैरेट के सोने की कीमत बढ़कर 96,659 रुपये प्रति ग्राम हो गई है। वहीं, 22 कैरेट के सोने की कीमत बढ़कर 9,427 रुपये प्रति ग्राम हो गई है। वहीं, 20 कैरेट और 18 कैरेट की कीमत क्रमश- 8,596 और 7,824 रुपये प्रति ग्राम हो गई है।घरेलू के साथ अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी सोने की कीमतों में इजाफा देखा जा रहा है और कॉमैक्स पर सोने की कीमत बढ़कर 3,400 डॉलर प्रति औंस हो गई है। अमेरिका और चीन के बीच बढ़ते तनाव के कारण दुनिया भर के निवेशक सुरक्षित माने जाने वाले सोने में निवेश कर रहे हैं। देश के अलग-अलग शहरों में आज यानी 21 अप्रैल को 22 और 24 कैरेट सोने के रेट में हल्का फर्क देखा गया। दिल्ली में 22 कैरेट सोना ?88,240 और 24 कैरेट ?96,260 प्रति 10 ग्राम रहा। वहीं मुंबई में 22 कैरेट सोना ?88,390 और 24 कैरेट सोना ?96,420 रहा। कोलकाता में 22 कैरेट सोना ?88,280 और 24 कैरेट ?96,300 पर रहा। चेन्नई में 22 कैरेट का भाव ?88,640 और 24 कैरेट ?96,700 दर्ज किया गया, जबकि बेंगलुरु में 22 कैरेट सोना ?88,460 और 24 कैरेट ?96,500 प्रति 10 ग्राम रहा।जेएम फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड के प्रणव मेर ने कहा, सोने की कीमतों में तेजी जारी रही और यह थोड़े समय के लिए 3,400 डॉलर प्रति औंस से ऊपर पहुंच गई थी। टैरिफ को लेकर अनिश्चितता, कमजोर अमेरिकी डॉलर और बढ़ते अमेरिकी बॉन्ड यील्ड के कारण सोने की कीमतों में मजबूती बनी हुई हैं। उन्होंने आगे कहा कि एक्सचेंज ट्रेडेड फंड्स (ईटीएफ) की ओर से खरीदारी और भारत में आगामी त्योहारी मांग से भी सोने की कीमतों को समर्थन मिल रहा है। मेर के मुताबिक, व्यापारियों की नजर अमेरिका और उसके प्रमुख साझेदारों जैसे जापान, यूरोप और चीन के बीच चल रही व्यापार वार्ता पर भी रहेगी, जिससे बाजार की दिशा के बारे में अधिक स्पष्टता मिल सकती है।

भारत में स्टारलिंक की एंट्री को लेकर कयास तेज

भारत में जल्द आ सकती है स्टारलिंक इंटरनेट सेवा, केंद्रीय मंत्री से मिले कंपनी के प्रतिनिधि

नई दिल्ली। भारत में एलन मस्क की कंपनी स्टारलिंक द्वारा सैटेलाइट आधारित इंटरनेट सेवा लॉन्च किए जाने की चर्चाएं पिछले कई महीनों से चल रही हैं, लेकिन अब ऐसा प्रतीत होता है कि देश में हाई-स्पीड सैटेलाइट इंटरनेट कनेक्टिविटी का इंतजार जल्द खत्म हो सकता है। हाल ही में स्टारलिंक के कई बड़े प्रतिनिधियों ने केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल से मुलाकात की और भविष्य की योजनाओं पर चर्चा की। इस मुलाकात के बाद से भारत में स्टारलिंक की एंट्री को लेकर कयास तेज हो गए हैं।

स्टारलिंक की सैटेलाइट बेस्ड इंटरनेट कनेक्टिविटी का एक बड़ा फायदा यह होगा कि यह उन क्षेत्रों में भी आसानी से इंटरनेट उपलब्ध करा सकती है जहां पारंपरिक मोबाइल नेटवर्क के टावर या केबल ब्रॉडबैंड की सुविधा नहीं है। इससे देश के दूरदराज और दुर्गम इलाकों में भी डिजिटल कनेक्टिविटी पहुंचाई जा सकेगी। हालांकि, भारत में स्टारलिंक कनेक्शन लेने के लिए कितनी कीमत चुकानी पड़ेगी और इसका मासिक खर्च कितना होगा, इसकी फिलहाल कोई आधिकारिक जानकारी कंपनी या सरकार की तरफ से नहीं दी गई है। लेकिन कुछ रिपोर्ट्स की मानें तो भारत में इसकी मासिक कीमत करीब 9,000 रुपये से लेकर 10,500 रुपये तक की हो सकती है।

यह कीमत फिलहाल अमेरिका जैसे देशों में ली जाने वाली फीस के बराबर है। अगर भारत में इसी कीमत में इसे लॉन्च किया जाता है, तो यह आम नागरिकों के बड़े वर्ग की पहुंच से दूर हो सकता है। मासिक शुल्क के अलावा, स्टारलिंक सर्विस का फायदा लेने के लिए ग्राहकों को एक खास तरह की किट भी खरीदनी होगी। इस किट में सैटेलाइट डिश, राउटर और इंस्टॉलेशन के लिए जरूरी सपोर्ट शामिल होगा। रिपोर्ट्स के अनुसार, स्टारलिंक के इस किट की कीमत 30 हजार रुपये से लेकर 50,000 रुपये तक हो सकती है। अनुमान लगाया जा रहा है कि ग्राहकों को पहले साल के लिए कुल डेढ़ लाख रुपये तक खर्च करने पड़ सकते हैं, जिसमें किट की कीमत और मासिक शुल्क शामिल होगा, जबकि दूसरे साल से सिर्फ मासिक सर्विस फीस ही देनी होगी। स्पीड की बात करें तो स्टारलिंक के जरिए भारत में हाई स्पीड इंटरनेट कनेक्टिविटी मिलने वाली है। बताया जा रहा है कि इसमें यूजर्स को सामान्य तौर पर 100ख्रड्ढश्चह्य से लेकर 200 ख्रड्ढश्चह्य तक की तगड़ी इंटरनेट स्पीड मिलेगी। इसमें मौजूदा ब्रॉडबैंड की तुलना में लेटेंसी (डेटा ट्रांसफर में लगने वाला समय) भी कम होगी, जिससे ऑनलाइन गेमिंग, वीडियो स्ट्रीमिंग और वीडियो कॉल जैसे कामों में काफी बेहतर एक्सपीरियंस मिलेगा। केंद्रीय मंत्री के साथ हुई मुलाकात और सैटेलाइट इंटरनेट की आवश्यकता को देखते हुए, माना जा रहा है कि सरकार जल्द ही स्टारलिंक या अन्य सैटेलाइट इंटरनेट प्रदाताओं के लिए भारत में परिचालन शुरू करने के रास्ते खोल सकती है। हालांकि, कीमत का पहलू एक महत्वपूर्ण कारक रहेगा जो यह तय करेगा कि यह सेवा कितने लोगों तक पहुंच पाएगी।

अब 10 साल के बच्चे भी चला सकेंगे अपना सेविंग अकाउंट

नई दिल्ली। भारतीय रिजर्व बैंक ने बच्चों को वित्तीय रूप से सशक्त बनाने की दिशा में एक अहम कदम उठाया है। अब 10 साल या उससे अधिक उम्र के बच्चे अपना बैंक खाता खुद ऑपरेट कर सकेंगे। यह नई व्यवस्था जुलाई 2025 से देश के सभी वाणिज्यिक बैंकों, सहकारी बैंकों और वित्तीय संस्थानों में लागू होगी। आरबीआई ने यह निर्णय बच्चों को बैंकिंग के प्रति जागरूक करने और उन्हें वित्तीय जिम्मेदारियों को समझने का मौका देने के लिए लिया है। इससे माता-पिता को भी बच्चों को स्वतंत्रता देने में आसानी होगी। बदलावों में मुख्य तौर पर 10 साल या उससे अधिक उम्र के बच्चे खुद से सेविंग और फिक्स्ड डिपॉजिट अकाउंट ऑपरेट कर सकेंगे। सभी बैंकों को निकासी और जमा सीमा को लेकर अपने-अपने नियम तय करने की छूट दी गई है। यह नियम उन खातों पर भी लागू होंगे जो माता-पिता द्वारा खोले गए हैं लेकिन बच्चों द्वारा ऑपरेट किए जा रहे हैं। 18 वर्ष की उम्र होते ही खाताधारक का नया केवाईसी और हस्ताक्षर लिया जाएगा। खाता खोलने के लिए आधार कार्ड जैसे दस्तावेज अनिवार्य होंगे। ऋब्ढ्ढ ने सभी बैंकों को जुलाई 2025 से पहले आवश्यक बदलाव लागू करने और तकनीकी व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए हैं, ताकि किसी भी प्रकार की अव्यवस्था से बचा जा सके। इस फैसले से न केवल बच्चों में वित्तीय समझ विकसित होगी, बल्कि यह भविष्य की जिम्मेदार नागरिकता की दिशा में भी एक अहम कदम साबित होगा।

अदरक, टमाटर-फूलगोभी, जीरा, लहसुन की कीमतों में सबसे अधिक गिरावट

नई दिल्ली। खुदरा महंगाई दर मार्च में छह वर्षों के निचले स्तर 3.34 प्रतिशत पर पहुंच गई है। इसके साथ ही अदरक, टमाटर, फूलगोभी, जीरा और लहसुन की कीमतों में बड़ी गिरावट देखी गई। वित्त मंत्रालय के डेटा के मुताबिक, सालाना आधार पर अदरक की कीमतों में 38.11 प्रतिशत की गिरावट हुई है, जबकि टमाटरों की कीमत में 34.96 प्रतिशत, फूलगोभी की कीमत में 25.99 प्रतिशत, जीरे की कीमत में 25.86 प्रतिशत और लहसुन की कीमत में 25.22 प्रतिशत की गिरावट हुई है।मार्च 2025 में जिन उत्पादों की कीमतों में वृद्धि हुई है, उनमें 56.81 प्रतिशत की सालाना वृद्धि के साथ नायिरल तेल शीर्ष पर था। वहीं, नारियल की कीमत में 42.05 प्रतिशत, गोल्ड की कीमत में 34.09 प्रतिशत, सिल्वर की कीमत में 31.57 प्रतिशत और अंगूर की कीमत में 25.55 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।बीते महीने हेल्थ सेगमेंट में महंगाई दर 4.26 प्रतिशत रही है, जो कि फरवरी में 4.12 प्रतिशत थी।शहरी क्षेत्रों में हाउसिंग महंगाई दर बढ़कर 3.03 प्रतिशत हो गई है, जो कि फरवरी में 2.91 प्रतिशत थी।परिवहन और संचार कैटेगरी में महंगाई दर फरवरी में 2.93 प्रतिशत की तुलना में मार्च 2025 में बढ़कर 3.30 प्रतिशत हो गई है।फ्यूल और लाइट कैटेगरी में महंगाई दर फरवरी में 1.33 प्रतिशत से बढ़कर मार्च में 1.48 प्रतिशत हो गई, जिसमें ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्र शामिल हैं।शिक्षा से जुड़ी महंगाई दर में मार्च में 3.98 प्रतिशत का इजाफा देखने को मिला है, जो कि इससे पहले के महीने में 3.83 प्रतिशत थी। खुदरा महंगाई दर वित्त वर्ष 2024-25 में कम होकर 4.6 प्रतिशत हो गई है। यह वित्त वर्ष 2018-19 के बाद महंगाई का सबसे कम आंकड़ा है।

ऑस्ट्रेलिया में अदाणी का मास्टरस्ट्रोक, भारत बन रहा बाजार से मार्गदर्शक

नई दिल्ली। भारत के सबसे बड़े पोर्ट ऑपरेटर अदाणी पोर्ट्स ने ऑस्ट्रेलिया के नॉर्थ क्वींसलैंड एक्सपोर्ट टर्मिनल को वापस अपने नियंत्रण में लेकर भू-राजनीतिक और आर्थिक गलियारों में एक बड़ा रणनीतिक कदम उठाया है। 2.4 अरब अमेरिकी डॉलर का यह सौदा सीधे तौर पर नकद लेनदेन पर आधारित नहीं है, बल्कि अदाणी समूह की कंपनियों द्वारा कारमाइकल रेल और पोर्ट सिंगापुर होल्डिंग्स को 14.35 करोड़ नए शेयर जारी किए जाएंगे, जिससे प्रमोटर की हिस्सेदारी में 2.12त्न की वृद्धि होगी। यह अधिग्रहण महज एक व्यावसायिक सौदा नहीं है, बल्कि वैश्विक व्यापार परिदृश्य में भारत की बढ़ती रणनीतिक दूरदर्शिता का प्रमाण है। ऑस्ट्रेलिया के उत्तरी भाग में स्थित यह बंदरगाह भारत के लिए पश्चिम से पूर्व तक व्यापार मार्गों में प्रवेश का एक महत्वपूर्ण प्रवेश द्वार साबित हो सकता है। इस बंदरगाह से होने वाले 90त्न कार्गो का सीधा संबंध एशियाई देशों, विशेषकर भारत और चीन से है। यह पावर प्ले अदाणी समूह की वैश्विक विस्तार की रणनीति में पूरी तरह फिट बैठता है। बोवेन और गैलीली कोल माइंस से सीधी कनेक्टिविटी के कारण यह ऊर्जा और संसाधनों की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करता है। भविष्य में, यही टर्मिनल ग्रीन हाइड्रोजन जैसे स्वच्छ ईंधनों के निर्यात में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है।

आज के दौर में बंदरगाह केवल जहाजों के ठहरने की जगह नहीं रह गए हैं, बल्कि वे भू-राजनीतिक और आर्थिक शक्ति के नए केंद्र के रूप में उभरे हैं। ब्लैकरॉक जैसी वैश्विक दिग्गज कंपनियों का पनामा और अन्य महत्वपूर्ण बंदरगाहों में भारी निवेश इस बात का स्पष्ट संकेत है कि बंदरगाहों पर नियंत्रण भविष्य की शक्ति का निर्धारण करेगा। अदाणी पोर्ट्स का यह कदम भारत को इसी शक्ति के केंद्र में स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है।

गौरतलब है कि नॉर्थ क्वींसलैंड एक्सपोर्ट टर्मिनल पहले भी अदाणी समूह के स्वामित्व में था, जिसे 2011 में खरीदा गया था और 2013 में घरेलू विस्तार पर ध्यान केंद्रित करने के लिए प्रमोटर को हस्तांतरित कर दिया गया था। अब, जब भारत की वैश्विक ताकत कई गुना बढ़ चुकी है, कंपनी न केवल इस पोर्ट को वापस ले रही है, बल्कि रणनीतिक रूप से इसे और मजबूत कर रही है। क्षेत्रीय स्तर पर एक समझदारी भरा मूल्यांकन इस सौदे को और भी महत्वपूर्ण बनाता है। इस अधिग्रहण के साथ, अदाणी पोर्ट्स के पास अब कुल 19 बंदरगाह होंगे।

राजस्थान रॉयल्स पर लगा मैच फिक्सिंग का गंभीर आरोप

नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग के मौजूदा 18वें सीजन के बीच एक बड़ा बवाल खड़ा हो गया है. 2008 की चैंपियन और 2022 सीजन की रनर-अप राजस्थान रॉयल्स की टीम पर आईपीएल 2025 में मैच फिक्सिंग के गंभीर आरोप लगे हैं। राजस्थान रॉयल्स की टीम 19 अप्रैल को अपने होम ग्राउंड सवाई मानसिंह स्टेडियम, जयुपर में लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ आखिरी ओवर में 9 रन नहीं बना पाई और 2 रन से मैच हार गई. इस करीबी हार के बाद, राजस्थान रॉयल्स की टीम पर राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन की तदर्थ समिति के संयोजक जयदीप बिहानी ने मैच फिक्सिंग का आरोप लगाया है। श्रीगंगानगर से भाजपा विधायक और आरसीए की तदर्थ समिति के संयोजक जयदीप बिहानी ने कहा, लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ राजस्थान रॉयल्स का मैच फिक्स था. आखिरी ओवर में 9 रन बनाना आसान है वो भी तब जब हाथ में 6 विकेट हों. मैं मांग करता हूं कि इस मैच की उच्च स्तरीय जांच होनी चाहिए और जो भी रिपोर्ट आए उसे सार्वजनिक किया जाना चाहिए. बता दें कि, इस मैच में लखनऊ ने पहले बल्लेबाजी करते हुए राजस्थान को 181 रन का लक्ष्य दिया था. रन चेज़ के दौरान एक समय पर आरआर का स्कोर (156/2) पर था. यशस्वी जायसवाल और स्टैंड-इन कप्तान रियान पराग क्रीज पर थे. राजस्थान को जीत के लिए 18 गेंदों पर 25 रन चाहिए थे, लेकिन फिर लखनऊ के तेज गेंदबाज आवेश खान ने जायसवाल और पराग को आउट कर दिया. आखिरी ओवर में जीत के लिए राजस्थान को 9 रन की दरकार थी. लेकिन, विकेटकीपर-बल्लेबाज ध्रुव जुरेल, शिमरोन हेटमायर और शुभम दुबे 9 रन बनाने में विफल रहे। राजस्थान रॉयल्स की टीम फिलहाल 8 मैचों में 6 हार और 2 जीत के साथ प्वाइंट्स टेबल में 8वें स्थान पर है. उनका अगला मैच 24 अप्रैल को एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम, बेंगलुरु में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ है. इस मैच से पहले ही राजस्थान रॉयल्स की टीम पर गंभीर आरोप लगे हैं. जिससे पूरी टीम सवालों के घेरे में आ गई है।

भारतीय शूटर सिमरनप्रीत कौर ने जीता सिल्वर मेडल

नई दिल्ली। स्टार शूटर सिमरनप्रीत कौर बरार ने अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ विश्व कप सर्किट के दूसरे चरण के अंतिम दिन पेरू के लीमा में महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में शानदार सिल्वर मेडल जीतकर भारत के लिए पहला सीनियर अंतरराष्ट्रीय पदक जीता. वहीं, डबल ओलंपिक मेडलिस्ट मनु भाकर को चौथे स्थान से संतोष करना पड़ा। सिमरनप्रीत ने पांच रैपिड-फायर शॉट्स के 10-सीरीज के फाइनल में कुल 33 हिट लगाए, जो चीन की सुन युजी से एक हिट पीछे रहे, जिन्होंने इस स्पर्धा में लगातार दो वर्ल्ड कप गोल्ड जीते हैं. दूसरी चीनी खिलाड़ी याओ कियानक्सुन ने 29 हिट के साथ ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम किया. यह प्रतियोगिता में भारत का चौथा रजत था, जिसके साथ 2 स्वर्ण और 1 कांस्य भी था। पहली सीरीज के बाद ही चीन की खिलाड़ी शीर्ष पर पहुंच गईं जबकि भारतीय निशानेबाजों ने दूसरी सीरीज से ही अपनी लय हासिल कर ली. छठी सीरीज में मनु और सिमरनप्रीत दोनों ने पांच-पांच शॉट लगाए जबकि ईशा ने चार निशाने लगाए। इसके बाद मनु, ईशा और जर्मनी की डोरेन वेनकेम्प के बीच शूट ऑफ हुआ. ईशा सबसे पहले बाहर हो गईं. इसके बाद मनु ने दूसरे शूट ऑफ में डोरेन को पछाड़कर शीर्ष चार में जगह बनाई. मनु हालांकि अगली सीरीज के बाद एक अंक से पिछड़कर बाहर हो गईं। इससे पहले, डबल ओलंपिक मेडलिस्ट मनु भाकर, मिक्सड टीम पिस्टल विश्व चैंपियन ईशा सिंह और सिमरनप्रीत की भारतीय तिकड़ी ने फाइनल में जगह बनाई. मनु 585 प्वाइंट्स के साथ क्वालीफाइंग में दूसरे स्थान पर रहीं, जबकि सिमरनप्रीत 580 अंकों के साथ 5वें स्थान पर रहीं. पिछले अर्जेंटीना विश्व कप में इस स्पर्धा में सिल्वर मेडल जीतने वाली ईशा सिंह ने 575 प्वाइंट्स हासिल कर 8वां और अंतिम क्वालीफाइंग स्थान हासिल किया।

बाल श्रम के विरुद्ध कड़ा एक्शन : डॉ. वर्णिका शर्मा ने दिए प्रदेशव्यापी छापेमारी अभियान के निर्देश

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की नव नियुक्त अध्यक्ष डॉ. वर्णिका शर्मा ने अपने कार्यभार ग्रहण के दूसरे ही दिन बाल श्रम की रोकथाम को लेकर सख्त रुख अपनाते हुए प्रदेशभर में व्यापक छापेमारी अभियान के निर्देश जारी किए हैं। डॉ. शर्मा ने श्रम विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, सभी जिलों के कलेक्टर्स एवं पुलिस अधीक्षकों को आठ बिंदुओं पर आधारित सुनियोजित और कठोर कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि

बाल श्रम का उन्मूलन एक दिवस की प्रक्रिया नहीं, बल्कि एक सतत अभियान है, जिसे निरंतरता से संचालित किया जाना चाहिए। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े के बाल अधिकारों की सुरक्षा को लेकर प्रतिबद्ध दृष्टिकोण के अनुरूप, यह पहल राज्य में बाल श्रम उन्मूलन की दिशा में निर्णायक कदम के रूप में देखी जा रही है।

प्रभावित परिवारों को समुचित और त्वरित सहायता मिले

बाल श्रम के मूल कारणों को ध्यान में रखते हुए, उन्होंने यह भी निर्देशित किया है कि बचाए गए बालकों के परिवारों को तत्काल रोजगार उपलब्ध कराया जाए। इसके लिए जिला कलेक्टोरेट स्तर पर 'एकल खिड़की व्यवस्था' स्थापित करने की सिफारिश की गई है, जिससे प्रभावित परिवारों को समुचित और त्वरित सहायता दी जा सके। डॉ. शर्मा के यह निर्देश मुख्यमंत्री श्री साय एवं मंत्री श्रीमती राजवाड़े की मंशा के अनुरूप बाल अधिकारों की रक्षा की दिशा में एक प्रभावी और दूरदर्शी कदम माने जा रहे हैं।

डॉ. शर्मा ने निर्देश दिए हैं कि अप्रैल 2025 से प्रारंभ होकर प्रत्येक तीन माह में सात दिवसीय प्रदेशव्यापी छापामारी अभियान चलाया जाए। इस कार्यवाही में जिला बाल संरक्षण इकाई, पुलिस प्रशासन और संबंधित थाना क्षेत्रों की भागीदारी से विशेष दलों का गठन किया जाएगा। अभियान के दौरान पाए गए बाल श्रमिकों को तत्काल आवश्यकतानुसार बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि इन कार्यवाहियों के दौरान राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर जारी मानक संचालन प्रक्रियाओं का पूरी तरह पालन किया जाए। अंतर्राष्ट्रीय बाल श्रम प्रतिषेध दिवस (12 जून 2025) को सार्थक बनाते हुए, प्रत्येक जिले में जिला कलेक्टर के समक्ष श्रम विभाग द्वारा बाल श्रम की स्थिति पर रिपोर्ट प्रस्तुत की जाएगी। आम नागरिकों की सहभागिता को बढ़ाने के लिए, डॉ. शर्मा ने श्रम विभाग के अंतर्गत टोल फ्री नंबर की स्थापना और उसके सक्रिय संचालन की अनुशंसा की है, जिससे बाल श्रम संबंधी सूचनाएं त्वरित रूप से प्राप्त की जा सकें।

संक्षिप्त खबरें

धारदार हथियार से पत्नी को उतारा मौत के घाट, आरोपी गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। चंद्राकर मोहल्ला मधुबन कालोनी में एक युवक ने अपनी पत्नी की हत्या कर दी। मामले में राजेन्द्र नगर पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लिया है। मिली जानकारी के अनुसार चंद्राकर मोहल्ला मधुबन कालोनी में रहने वाला आरोपी भुनेश्वर साहू 35 वर्ष ने अपनी पत्नी मथुरा बाई साहू के चरित्र पर संदेह कर धारदार हथियार से हमला कर हत्या कर दी। मामले में राजेन्द्र नगर पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है।

शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म

रायपुर/नवप्रदेश। गोंदवारा में शादी का प्रलोभन देकर युवती से दुष्कर्म करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थिया की शिकायत पर खमतराई पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार पुरानी बस्ती निवासी 28 वर्षीय प्रार्थिया ने खमतराई थाना में शिकायत किया कि आरोपी अजय मौर्या 27 वर्ष ने प्रार्थिया को शादी का झांसा देकर गोंदवारा ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। फिर शादी से इंकार कर दिया। प्रार्थिया की शिकायत पर खमतराई पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

रायपुर/नवप्रदेश। ग्राम मजीठा में एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक को टक्कर मार दिया। जिससे बाइक सवार युवक की मौत हो गई। मामले में खरोरा पुलिस ने आरोपी ट्रैक्टर चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक डागेश्वर वर्मा 20 वर्ष ग्राम करमा का रहने वाला था। बताया जाता है कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 केटी 4739 से कहीं जा रहा था, तभी ग्राम मजीठा खरोरा के पास ट्रैक्टर क्रमांक सीजी 04 एनटी 5969 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक को टक्कर मार दिया। जिससे बाइक सवार डागेश्वर की मौत हो गई। मामले में खरोरा पुलिस ने ट्रैक्टर चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

लाखों रुपए का चना लेकर ट्रक चालक फरार

रायपुर/नवप्रदेश। लाखों रुपए का चना लेकर ट्रक चालक फरार हो गया। प्रार्थी की शिकायत पर विधानसभा पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ अमानत में ख्यानत का मामला दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी संतोष राजपाल 33 वर्ष ग्राम जरौदा विधानसभा का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि उसके एच एण्ड एस फ्रुटस ग्राम जरौदा के गोदाम से ट्रक क्रमांक एचपी 63 एफ 6338 के चालक ने 383 नग फूटा चना के बैग लोड कर प्रतापगढ़ यूपी के लिए रवाना हुआ था, जो आज तक अपने गंतव्य स्थान पर नहीं पहुंच पाया है। जिससे प्रार्थी को 8 लाख 54 हजार 240 रुपए का नुकसान हुआ है। प्रार्थी की शिकायत पर विधानसभा पुलिस ने आरोपी ट्रक चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

गांजा के साथ दो युवक गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। टिकरापारा पुलिस ने नया बस स्टेण्ड भाठागांव के पीछे दबिश देकर गांजा के साथ दो युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 10 किलो गांजा जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार टिकरापारा पुलिस ने नया बस स्टेण्ड भाठागांव के पीछे दबिश देकर आरोपी जैद कुरैशी 27 वर्ष और शेख रिजवान 21 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन दोनों के पास से बैग में रखे 10 किलो गांजा जब्त किया है। जिसकी कीमत करीब 1 लाख 10 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

गरियाबंद के इस गांव में 20 दिन में 16 आत्महत्या के प्रयास

गरियाबंद/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले के इंदागांव में आत्महत्या के बढ़ते मामलों ने चिंता बढ़ा दी है। यहां बीते 1 महीने में महज 20 दिन के अंदर 16 लोगों ने आत्महत्या का प्रयास किया, जिनमें से 3 की मौत हो चुकी है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए रायपुर से विशेषज्ञों की एक टीम गरियाबंद के इंदागांव गांव पहुंची।

छह सदस्यीय इस टीम में मनोरोग चिकित्सक, सामाजिक विशेषज्ञ और महामारी विभाग के डॉक्टर शामिल हैं। डॉक्टर संदीप अग्रवाल को प्रमुख जांच अधिकारी बना गया है। साथ ही विशेषज्ञ राजेंद्र बीनकर भी मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री ने लोक निर्माण विभाग के कार्यों की समीक्षा की

तेजी के साथ गुणवत्तापूर्ण काम को दें अंजामः सीएम साय

- नए विधानसभा भवन में सिविल एवं विद्युत यांत्रिकी का 95 प्रतिशत काम पूरा
- प्रमुख सड़कों पर तेज और सुरक्षित यातायात पर जोर
- एआई और नवीन तकनीकों के उपयोग से खराब सड़कों के त्वरित चिन्हांकन व मरम्मत के दिए निर्देश

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने मंगलवार को लोक निर्माण विभाग के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने मंत्रालय (महानदी भवन) में आयोजित समीक्षा बैठक में विभागीय अधिकारियों को तेजी से कार्य करते हुए अच्छी गुणवत्ता के साथ समय-सीमा में सड़कों, पुल-पुलियों एवं भवनों के काम पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने राष्ट्रीय राजमार्गों और प्रमुख सड़कों पर तेज और सुरक्षित यातायात पर जोर दिया। उन्होंने एआई और नवीन तकनीकों के उपयोग से खराब सड़कों के त्वरित चिन्हांकन व मरम्मत के निर्देश दिए। उप मुख्यमंत्री तथा लोक निर्माण मंत्री श्री अरूण साव और मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध सिंह भी समीक्षा बैठक में शामिल हुए।

एक्सप्रेस-वे की तर्ज पर विकसित करने के निर्देश

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने बैठक में सड़कों और पुल-पुलियों के काम आगामी पांच साल की कार्ययोजना को ध्यान में रखते हुए त्वरित गति से पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने सड़कों और वृहद पुलों के कार्यों को भू-अर्जन के बाद डेढ़-दो वर्षों में अनिवार्यतः पूर्ण करने को कहा। उन्होंने शहरों के नजदीक बनने वाले बाइपास और रिंगरोड में पर्याप्त संख्या में ओव्हरब्रिजों और अण्डरब्रिजों का निर्माण करते हुए इन्हें एक्सप्रेस-वे की तर्ज पर विकसित करने के निर्देश दिए। इससे यातायात तेज और सुरक्षित होगा। मुख्यमंत्रीसाय ने भारतमाला परियोजना के तहत रायपुर को विशाखापट्नम से जोड़ने बन रहे एक्सप्रेस-वे से रायपुर-जगदलपुर राष्ट्रीय राजमार्ग को जोड़ने अच्छी गुणवत्ता के कनेक्टिंग-रोड्स बनाने के निर्देश दिए, ताकि इस एक्सप्रेस-वे का अधिक से अधिक लाभ राज्य के लोगों को मिल सके।

सभी बड़ी एवं महत्वपूर्ण परियोजनाओं के लिए एक-एक डेडीकेटेड

मुख्यमंत्री ने प्रदेश में निर्माणाधीन राष्ट्रीय राजमार्गों की प्रगति की समीक्षा करते हुए सभी बड़ी एवं महत्वपूर्ण परियोजनाओं के लिए एक-एक डेडीकेटेड (Dedicated) वरिष्ठ अधिकारी नामांकित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कार्यों में तेजी लाने एनएचएआई (NHI) के साथ बेहतर समन्वय बनाकर काम करने को कहा।

उन्होंने आगामी तीन वर्षों में 30 हजार करोड़ रूपए के सड़क विकास के कार्यों को पूर्ण करने के लक्ष्य के साथ काम करने को कहा। उन्होंने नए बजट में प्रावधानित कार्यों की प्राथमिकता तय करते हुए शीघ्र ही उनके इस्टीमेट (Estimate), डीपीआर और टेण्डर की कार्यवाही पूर्ण करते हुए कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिए।

साय ने पुल-पुलियों के रखरखाव एवं मरम्मत की प्रभावी व्यवस्था बनाने को भी कहा। उन्होंने इसके लिए आवश्यक प्रोटोकाल तैयार कर कड़ाई से अमल करने को कहा। उन्होंने एआई और नवीन तकनीकों के उपयोग से खराब सड़कों की तुरंत पहचान के लिए सिस्टम तैयार करने को कहा। इससे सड़कों के संधारण एवं त्वरित मरम्मत में मदद मिलेगी। उन्होंने खदान क्षेत्रों में सड़कों के मजबूतीकरण पर जोर दिया।

सरकारी कार्यालयों ने नहीं पटाया 140 करोड़ रुपए का बिजली बिल

जगदलपुर/नवप्रदेश। बस्तर संभाग में बिजली विभाग के सामने भारी बकाया राशि एक बड़ी चुनौती बनकर उभरी है। संभाग के शासकीय और निजी संस्थानों पर कुल 201 करोड़ रुपये का बिजली बिल बकाया है, जिसे अब तक जमा नहीं किया गया है। इसको लेकर बिजली विभाग ने अब सख्त रुख अपनाते हुए चरणबद्ध तरीके से डिफॉल्टर उपभोक्ताओं के कनेक्शन काटने की कार्रवाई शुरू कर दी है।

सबसे ज्यादा 140 करोड़ रुपये है बकाया

सीएसईबी के अधिकारी सहदेव ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया कि बकायादारों को समय-समय पर नोटिस जारी किए गए थे, लेकिन भुगतान की प्रक्रिया बेहद धीमी रही। आंकड़ों के मुताबिक, शासकीय विभागों पर सबसे ज्यादा 140 करोड़ रुपये, जबकि निजी संस्थानों पर 61 करोड़ रुपये का बिल बाकी है। शासकीय विभागों की ओर से यह दलील दी जा रही है कि उन्हें बजट की स्वीकृति मार्च के बाद ही मिलती है, इसलिए समय पर भुगतान नहीं हो पा रहा। हालांकि, शासन स्तर से सभी विभागों को सख्त निर्देश दिए गए हैं कि वे तत्काल बिजली बिलों का भुगतान सुनिश्चित करें।

कई विभागों को अंतिम चेतावनी भी दी जा चुकी है। दूसरी ओर, निजी संस्थानों की बात करें तो इनमें प्राइवेट स्कूल, अस्पताल, फैक्ट्रियां और अन्य व्यावसायिक इकाइयां शामिल हैं, जिन पर भी बड़ी मात्रा में बिजली बिल बकाया है। विभाग का स्पष्ट कहना है कि अब किसी को भी ढील नहीं दी जाएगी, चाहे सरकारी संस्था हो या निजी, यदि समय पर भुगतान नहीं किया गया तो बिजली आपूर्ति काट दी जाएगी। विभाग की इस सख्त कार्रवाई का असर आने वाले दिनों में बस्तर संभाग की सरकारी और निजी सेवाओं पर साफ नजर आ सकता है।

डॉ. भारती अग्रवाल को मिला अक्षर शिल्पी सम्मान

नवापारा राजिम। प्रदेश की अग्रणी सामाजिक संस्था वक्ता मंच द्वारा 20 अप्रैल को राजधानी के वृन्दावन सभागृह में प्रदेश के 100 रचनाकारों का सम्मान किया गया। वक्ता मंच द्वारा विगत 31 वर्षो से प्रतिवर्ष आयोजित की जानेवाली इस सम्मान श्रृंखला के तहत अब तक प्रदेश के 5000 से अधिक रचनाकारों को प्रोत्साहित किया जा चुका है। आज के आयोजन में यतीश श्रीवास्तव, एम राजीव, खेमेश्वर पुरी गोस्वामी, शिव शंकर सोनपिपरे, शुभा शुक्ला 'निशा' एवं पी के त्रिपाठी के आतिथ्य में कार्यक्रम संपन्न हुआ। अतिथियों ने अपने उद्बोधन में कहा कि साहित्यकारों को राष्ट्र को सार्थक दिशा देनेवाला लेखन करना चाहिए। भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में साहित्यकारों की महत्वपूर्ण भूमिका रही थी । उस दौर के लेखकों ने अपनी लेखनी से आम जनता में राष्ट्रीयता की भावना का संचार किया था। मुंशी प्रेमचंद ने उस वक्त कहा था कि साहित्य राजनीति के आगे चलने वाली मशाल है। आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी ने स्पष्ट लिखा है - मुर्दा है वह देश जहां साहित्य नहीं है। इसलिए वर्तमान पीढ़ी के कलमकारों को समाज में उपस्थित चुनौतियों एवं विसंगतियों पर जमकर कलम चलानी चाहिए। सम्मानित हो रहे रचनाकारों ने कहा कि छत्तीसगढ़ में गांव गांव में उत्कृष्ट साहित्य लिखा जा रहा है। लेकिन सुविधाओं से वंचित गरीब ग्रामीण रचनाकारों की पहुंच मंच, प्रकाशन व पुरस्कारों तक नहीं बन पाती। प्रतिभाशाली ग्रामीण रचनाकारों को आगे बढ़ाने वक्ता मंच द्वारा जारी प्रयास स्तुत्य है। समारोह में काव्य पाठ भी रखा गया था। इसमें सम्मानित हो रहे रचनाकारों ने हिंदी व छत्तीसगढ़ी भाषाओं में उत्कृष्ट काव्य पाठ कर तालियां बटोरी। समारोह के अंत में अतिथियों द्वारा सम्मान पत्र व मैडल प्रदान कर 100 रचनाकारों का सम्मान किया गया। इसी कड़ी में शास. उच्च. माध्य. शाला गोंडपारा अभनपुर में पदस्थ डॉ. भारती अग्रवाल को अक्षर शिल्पी सम्मान से नवाजा गया। डॉ भारती अग्रवाल एक प्राचार्य के साथ -साथ सामाजिक कार्यकर्ता भी है साथ ही हिंदी और छत्तीसगढ़ी भाषा में रचनाकार भी है।

लगभग 10 साझा पुस्तक छप चुकी हैं इसमें से दो पुस्तकों के लिए गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड का सम्मान भी मिल चुका है।आज के सम्मान समारोह में रायपुर, दुर्ग, बलौदाबाजार, बेमेतरा, कवर्धा, जगदलपुर, कांकेर, बिलासपुर, महासमुंद, धमतरी, गरियाबंद, रायगढ़ जिलों से आये रचनाकारों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में टीम वक्ता मंच की ओर से राजेश पराते, शुभम साहू, ज्योति शुक्ला, मनीष अवस्थी, धनेश्वरी नारंग, दुष्यंत साहू, राजा राम रसिक, पूर्णेश डडसेना, उमा स्वामी, राहुल सोनकलिहारी, आदि।

सफेद टाईगर 'आकाश' की हार्ट अटैक से मौत, वन्यप्रेमियों में मायूसी

बिलासपुर/नवप्रदेश। बिलासपुर के कानन पेंडारी चिड़ियाघर से एक दुखद खबर सामने आई है, जहां सफेद टाईगर'आकाश' की सोमवार सुबह अचानक मौत हो गई। चिड़ियाघर प्रबंधन के अनुसार, शेर की असमय मृत्यु का कारण कार्डियक अरेस्ट (दिल का दौरा) बताया गया है। जू कीपर सुबह जब पिंजड़े की सफाई के लिए पहुंचा और शेर पर पानी डाला, तो उसने देखा कि आकाश में कोई हरकत नहीं हो रही है। तत्काल इसकी जानकारी अधिकारियों को दी गई, जिसके बाद वन्य प्राणी चिकित्सक डॉ. पीके चंदन मौके पर पहुंचे। जांच के बाद उन्होंने शेर को मृत घोषित किया। मृत्यु के कारणों की पुष्टि के लिए पोस्टमार्टम कराया गया, जिसमें हार्ट अटैक को ही मौत की वजह बताया गया। इसके बाद शेर का अंतिम संस्कार चिड़ियाघर प्रबंधन की निगरानी में किया गया। सफेद

शेर आकाश कानन पेंडारी जू का प्रमुख आकर्षण था और सैकड़ों पर्यटकों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बना हुआ था। उसकी मौत से वन्यप्रेमियों में शोक की लहर है। आकाश की मौत के बाद चिड़ियाघर में सफेद टाइगरों की संख्या फिर से तीन रह गई है। कुछ समय पहले ही ग्वालियर जू से एक सफेद शेर लाया गया था, जिससे संख्या चार हो गई थी। लेकिन अब आकाश की विदाई से यह संख्या घटकर फिर से तीन हो गई है।

सफेद शेरों की संख्या फिर तीन हुई

बता दें कि आकाश की मौत से कानन पेंडारी चिड़ियाघर में वर्तमान में सफेद शेरों की संख्या फिर से तीन हो गई है। हाल ही में ग्वालियर जू से एक नया सफेद शेर लाया गया था, जिससे कुल संख्या चार हो गई थी। लेकिन अब आकाश की मौत से संख्या फिर से तीन पर पहुंच गई है।

वन्य जीवों की लगभग 70 प्रजातियां

कानन पेंडारी चिड़ियाघर लगभग 114।636 हेक्टेयर क्षेत्र में फैला हुआ है। यहां लगभग 70 प्रजातियों के वन्यजीव हैं, जिनमें सफेद बाघ, रॉयल बंगाल टाइगर, शेर, तेंदुआ, दरियाई घोड़ा, गैंडा, भालू, हिरण, इमू, शाही, विभिन्न पक्षी, मछलियाँ और सर्प शामिल हैं।

अपराध... | बैंक अधिकारियों को भनक तक नहीं लगी

केनरा बैंक के 111 म्यूल खाते से 87.60 करोड़ का ट्रांजेक्शन

भिलाई/नवप्रदेश। वैशाली नगर स्थित केनरा बैंक के वरिष्ठ प्रबंधक परमाल सिंह सींगोदिया की शिकायत पर पुलिस ने बैंक के म्यूल अकाउंट से 87.60 करोड़ के ट्रांजेक्शन के मामले में अपराध दर्ज किया है। इस बैंक के 111 म्यूल अकाउंट से बड़ी राशि का ट्रांजेक्शन किया गया है। पुलिस ने धारा 317 (2), 317 (4), 318 (4), 61 (2) (ए) के तहत अपराध दर्ज किया है।

पुलिस के साइबर एक्सपर्ट ने जांच शुरू

पुलिस के साइबर एक्सपर्ट ने जांच शुरू कर दी है। पुलिस को बताया गया है कि ट्रांजेक्शन 1 अप्रैल

2017 से 5 अप्रैल 2025 तक जारी रहा। 8 साल से बड़ी रकम म्यूल अकाउंट से ट्रांजेक्शन हुई है।

बैंक के वरिष्ठ प्रबंधक ने सतर्कता दिखाते हुए करीब 22 लाख की राशि को फ्रीज कर लिया है। वहीं शेष रकम खातों से निकाल ली गई। यहां सवाल उठता है कि लंबे समय से ट्रांजेक्शन होता रहा और बैंक के अधिकारियों को भनक नहीं लगी।

क्या होता है म्यूल अकाउंट

इसे मनी म्यूल अकाउंट भी कहा जाता है, एक बैंक खाता है जिसका इस्तेमाल साइबर अपराधी, पैसे को इधर-उधर करने या मनी लॉन्ड्रिंग के लिए करते हैं। आमतौर पर यह खाते किसी तीसरे व्यक्ति के नाम पर खोले जाते हैं, जो या तो इस बात से अनजान होते हैं कि उनके खाते का इस्तेमाल अवैध गतिविधियों के लिए किया जा रहा है, या फिर जानबूझकर ऐसा करते हैं। प्रबंधन ने शिकायत की है कि 111 यूल अकाउंट मिले हैं, जिसमें 87.60 करोड़ का ट्रांजेक्शन हुआ है। इसमें 20 लाख रुपए फ्रीज किया गया है। मामले में जांच की जा रही है।

महिला डॉक्टर की 7 साल तक अस्मत लूटता रहा एसडीओ, अपराध दर्ज

रायपुर/नवप्रदेश। पीएचई के सब डिवीजनल ऑफिसर ने मेडिकल छात्रा से पहले दोस्ती की। इसके बाद उससे प्यार करने और शादी करने का वादा कर दुष्कर्म किया। लगातार सात साल तक वह शारीरिक संबंध बनाते रहा। इस दौरान युवती प्रेग्नेंट हुई तो अबॉर्शन भी कराया। फिर उसे धोखे में रखकर दूसरी युवती से शादी तय कर ली। इसकी जानकारी मिलने पर महिला डॉक्टर ने एसडीओ के खिलाफ रेप का केस दर्ज कराया है। मामला सिविल लाइन थाना क्षेत्र का है। अज्ञेय नगर निवासी नमित कोसरिया पीएचई में एसडीओ है। उसकी पोस्टिंग जांजगीर-चांपा जिले में है। मेडिकल कॉलेज की 22 साल की छात्रा से नमित की दोस्ती थी, तब वह पढ़ाई कर रही थी। साल 2018 में नमित ने उससे प्यार का इजहार किया और उसके साथ शादी करने का वादा किया, तब नमित प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहा था। युवती ने पुलिस को बताया कि नवंबर 2019 में शाम करीब 5 बजे नमित उससे मिलने पहुंचा। वहां से अपने अज्ञेय नगर स्थित घर ले गया। नमित ने डॉक्टर को शादी का झांसा देकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाया। इसके बाद यह सिलसिला कई दिनों तक चला। तब नमित पीएचई में एसडीओ बन गया था। युवती ने पुलिस को बताया कि नमित सात साल से उसके साथ रिलेशन में था। हर साल वह अपना बर्थ-डे उसके साथ ही बिलासपुर में मनाता था।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा, मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर तृतीय तल, सुपर मार्केट कॉम्पेक्स, राजा रघुराज सिंह स्टेडियम के सामने अग्रसेन चौक, बिलासपुर से प्रकाशित, RNI NO.CHHHIN/2015/62431 संपादक-चन्द्रशेखर धोटे *(पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए उत्तरदायी), स्थानीय संपादक-विक्रम सिंह ठाकुर, फोन नंबर : 07752-468654, navpradeshbilaspur01@gmail.com